सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-335 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 30 मई 2025
02 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे : प्रधानमंत्री

## पीएम मोदी ने बंगाल के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों को 1,010 करोड़ की दी सौगात

- बंगाल में पीएम मोदी ने भरी हुंकार
- हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया, जिसकी पाक ने कल्पना तक नहीं की थी



### पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है

उन्होंने कहा, जब सीधा युद्ध लड़ा जाता है, तब उसकी हार तय होती है, उसकी पराजय निश्चित होती है। यही कारण है कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों का सहारा लेती है। पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया है कि अगर अब भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो दुश्मन को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हे। बंगाल की इस धरती से ये 140 करोड़ भारतीयों का एलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों को 1,010 करोड़ रुपये की सौगात दी।

उन्होंने यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखी। इससे 2.5 लाख से अधिक घरों के साथ-साथ वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराना है। योजना के तहत न्यूनतम कार्य कार्यक्रम लक्ष्यों के अनुसार लगभग 19 संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। इससे विश्वसनीय, पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी ईंधन आपूर्ति की उम्मीद है। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। यहां लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान के दुस्साहसों का जिक्र किया। उन्होंने बतायास कि कैसे भारत ने तीन पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर मारा। उन्होंने कहा, 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता की, उसके बाद पश्चिम बंगाल में भी बहुत गुस्सा था। आपके भीतर जो आक्रोश था, आपका जो गुस्सा था, उसको मैं भलीभांति समझता था। आतंकवादियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया।

## तीन नए न्यायाधीश की नियुक्ति, केंद्र ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली।** तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति ए एस ओका के सेवानिवृत्त होने के बाद शीर्ष अदालत में तीन पद खाली हो गए थे। अहमदाबाद के मांडवी-कच्छ में 23 मार्च, 1965 को वकीलों के परिवार में जन्मे न्यायमूर्ति अंजारिया ने अहमदाबाद के एच एल कॉलेज ऑफ कॉमर्स से स्नातक और वर्ष 1988 में सर एल ए शाह लॉ कॉलेज से एलएलबी की उपाधि हासिल की। वर्ष 1989 में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, अहमदाबाद से कानून में स्नातक स्नातकोत्तर की। उनके पिता भी न्यायपालिका में थे। उन्होंने अगस्त 1988 से वरिष्ठ अधिवक्ता एस एन शेलत के चैंबर में शामिल होकर गुजरात उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की।

### पाकिस्तान को आतंकवाद की भारी कीमत चुकानी होगी, रक्षामंत्री की दो टूक

# पीओके एक दिन हमारा होकर ही रहेगा : राजनाथ सिंह

- सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में शामिल हुए रक्षामंत्री



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ-साफ कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर एक दिन हमारा होकर ही रहेगा। पाकिस्तान से सिर्फ आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी। पीओके के लोग हमारे अपने ही है। पीओके एक दिन खुद कहेगा कि हम भारत का हिस्सा है। रही बात आतंकवाद की तो अब भारत इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने कहा, आपने देखा कि कैसे हमने पहले आतंकी ठिकानों को नष्ट किया और फिर दुश्मन के सैन्य ठिकानों और एयरबेसों को। करने को हम कुछ और भी कर सकते थे, लेकिन हमने दुनिया के सामने शक्ति और संयम के समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। राजनाथ सिंह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है। हर जगह संघर्ष चल रहा है। इसका मुख्य कारण भरोसे की कमी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में पूरे देश के लोगों ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो गया है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

# विकृत लोग सजा माफी के हकदार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी डॉक्टर की याचिका खारिज**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सात साल की बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी डॉक्टर को राहत देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर की याचिका खारिज करते हुए कहा कि विकृत लोग सजा माफी के हकदार नहीं हैं। आरोपी डॉक्टर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उसकी सजा माफ करने की अपील की थी। डॉक्टर का तर्क है कि उसकी बेटी को सिखाया गया था और उसने झूठी गवाही दी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि आरोपी डॉक्टर को निचली अदालत ने दोषी माना है, ऐसे में उसे सजा माफी नहीं दी जा सकती। पीठ ने कहा कि बच्चे के साथ जो तुमने किया है, ऐसे में तुम राहत पाने के अधिकारी नहीं हो। बच्चे ने खुद बयान दिया है। वह एक विकृत व्यक्ति है और वह सजा माफी का हकदार नहीं है। पीठ ने कहा कि तुम अपनी बेटी के साथ ऐसा कैस कर सकते हो। बच्ची भी अपने पिता के खिलाफ गवाही क्यों देगी। वह एक छोटी बच्ची है, जो बार-बार पूछने के बाद भी अपने बयान पर कायम रही है। व्यक्ति शराब के नशे में राक्षस बन जाता है। हमें ये बात नहीं कहनी चाहिए, लेकिन हम बहुत उदार पीठ हैं और अगर हम जमानत नहीं दे रहे हैं तो इसकी कुछ वजह है। आरोपी के वकील ने दावा किया कि बच्ची को उसकी मां ने सिखाया है और मां के कहने पर बच्ची ने झूठी गवाही दी।

## लखनऊ में इनकम टैक्स आफिस में घमासान, असिस्टेंट कमिश्नर ने आईआरएस को पीटा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को हजरतगंज के नरही स्थित इनकम टैक्स के दफ्तर में आईआरएस गौरव गर्ग पर असिस्टेंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा ने हमला कर दिया। हमले में डिप्टी कमिश्नर गौरव गर्ग घायल हो गए। गौरव ने हजरतगंज पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस उन्हें लेकर सिविल अस्पताल पहुंची। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि आईआरएस का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर विवेचना की जाएगी। इनकम टैक्स दफ्तर के तृतीय तल पर आईआरएस के केबिन में बैठक चल रही थी। सूत्रों के मुताबिक इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि योगेंद्र मिश्र ने पानी का गिलास उठाकर गौरव गर्ग पर हमला कर दिया। इसके बाद बवाल बढ़ गया। बंद केबिन में दोनों अफसरों में मारपीट शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि गौरव गर्ग के नाक से खून बहने लगा। मामला गंभीर देख पुलिस उन्हें एंबुलेंस से सिविल अस्पताल ले गई, जहां उनका इलाज चल रहा है। गौरव गर्ग आईपीएस रवीना त्यागी के पति हैं।

# नौ साल बाद आईपीएल के फाइनल में आरसीबी, पंजाब किंग्स को हराया

- पंजाब के खराब प्रदर्शन से प्रीति के चेहरे पर छायी मायूसी
- सुयश-हेजलवुड को 3-3 विकेट सॉल्ट की फिफ्टी



**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2025 का पहला क्वालीफायर गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। पंजाब किंग्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 101 रन ही बना सकी। पंजाब के लिए मार्कस स्टायनिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए।

हालांकि, पंजाब के खराब प्रदर्शन को देखकर प्रीति जिन्टा भी मायूस हो गई। उधर, फैन्स अनुष्का शर्मा और प्रीति जिंटा का कंपैरिजन भी शुरू कर दिया है। एक्स पर एक यूजर ने लिखा है, 'आज का कॉम्पिटिशन अनुष्का शर्मा और प्रीति जिंटा की स्माइल के बीच होगा।' एक अन्य यूजर लिखती हैं, 'आप किसी को भी सपोर्ट करें, प्रीति जिंटा के लिए बुरा जरूर लगेगा। फिलहाल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलुरु को जीत के लिए 102 रनों का लक्ष्य रखा गया। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराते हुए नौ साल बाद फाइनल में अपनी जगह बना ली। दरअसल, 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस मुकाबले को जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाने के लिए जुट गई। इस दौरान मैदान में उतरे फिलिप साल्ट और विराट कोहली फॉम मे दिखाई पड़े। दोनों ही बल्लेबाजे लम्बे शॉट खेलने का प्रयास करने लगे। इसी बीच आरसीबी को विराट कोहली के आउट होने पर झटका लगा।

# अब किसान हो रहे जागरूक : योगी

- सीएम योगी ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैब के साथ ही लैंड पर भी जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान का यूपी में शुभारंभ किया। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा। इस अभियान के लिए सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार जताया। सीएम ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए पीएम मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है। इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इस अभिनव पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन (भौगोलिक, सामाजिक स्थिति) को देखेंगे और किसानों को अर्ली बीज व लेट वेरायटी का प्रोडक्शन पर क्या असर पड़ता है, इसकी भी जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। देश की कुल कृषि योग्य भूमि का 10-11 फीसदी हमारे पास है। इसी कृषि योग्य भूमि में यूपी का किसान 22-23 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन करता है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम, उत्पादक अधिक पर जोर नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।


## राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि जम्मू कश्मीर के पुंछ और पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित अन्य सभी इलाकों के लिए ठोस राहत एवं पुनर्वास पैकेज घोषित किया जाए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों पुंछ का दौरा कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की थी। गांधी ने पत्र में कहा, मैंने हाल ही में पुंछ का दौरा किया, जहां पाकिस्तानी गोलाबारी में 4 बच्चों सहित 14 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। इस अचानक और अंधाधुंध हमले ने आम इलाकों में भारी तबाही मचाई है। सैकड़ों घर, दुकानें, स्कूल और धार्मिक स्थल बुरी तरह तबाह हो गए हैं। उनके मुताबिक, कई पीड़ितों ने बताया कि उनकी वर्षों की मेहनत एक झटके में बर्बाद हो गई।

# अमेरिकी कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर लगाई रोक

**राष्ट्रपति अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ रहे, इकोनॉमी का हवाला देकर कुछ भी करना गलत**



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रोक लगा दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ लगाने की कोशिश की।

मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने ट्रम्प के इस कदम को गैर-कानूनी ठहराया। कोर्ट के तीन जजों की बेंच ने कहा कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ खास शक्तियां देता है, लेकिन कोर्ट ने माना कि ट्रम्प ने इसे बिना ठोस आधार के इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ट्रेड पार्टनर्स से इंपोर्ट पर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाया है। अमेरिकी संविधान संसद को दूसरे देशों के साथ केवल व्यापार को रेगुलेट करने का विशेषाधिकार देता है। इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रपति इकोनॉमी का हवाला देकर अपने इमरजेंसी पावर से कुछ भी करें। लिबर्टी जस्टिस सेंटर ने 5 छोटे अमेरिकी बिजनेसेज की ओर से मुकदमा दायर किया, जो इन टैरिफ की वजह से प्रभावित हो रहे थे।

### एलॉन मस्क ने ट्रंप प्रशासन से इस्तीफा दिया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में सलाहकार के तौर पर कार्य कर रहे एलॉन मस्क ने संघीय खर्च में कटौती और नौकरशाही में सुधार के प्रयासों के बाद पद छोड़ दिया है। एलॉन मस्क ने बुधवार शाम को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने हाल में संकेत दिया था कि अब वह अपनी कंपनी टेस्ला और 'स्पेसएक्स' के कारोबार पर ध्यान देंगे।

# सेवानिवृत्ति पर सीएपीएफ कर्मियों को मिलेगा एक रैंक ऊपर का मानद पद




**केंद्रीय गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स के उन कर्मियों को जो कांस्टेबल से सब-इंस्पेक्टर के पद तक हैं, सेवानिवृत्ति के दिन एक रैंक ऊपर का मानद पद दिया जाएगा। यह फैसला उन जवानों के आत्म-सम्मान, गौरव और मनोबल को बढ़ाने के लिए लिया गया है जो वर्षो तक देश की सेवा कर सेवानिवृत्त होते हैं। हालांकि, इस मानद रैंक के साथ कोई आर्थिक या पेंशन लाभ नहीं मिलेगा। गृह मंत्रालय ने बताया कि यह योजना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में लागू की गई है। इसका उद्देश्य सेवानिवृत्त होने वाले जवानों को सम्मानपूर्वक विदाई देना है। इस योजना के तहत कई बदलाव किए जाएंगे। यह सिर्फ सम्मान के रूप में दिया गया रैंक होगा। इसका उपयोग रिटायरमेंट पार्टी, प्रमाणपत्रों और सरकारी दस्तावेजों में किया जा सकेगा, लेकिन इससे किसी भी प्रकार का वेतन या पेंशन लाभ नहीं मिलेगा। मानद रैंक पाने के लिए कुछ शर्तें होंगी। जिसमें प्रमोशन के लिए सभी योग्यताएं पूरी करनी होंगी, इसके साथ सेवा रिकॉर्ड अच्छा और साफ-सुथरा होना चाहिए। वहीं पिछले पांच वर्षों का सालाना मूल्यांकन रिपोर्ट कम से कम अच्छा होना चाहिए, जबकि पिछले पांच सालों में कोई बड़ा अनुशासनात्मक दंड नहीं मिला हो और कर्मचारी की ईमानदारी पर कोई सवाल न हो।

**ऑपरेशन सिंदूर** पाकिस्तानी पीएम की शांति वार्ता पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

# आतंकियों को सौंपे और पीओके खाली करे : रणधीर

- पीओके खाली होने के बाद जम्मू-कश्मीर पर होगी बातचीत
- रणधीर जायसवाल ने दोहराई पीएम मोदी की बात



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर चले संघर्ष के दौरान भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते हैं।

वहीं विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, जहां तक पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों का सवाल है, हमारा रुख स्पष्ट है। सिर्फ दो पक्षों के ही बीच बातचीत होगी। हम दोहराना चाहेंगे कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्हें भारत को उन कुख्यात आतंकवादियों को सौंपना होगा, जिनके रिकॉर्ड और सूची हमने कुछ साल पहले उन्हें सौंपी थी। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा, जम्मू-कश्मीर पर बातचीत तभी होगी जब पीओके खाली हो जाएगा और पाकिस्तान हमें वह इलाका सौंप देगा। इसके साथ ही सिंधु जल संधि पर भी भारत का सख्त रुख रखतने हुए उन्होंने कहा- जहां तक सिंधु जल संधि का सवाल है, यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात को दोहराते हुए कहा आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। आतंक और व्यापार भी एक साथ नहीं हो सकते। और पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था भारत-पाकिस्तान सीजफायर के दौरान अमेरिका ने दोनों देशों के साथ व्यापार करने की बात कही थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के दौरान अमेरिका के साथ हमारी बातचीत में व्यापार या टैरिफ का मुद्दा उठाया ही नहीं गया था। किसी भी चर्चा में इसको लेकर कोई बात नहीं हुई। विदेश मंत्री पहले ही यह स्पष्ट कर चुके हैं कि संघर्ष विराम का निर्णय भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच सीधे संपर्क के माध्यम से लिया गया था। अमेरिकी सरकार की ओर से विदेशी छात्रों के वीजा इंटरव्यू पर रोक और नियमों को सख्त बनाए जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम मानते हैं कि वीजा जारी करना एक संप्रभु कार्य है, हम आशा करते हैं कि भारतीय छात्रों के आवेदनों पर योग्यता के आधार पर विचार किया जाना चाहिए।

### ईरान में लापता तीन भारतीयों को लेकर चिंतित

एक अलग विषय पर बोलते हुए जायसवाल ने बताया कि ईरान के तेहरान शहर में तीन भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं। उन्होंने कहा, तीनों भारतीय नागरिक कुछ समय पहले तेहरान पहुंचे थे, लेकिन अब उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है। हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और वे हमारी सहायता कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय इन तीनों नागरिकों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें हर संभव मदद दी जा रही है।

# डीएम ने कहा अवैध कट दोबारा खोलने पर होगी सख्त कार्रवाई



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** स?क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जानेए यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने जिला सक सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजनए संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड ;तृतीयद्ध के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र सीटबेल्टए हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर ज़ोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। बैठक में अब तक किए गए चालानों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट हैं वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। एआरटीओ ने प्रवर्तनए अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई।

बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हाईवे पर पूर्व में बंद किए गए अवैध कट को यदि किसी ने दोबारा खोलाए तो उसे चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर कई अहम निर्देश भी दिए गए बैठक में डीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषणए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों ;वनरेबल लोकेशनद्धए स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालनए सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मतध्गड्ढामुक्तिए कास ड्रेनेज वर्क ;पुलए पलियाए रपटा आदिद्ध एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाहीए विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चाए सकरेध्जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चाए शहरी क्षेत्र में चौराहेध्तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधारए सड़क सुरक्षाए एवं गुड समेरिटन श्लाए के प्रचार.प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

## इनकी रही मौजूदगी

बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमारए एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदीए ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादवए एआरएम रोडवेज लखीमपुरध्गोलाए डीआईओएस सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंसा ई.रिक्शाए गेटमैन व कर्मचारियों ने मौके पर चालक से लगवा डाली उठा.बैठक

**लखीमपुर.खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गोला रोड स्थित कृष्णा टॉकीज के पास बुधवार की शाम एक ई.रिक्शा रेलवे क्रॉसिंग के बीच फंस गया। इस पर वहां मौजूद स्टाफ ने चालक को खरी खोटी सुनाई और सजा के तौर पर सभी के सामने कान पकड़कर उठक बैठक लगवाई एक चालक ई.रिक्शा लेकर जा रहा था। गोला रोड पर कृष्णा टॉकीज के पास रेलवे क्रासिंग पार करते समय अचानक फाटक बंद हो गया। इससे वह फाटक के बीच फंस गया। यह देख वहां मौजूद लोगों में अफरा.तफरी मच गई। सूचना पाकर गेटमैन और रेलवे के कुछ अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि इसी बीच ट्रेन आ गई। हालांकि कोई हादसा नहीं हुआ। घटना से नाराज गेटमैन व कर्मचारियों ने मौके पर जुटी भीड़ के सामने ही एक शर्मनाक हरकत कर डाली चालक को फटकार लगाते हुए उससे कान पकड़कर सभी के सामने उठक बैठक लगवा डाली।

## सशक्त नारी ही प्रगतिशील समाज की आधारशिलाः जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** महिलाओं के सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए जिला प्रशासन एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अटल सभागार में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंहए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गईए वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज की प्रगति की सबसे बड़ी कुंजी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हैंए बल्कि उनके सामाजिक सम्मान को भी बढ़ावा दे रही हैं। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैंए तो पूरा परिवार और समाज नई दिशा प्राप्त करता है। उन्होंने सभी



महिलाओं को उत्साह और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को पाने का आह्वान किया। साथ हीए उन्होंने स्वयं सहायता समूह की दीदियों की प्रेरणादायक कहानियां सुनकर उनकी दिल से सराहना की।

## देश में समाजवादी पार्टी को तन मन धन से मजबूत करूंगाः आनन्द पटेल



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** आनन्द पटेल को समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय लोहिया भवन पर प्रथम आगमन पर उन्हें फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया स अपने स्वागत समारोह में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आनंद पटेल ने कहा कि जो पद मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सौंपा है उस पर पूरी तरह खरा उतरने का काम करूंगाए पूरे देश में समाजवादी पार्टी को तन मन धन से मजबूत करूंगा और उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए तन मन धन से संघर्ष करूंगा इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि उन्हें आशा व विश्वास है कि आनंद पटेल अपनी जिम्मेदारी को मजबूती से निभाएंगे लिएइस अवसर पर अनुराग पटेलए अंसार महलूदए रघुवीर सिंह यादवए यश मोहन पटेलए उत्तम वर्माए इसरार अहमदए यदुवेन्द्र वर्मा पम्मूए हरजीत सिंहए भूपेंद्र वर्माए उदय भान सिंह यादवए सुरेंद्र कुमार भंडारी यादवए संजीव वर्माए मदन गोपालए गुफरान अहमदए रियाजुल्ला खानए उमेश गिरिए रशीद पठान सभासदए दीपक रस्तोगीए अन्नू वर्माए सईद अहमदए सभासदए सुधाकर लालाए प्रशांत लालाए सचिन वर्माए युसूफ मंसूरीए मनोज वर्माए रविशंकर वर्माए विनय मिश्राए इमरान राजाए संजय वर्माए कृपाल यादवए हकील्ला खानए अरशद खानए शब्बीर बाबाए रामकुमार यादवए रमन मनारए अच्छन खान सहित सैक?ो लोग उपस्थित थे।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर.खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त सलेन्द्र पुत्र लक्ष्मण नि0 मेड़ईपुरवा थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## सड़क किनारे खाई में पलटी कार ए एक की मौत

**लखीमपुर.खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भीरा.लखीमपुर मार्ग पर थाना भीरा क्षेत्र में गढ़ी फार्म के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार कोटेदार की मौत हो गईए जबकि उसके परिवार के छह लोग घायल हो गए। सभी गांव भानपुर से एक शादी समारोह में शामिल होने भीरा जा रहा थे। घायलों को सीएचसी ले जाया गयाए जहां से हालत गंभीर होने पर सभी को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है हादसा बुधवार देर रात हुआ। गांव भानपुर निवासी शैलेंद्र जायसवाल उर्फ गुड्डू ;45द्ध का पलिया में भी मकान है। वह बच्चों के साथ वहीं रहते थे। अहिराना गांव के कोटेदार भी थे। परिवार में लड़की की शादी होने के कारण दो दिन पहले वह अपने बच्चों के साथ पैतृक गांव भानपुर आए थे। बुधवार को भीरा के ओजोला रिसोर्ट में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए देर रात कार से जा रहे थे। कार में दिनेश जायसवाल ;35द्धए उत्कर्ष ;20द्ध अक्षत ;17द्धए रिशु ;16द्ध लवली जायसवार ;30द्ध व सिंपल जायसवाल ;22द्ध भानपुर भी सवार थे। गढ़ी फार्म के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी इससे कार के चारों पहिए उपर की ओर उठ गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने लोगों की मदद से सभी को किसी तरह से बाहर निकाला और सभी घायलों को लेकर आनन फानन में बिजुआ सीएचसी पहुंचेए जहां डॉक्टर ने शैलेंद्र जायसवाल उर्फ गुड्डू को मृतक घोषित कर दिया साथ ही घायल सिंपल जायसवाल को मामूली चोट आने के कारण उपचार के बाद छुट्टी दे दीए जबकि हालत गंभीर होने पर पांच घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एमएसएमई की क्षमता को सशक्त बनाने को लेकर जागरूकता सेमिनार संपन्न



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** ईपीसीएच ने हस्तशिल्प एमएसएमई को सशक्त बनाने, स्मार्ट क्रेडिट समाधान और तकनीक के जरिए जीएसटी रिफंड प्रक्रिया के स्वचालन पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया।

अम्बाला रोड स्थित एक होटल में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा कि एमएसएमई को बदलते विनियामक परिदृश्य में एमएसएमई पर वित्तीय रूप से लचीला बने रहने का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस सेमिनार का मुख्य फोकस व क्रेडिट तक आसान पहुंच और निर्बाध जीएसटी रिफंड प्रक्रिया के माध्यम से एमएसएमई की क्षमता को सशक्त बनाना था, जिससे वे वित्तीय जोखिमों को कम कर सकें। ऐसे कार्यक्रम डिजिटल रूप से सक्षम इकोसिस्टम के निर्माण में मदद करते हैं, जो हस्तशिल्प क्षेत्र को स्थायी और प्रतिस्पर्धी तरीके से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीओए सदस्य और सहारनपुर वुड कार्विंग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के महासचिव मौहम्मद औसाफ ने कहा कि इस तरह के ज्ञान-साझा करने के मंचों में एमएसएमई की सक्रिय भागीदारी देखना वाकई उत्साहजनक है। यह सेमिनार न केवल कार्यशील पूंजी की कमी और रिफंड में देरी जैसी आम वित्तीय चुनौतियों पर प्रकाश डालने में सफल रही, बल्कि हमारे सदस्यों में वित्तीयद्य नवाचार को अपनाने का आत्मविश्वास भी जगाया।

## सहारनपुर में भी बह रही विकास की बयार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 51 में चार गलियों में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ रिबन काटकर किया। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन पूरे प्रदेश के साथ सहारनपुर में भी विकास की बयार बह रही है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने शहर में सड़कों, गलियों एवं नालियों के निर्माण की कड़ी में आज वार्ड 51 में चार गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ रिबन काटकर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को देखते हुए इन गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। इससे क्षेत्र के लोगों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश के साथ सहारनपुर में भी विकास की बयार बह रही है। सहारनपुर तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर रायवाला कपड़ा मार्किट के अध्यक्ष अजय कालड़ा, चेयरमैन संजय अरोड़ा, पार्षद अहमद मलिक व परवेज, पार्षद प्रतिनिधि एहतेशाम, शाहिद सिद्दकी व कलीम सहित क्षेत्र के अनेक लोग शामिल रहे।

## दादी ने ही ब्लेड से गला रेंतकर की थी अपनी पोती की हत्या

### हत्या में लिप्त दादा-दादी समेत एक बाल अपचारी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने पांच माह की बच्ची की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए घटना में संलिप्त दादा-दादी समेत एक बाल अपचारी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 28 मई को वादिया शिवानी पत्नि राजन निवासी ग्राम कुतुबपुर कुसानी थाना गागलहेड़ी की सूचना पर आरोपी सरिता (सास) पत्नि धर्मेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र (ससुर) पुत्र कालूराम व बाल अपचारी निवासीगण निवासीगण ग्राम कुतुबपुर कुसानी थाना गागलहेड़ी के खिलाफ एक साथ मिलकर षडयन्त्र कर वादिया की पुत्री इशिका की हत्या कर कर देने के संबंध में थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री सजवाण ने बताया कि उन्होंने तत्काल घटना का संज्ञान लेकर घटना के खुलासे व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में थाना गागलहेड़ी प्रभारी विनोद कुमार व उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार शर्मा, शहनवाज अहमद, राजकुमार तोमर व शिवकुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बच्ची की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी धर्मेन्द्र पुत्र कालूराम व सरिता पत्नि धर्मेन्द्र को ग्राम नवादा तिवाया से पहले रोज गार्डन बारात घर के सामने से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अभियुक्ता सरिता ने बताया कि मेरे सौरभ से संबंध हो गए थे। शिवानी ने सौरभ को मेरे साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। शिवानी ने यह बात सुबह मेरे दूसरे लड़के, उसकी बहू व अन्य परिवारजनों को बता दी थी। तभी से



वह शिवानी को रास्ते से हटाने की फिराक में लग गयी थी। सरिता ने बताया कि 27 मई की रात को सोने से पहले उसने व मेरे पति धर्मेन्द्र व बेटी ने योजना के तहत सोने से पहले शिवानी को चाय में नींद की गोली मिलाकर दे दी थी, क्योकि हम लोगो को पता था कि मेरा बेटा रोहित भी घर पर नही है और आज शिवानी बच्ची इशिका को मारकर शिवानी को फंसाते देते है। सरिता ने बताया कि 28 मई की सुबह के करीब 04 बजे मुझे मेरे पति धर्मेन्द्र ने ब्लेड लाकर दिया इसके बाद उसने इशिका का अपनी लाल रंग की चुन्नी से मच्छरदानी के अन्दर ही मुंह दबाकर ब्लेड से गर्दन पर दो वार किये। यह सब घटना मेरा पति धर्मेन्द्र व मेरी बेटी भी मच्छरदानी के पास खड़े होकर देख रहे थे। बच्ची की हत्या करने के बाद उसने हत्या में प्रयुक्त ब्लेड को शिवानी के पास ही रख दिया, जिससे लोग देखे, तो लगे कि शिवानी ने अपनी बेटी की हत्या की है और शिवानी अपनी बच्ची की हत्या मे जेल चली जाये।

## पत्रकार समाज का आईना है तसलीम अहमद

### पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी का किया गया आयोजन





*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** हिंदी पत्रकारिता से ही आज समाज को नयी दिशा मिल रही है क्योंकि कि पत्रकार समाज का आईना बनकर सेवा भाव से समाज का सही मूल्यांकन कर रहे हैं उक्त विचार हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नजीबाबाद प्रेस क्लब के द्वारा आयोजन किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतथि विधायक हाजी तस्लीम अहमद को नजीबाबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत कर शॉल उढ़ाकर शील्ड देकर सम्मानित किया गया! कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि विधायक हाजी तसलीम अहमद ने व्यक्त किए कोतवाली मार्ग पर स्थित एक बैंकेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डाक्टर सत्येन्द्र शर्मा पत्रकार ने कहा कि आज पत्रकारिता के सामने बड़ी चुनौती है इस लिए केन्द्र व राज्य सरकारों को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के लिए लाभकारी योजनाएं लागू कर उन्हें सम्मान देना चाहिए! विशिष्ट अतिथि चंद्रमणि रधुवंशी पत्रकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिंदी पत्रकारिता ही सही खबरें प्रकाशित कर समाज का दर्पण बनकर काम कर रहा है, वहीं विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार दक्ष ने अपने सम्बोधन में पत्रकारों को एक जुट होकर संगठन के माध्यम से अपनी बातों को सरकार तक पहुंचाना होगा, क्योंकि पत्रकारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हुआ है! पूजा हॉस्पिटल क स्वामी डॉक्टर संदीप अग्रवाल ने पत्रकारों को ही आज के युग का सही मार्ग दर्शक बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की! डॉक्टर राखी अग्रवाल ने पत्रकारों को ही असली समाज सेवक बताते हुए कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी से जनसमस्याओं को उजागर करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष रूप से समाज का प्रहरी बन कर काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष राजपाल चौहान तथा संचालन महताब कहां द्वारा किया गया! कार्यक्रम मे नफीस खान, रवि ठाकुर, देवेन्द्र कुमार, टी एस मलिक संस्थापक, आर एस निराला, मुशर्रफ अली, अंकित शर्मा, सरफराज अहमद, शहजाद मलिक, डाक्टर इकराम ,सोनू आदित्य, रामोद कुमार, विकास आर्य, अंकित वर्मा, कुमारी पायल जाइम हैदर श्रीमती फरहा परवीन नवाब अली, अल्ताफ रज़ा, गुलज़ार कुरैशी, हिफजुर्रहमान फरीदी, राजवीर सिंह, अशरफ अली, सपना वर्मा, मयंक कश्यप, अनिल सक्सेना, अमित कुमार, शैलेंद्र चौधरी, किशु एवं तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** उपायुक्त उद्योग बिजनौर ने आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उ0प्र0 कानपुर के पत्र हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों जैसे बढ़ई, नाई, लुहार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई एवं दर्जी आदि को उद्यम के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्य आवंटित किये गये है। जिसमे ट्रेड से सम्बन्धित कारीगरों को 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण एवं कार्य को सफल संचालन के लिए आधुनिकतम तकनीक पर आधरित उन्नत किस्म के टूलकिट उपलब्ध कराये जायेगें, प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद बिजनौर के लिए 1100 लक्ष्य आवंटित किया गया है जिसमे बढ़ई-100, लुहार-50, नाई-75, कुम्हार-25 राजमिस्त्री-75, हलवाई-225, मोची-25 एवं दर्जी-525 ट्रेड सम्मिलित हैं। योजना आधार प्रमाणीकरण के आधार पर ऑनलाइन मूड में संचालित की जा रही है, जो मा0मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पोर्टल की महत्वपूर्ण योजनाओं में भी सम्मिलित है। उन्होंने जनपद बिजनौर के पारम्परिक कारीगरों का आह्वान किया है कि उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र कारीगर एंव हस्तशिल्प कारीगर विभागीय बेवसाइट https://msme.up.gov.in/ पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने योजना की पात्रता की शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि आधार कार्ड, एंव आधार से लिंक मोबाइल नम्बर, बैंक पासबुक की छाया प्रति तथा आवेदक की पासपोर्ट साईज फोटो, आवेदक जनपद का निवासी तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन करने की तिथि से की जायेगी। आवेदक को बढ़ई, नाई, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं दर्जी आदि ट्रेडों अथवा दस्तकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिये! योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता आवश्यक नहीं है। उन्होंने बताया कि परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा तथा योजनान्तर्गत पात्रता हेतु जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे व्यक्ति भी पात्र होगें, जो परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हों। ऐसे आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा इस आशय का शपथ पत्र कि इससे पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट एवं मानदेय का लाभ नहीं लिया गया है। जिनकी उम्र 21 से 40 वर्ष तथा कम से कम आठवी पास लाभार्थियों को वरीयता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से जोड़कर बैंको के माध्यम से रू0 5 लाख तक बिना ब्याज का, 10त्र अनुदान एवं गारन्टीमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

## कांग्रेस का कार्यकर्ताओं ने किया बैठक का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सर्जन अभियान के तहत जिला युवा कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौतम सिसोदिया ने संगठन सर्जन अभियान को गति देने, ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष गौतम सिसोदिया ने कहा कि जून माह में प्रत्येक विधानसभा की दस - दस पंचायत में कार्यक्रम होने है और कांग्रेस की नीतियों से लोगों को अवगत कराना है। आगामी पंचायत चुनाव में जूट जाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी कांग्रेसियों से अपने घर पर कांग्रेस पार्टी का झंडा लगाने की अपील की है। ठाकुर गौतम सिसोदिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनिल त्यागी, कुणाल गांधी एडवोकेट, शीतल चौहान, रिहान जमाल अंसारी, अजहर मंसूरी एडवोकेट, शाही दिलशाद, अस्मित भारद्वाज, मोहम्मद फैज आलम एडवोकेट, विश्व मोहन, कपिल, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, अब्बास कुरेशी, विकास रवि, मोहम्मद कैफ आदि रहे।

## आर्य जाट समाज कल्याण समिति ने चौ.साहब की पुण्य तिथि मनायी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आर्य जाट समाज कल्याण समिति ने किसानों के मसीहा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्य तिथि मनाई। गोष्ठी में वक्ताओं ने चौधरी साहब के जीवन और नीतियों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

जाट भवन में आर्य जाट समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर हवन किया गया। हवन के उपरांत चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने चौधरी साहब के जीवन तथा नीतियों पर प्रकाश डाला गया। पूर्व अध्यक्ष रणवीर सिंह ने समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को दूर करने के लिए चौधरी चरण सिंह द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रधान चंद्रपाल सिंह टिकरौल ने सभी युवाओं से उच्च शिक्षा ग्रहण करने



के बाद अपने समाज तथा देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चौधरी विजेंद्र सिंह ने सभी से आह्वान किया कि हमें चौधरी साहब के दिखाएं गये मार्ग का अनुसरण करना है तथा समाज में व्याप्त विभिन्न विसंगतियों को दूर करना है। आर्य जाट समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष चौधरी बख्तावर सिंह ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में ईमानदारी तथा सादगी को आत्मसात कर तथा अपने समाज के सभी लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ना है, जिससे कि समाज तरक्की के मार्ग पर चल सकें। विचार गोष्ठी के समापन पर आर्य जाट समाज कल्याण समिति की महिला अध्यक्ष श्रीमती रेनू एवं मंत्री श्रीमती संगीता चौधरी को नामित करते हुए महिलाओं में भी जन जागृति पैदा करने की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर जाट समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती रेनू चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उपदेशक सहदेव बेधड़क ने चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय पर आधारित विभिन्न भजनों तथा गीतों के माध्यम से उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी में रणवीर सिंह, सतेंद्र सोलंकी, भगत सिंह, कृपाल मलिक, गुरदीप सिंह, स्वतंत्र चौधरी, धीर सिंह, कालूराम प्रधान, अनु चौधरी, रुपाली, इंदु, सोनी चौधरी, केहर सिंह, राजवीर सिंह, रुपेंद्र सिंह, इशांत चौधरी, चंद्रपाल सिंह, सुभाष चौधरी, राजीव कुमार, भूपेश चौधरी, अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सच सामने आ गया, सारी साजिशें हुई बेनकाब : बृजभूषण शरण सिंह



**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में राहत पाने के बाद मंगलवार को काफिले के साथ नंदिनी नगर स्थित नंदिनी माता मंदिर पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर विश्वास है। जो मेरा भरोसा था, वह आज भी कायम है। सच सबके सामने आ गया। षड्यंत्र उजागर हुआ। सारी शक्तियां बेनकाब हो गईं। बृजभूषण ने कहा कि एक बार फिर आज मैं गर्व के साथ हनुमानगढ़ी गया। बजरंगबली के साथ ही अयोध्या के साधु-संतों का दर्शन किया। अब नंदनी माता मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया है। न्यायपालिका ने जो किया, वह अच्छा किया। उन्होंने कहा, जो गया उसके लिए कोई पछतावा नहीं और जो मिला वो कम नहीं है। मैं पहले भी अपनी बात पर कायम था, आज भी कायम हूं। बृजभूषण ने कई अन्य मुद्दों पर खुलकर अपनी बात कही। इस मौके पर सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# सांसद लालजी वर्मा ने रेलमंत्री से मिलकर अकबरपुर से इलाहाबाद के लिये ट्रेन चलवाने की मांग रखी

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सपा सांसद लाल जी वर्मा ने कहा अब अकबरपुर जंक्शन से यात्रियों को अकबरपुर से इलाहाबाद, वह अकबरपुर जंक्शन से बस्ती जंक्शन जाने के लिए मिलेगी नई सौगात इसके साथ यात्रियों को मुंबई आने जाने में मिलेगी और भी सुविधा साथ ही आसानिया जिले के सपा सांसद लालची वर्मा मांगलवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर अयोध्या से मुंबई चलने वाली (लोकमान्य तिलक टर्मिनल्स) रुझ्ञ ट्रेन का परिचालन अयोध्या से मुंबई सप्ताह में 2 दिन चलवाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने अकबरपुर से इलाहाबाद के लिए किसी अन्य गाड़ी के परिचालन की भी मांग की है गरीब नवाज एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस भारतीय रेलवे द्वारा संचालित एक माध्यम से लंबी दूरी सेमी हाई स्पीड सुपरफास्ट एक्सप्रेस सेवा जैसी गाड़ी का अकबरपुर में ठहराव करने की मांग से लेकर गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर कैफियात के ठहरने की मांग किये हैं,बस्ती से अकबरपुर को रेलवे लाइन से जोड़ने के साथ साथ अकबरपुर की पुरानी आरटीओ ऑफिस से इत्तेफ़ातगंज मार्ग पर पडने वाले रेलवे क्रॉसिंग को खोले जाने को लेकर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को ज्ञापन के माध्यम से मांग किये है जिससे अकबरपुर जक्शन पर आए यात्रियों को आने-जाने में आसानी व सुविधा प्राप्त हो।



# मां पाटेश्वरी विवि में एक जुलाई से शुरू होंगे प्रवेश

**गोंडा/बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** बलरामपुर स्थित नवस्थापित मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय से संबद्ध गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जनपदों के 167 महाविद्यालयों में एक जुलाई से स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय ने इसके लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से 30 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान की है। कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने मंगलवार को वर्चुअल प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि गोंडा के एलबीएस कॉलेज सहित अन्य संबद्ध संस्थानों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, एलएलबी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी को व्यक्तिगत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी देना अनिवार्य होगा, जिस पर ओटीपी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन सत्यापित किया जाएगा। साथ ही पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर, तथा पहचान प्रमाण (आधार, वोटर आईडी, पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस) की स्कैन पंजीकरण के बाद मिलेगा रजिस्ट्रेशन नंबर पंजीकरण कराने के बाद विद्यार्थियों को विवि से रजिस्ट्रेशन नंबर जारी होगा। जिसके आधार पर वे संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार एक जुलाई से प्रवेश की प्रक्रिया विधिवत प्रारंभ कर दी जाएगी।

**कॉलेज स्तर पर बनेगी प्रवेश समिति** –प्रत्येक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रवेश समिति का गठन किया जाएगा। समिति की अध्यक्षता संबंधित प्राचार्य करेंगे, जबकि संयोजक और वरिष्ठ शिक्षकों को सदस्य नामित किया जाएगा। यह समिति छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेगी। कॉपी अपलोड करनी होगी। पंजीकरण शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। कुलपति ने बताया कि पीसीएस अधिकारी परमानंद सिंह को स्थायी कुलसचिव नियुक्त किया गया है, जो प्रशासनिक कार्यों का संचालन करेंगे।

# पटखौली की टीम ने महेवा मंडी को हराकर जीता स्व. दादा रामकरन सिंह ट्राफी



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लाक के बसिया में पूर्व विधायक स्व.दादा रामकरन सिंह के पुण्य तिथि पर आयोजित कैनवस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का फाइनल पटखौली और महेवा मंडी के बीच खेला गया। जिसमें पटखौली की टीम ने महेवा मंडी को हरा कर विजेता रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला, साकेत विक्रम सिंह सोलंकी पूर्व विधायक देवनारायण उर्फ जीएम सिंह द्वारा विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान चेयरमैन प्रभाकर दुबे छोटू सहारा, धनंजय सिंह विशाल यादव रोहित सोलंकी आशुतोष सोलंकी सूरज पूर्व प्रधान प्रदीप यादव राजेश सिंह रवि सोलंकी विश्वजीत सिंह सोलंकी अमित सोलंकी उदयवीर सिंह सोलंकी रतनसेन सिंह सोलंकी कृष्णकांत सिंह प्रतीक सिंह सोलंकी अजय सिंह संदीप रावत पिंटू यादव रघुनाथ यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# प्रधान के घर जा रहे युवक को मनबढ़ो ने रास्ते में घेर कर पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के कुसम्ही निवासी एक युवक नेवास गांव के प्रधान के यहां जा रहा था। सीवान के बाहर पहुंचा था। चार की संख्या में मनबढ़ो ने युवक को घेर कर लाठी डंडे ईट,चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के कुसम्हा निवासी गिरिजेश पुत्र शत्रुजीत रात्रि में 8 बजे के करीब नेवास प्रधान के घर किसी काम से जा रहा था। गांव के सीवान के बाहर पहुंचा था। चार की संख्या में मनबढ़ो ने उसे घेर लिया। और लागी डंडे ईट,चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित युवक के दादा गोविंद लाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र, कृशान,मझिलका,प्रकाश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# समाजवादी युवजन सभा ने कायमगंज विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में किया पीडीए कार्यक्रम का आयोजन



**कायमगंज (फर्रुखाबाद) अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी की अग्रणी युवा इकाई समाजवादी युवजन सभा के नेतृत्व में आज कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बूथ संख्या 265 एवं 266 ग्राम भटासा, बूथ संख्या 281 ग्राम चिलसरी तथा बूथ संख्या 263 व 264 ग्राम लुधिया में किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष श्री शिवम यादव ने की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मारिया आलम ने ग्रामीणों के बीच पीडीए कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इसे एक जागरूकता अभियान के रूप में प्रस्तुत किया। वक्ताओं में शामिल श्री राम शरण कठेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी ही दलितों और अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैषी है। यदि हम सब एकजुट हो जाएं, तो भारतीय जनता पार्टी को फर्रुखाबाद जनपद से एक भी सीट जीतने नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में संदीप यादव, डॉ. विपुल यादव समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने पार्टी के प्रति विश्वास और समर्थन को प्रदर्शित किया।

# मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़ ।** जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/ गांव/कस्बा/स्कूल/ कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों* पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।



# डकैती कांड में पुलिस मुठभेड़ में दो और अभियुक्त गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** नवीन ज्वैलर्स डकैती कांड में सम्मलित 6 अभियुक्तों में से तीन अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में विगत दिनों देर रात्रि गिरफ्तार कर लिया था। चौबीस घण्टे के अंदर ही पुलिस ने दो और बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि रात्रि में पुलिस मुठभेड़ में दबोचे गए तीन अभियुक्तों द्वारा पूंछ तांछ में अपने तीन अन्य साथियों के साथ नगर में स्थित नवीन ज्वैलर्स की दुकान में दिनांक 15 मई 2025 को डकैती कारित करने की घटना के सम्बंध में बताया गया था। शेष अन्य तीन अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु जनपद की 5 पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रहीं थी और उनके तलाश हेतु मुखबिर लगाए गए थे ।तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि डकैती में बांछित दो अभियुक्त मोटर साइकिल से रात्रि में बाहर जाने वाले हैं जिस पर सभी बार्डर एरिया पर नाकाबंदी कर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया।

# धर्म समाज महाविद्यालय में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दि जन्मदिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** धर्म समाज महाविद्यालय में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दि जन्मदिवस समारोह के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान एवं राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 300 वर्ष पूर्व पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने जो सुशासन किया उससे प्रेरित होकर प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देशभर में 31 मई तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, सड़क, अस्पताल, बुनियादी सुविधाओं के साथ ही धार्मिक उत्थान के अनेकानेक कार्य किए। महारानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महानतम महिला शासकों में से एक थीं, जिन्होंने अपने सुशासन, न्यायप्रियता और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में अहिल्याबाई जैसी प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से हमें यह सीखने की आवश्यकता है कि महिलाएं न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'प्रधानमंत्री उज्वला योजना' और 'नारी शक्ति अभियान' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर और समर्थ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# पूर्व मंत्री पूर्व सपा प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर ने ग्राम लुधैया में जन चौपाल की



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में लगातार छठवें चरण में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व प्रत्याशी/ प्रदेश सचिव सर्वेश आंबेडकर पीडीए जन चौपाल के कार्यक्रमों को गति दे रहे हैं, आज लुधैया में सुरेन्द्र सिंह पाल, भटासा में ब्रजेश कुमार सगर, नरसिंहपुर में चंदन कोरी, ममापुर के साथ साथ पितौरा में कार्यक्रम में धार दे रहे सर्वेश आंबेडकर ने हाल ही में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज को एकजुट करने का आह्वान किया है।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश की सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती देने के लिए पीडीए वर्ग को एक मंच पर आना होगा। भाजपा रोड से लेकर पार्टी कार्यालय तक नंगा नाच कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक उनका हक मिलना मुश्किल है। सर्वेश आंबेडकर ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा शासन में वंचित वर्ग की उपेक्षा हो रही है और संविधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने अपने समर्थकों और आम जनता से अपील की कि वे जाति और धर्म की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर सामाजिक न्याय और समानता के लिए एकजुट हों।

कार्यक्रम में समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार यादव, समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक आंबेडकर आदि साथ रहे।

# शमशाबाद विकासखंड सभागार में संगोष्ठी संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** दिनांक 29 मै 2025 दिन बृहस्पतिवार को रानी अहिल्याबाई होलकर की त्री-जन्म शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत शमशाबाद विकासखंड ब्लॉक के सभागार में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की उपस्थिति में संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ एवं लाभार्थियों को मनरेगा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा रानी अहिल्याबाई होल्कर ने नारी नेतृत्व और लोक कल्याण की मिसाल कायम की। उनका जीवन सेवा न्याय और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक है आज की पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है भारतीय इतिहास में रानी अहिल्याबाई उन विरल हस्तियों में है जिन्होंने सत्ता में रहते हुए भी सेवा को प्राथमिकता दी उन्होंने अपने राज्य में मंदिरों धर्मशालाओं और जल संरचनाओं का निर्माण कराया जिससे आज भी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उनके जीवन संघर्ष और इतिहास पर संगठन और सरकार द्वारा जगह-जगह गोष्ठी और कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। बीजेपी कभी महापुरुषों को भुलाती नहीं है। राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य एवं कायमगंज की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ मिथिलेश अग्रवाल ने कहा रानी अहिल्याबाई ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया

# साहबगंज के चौरहिया गोला में चाय पत्ती की दुकान पर फूड विभाग ने मारा छापा

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** शासन के निर्देश पर सहायक खाद्य आयुक्त डॉ सुधीर कुमार सिंह के आदेश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आज साहबगंज के चौराहिया गोला में एक चाय पत्ती की दुकान पर छापेमारी की कार्रवाई की। टीम को अभिसूचना मिला था कि ब्रांडेड कंपनी की चाय पत्ती में हानिकारक रंग मिला है टीम जब दुकान पर जांच करने पहुंची तो उसे विरोध का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने वहां से चाय की पत्ती के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया है।

- सैंपल के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को विरोध का करना पड़ा सामना



सहायक खाद्य आयुक्त डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि विभाग उन जगहों पर कार्रवाई करता है जहां पर पहले से अभी सूचना होती है की बाजार में गलत चीज बिक रही है या वह चीज बाजार में मौजूद। ऐसी ही शिकायत मिली थी कि सोनागाछी ब्रांड की चाय पत्ती जो बहराइच में पैक हो रही है उसमें हानिकारक रंग है जांच के लिए टीम गई थी कार्रवाई के दौरान काफी लोग वहां इकट्ठा हो गए थे कुछ अराजक तत्व भी थे जिन्होंने सैंपलिंग के कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया जबकि व्यापार मंडल हमारा पूरा सहयोग कर रहा है। जो भी मिलावाट के समर्थन में खड़ा होगा उसके खिलाफ निश्चित रूप से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दुकान से सैंपल लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला के लिए भेजा जा रहा है जांच रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। चेंबर ऑफ ट्रेडर्स के अध्यक्ष अनूप किशोर अग्रवाल ने कहा कि बंसल टी स्टॉल पर FSSAI के अधिकारी सैंपल लेने के लिए आए हुए और हम लोग सैंपल देने के लिए तैयार हैं सोनागाछी ब्रांड की चाय पत्ती पैक आइटम में बिकती है जिसका व्यापारिक के पास बिल व लाइसेंस भी है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी मीडिया से अनुरोध है कि जब तक रिपोर्ट ना आ जाए तब तक हमारे व्यापारी के नाम का दुरुपयोग ना किया जाए।

# डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने जनपद के मदरालालपुर स्थित सूर्य मंदिर के संरक्षण एवं विकास हेतु मुख्यमंत्री को सौंपा प्रार्थना पत्र



**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड महापरिषद के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जनपद जालौन के कालपी के निकट मदरा लालपुर गाँव में स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर के समग्र संरक्षण एवं विकास हेतु एक प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया कि यह सूर्य मंदिर बुंदेलखंड क्षेत्र की सांस्कृतिक, धार्मिक और स्थापत्य धरोहरों में से एक है। ऐतिहासिक स्रोतों एवं स्थानीय लोककथाओं के अनुसार, यह मंदिर लगभग एक हजार वर्ष पुराना है और इसकी स्थापना काल संभवतः गुर्जर-प्रतिहार काल से जुड़ी मानी जाती है। मंदिर की वास्तुकला में नागर शैली की स्पष्ट झलक मिलती है। प्राचीन काल से ही यह मंदिर सूर्य उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है और मकर संक्रांति एवं छठ जैसे पर्वों पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती रही है। वर्तमान में यह मंदिर उपेक्षा और जर्जरता की स्थिति में है, जिससे इसकी ऐतिहासिक गरिमा को क्षति पहुँच रही है। डॉ. जादौन ने मांग की कि मंदिर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, जिससे यह न केवल स्थानीय आस्था का केंद्र बन सके, बल्कि पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनकर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति दे सके। उन्होंने मंदिर के पुनरुद्धार, परिसर के सौंदर्यीकरण, पेयजल और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाओं के निर्माण, सड़क एवं विद्युत व्यवस्था, सूचना पट्ट स्थापना तथा सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता से प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता जताई।

# गोल्ड मेडल जीत कर लौटे खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कठिन परिश्रम व नियमित अभ्यास से मिले गोल्ड मेडल- ध्रुव शुक्ला गोल्ड मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का भव्य स्वागत 47वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन 25 मई से 28 मई तक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में किया गया जिसमें फर्रुखाबाद जनपद से राज्य स्वर्ण पदक विजेता ध्रुव शुक्ला, युवराज, प्रियम तथा अंजू यादव ने भाग लिया। 65 किग्रा वर्ग में ध्रुव शुक्ला, जूनियर वर्ग में युवराज,50 किग्रा यूथ वर्ग में अंजू यादव ने गोल्ड मेडल जीतकर फर्रुखाबाद का नाम रोशन किया जबकि प्रियम दूसरे राउंड में चोटिल होकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। जिला सचिव ध्रुव शुक्ला ने बताया कि गत माह मुरादाबाद में सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद से 5 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था पूजा कौशल लखीमपुर-खीरी में सेना भर्ती रैली में जाने के कारण भोपाल नहीं जा सकी जिस कारण दो और मेडल मिलने से चूक गए। ध्रुव शुक्ला ने बताया कि कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास से जिले में तीन गोल्ड मेडल हासिल हुए। प्रतियोगिता में 13 राज्यों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिला सचिव ने बताया कि विगत दो वर्षों से जिले में आर्म रेसलिंग के प्रति युवाओं काफी रुझान बढ़ा है। गोल्ड मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया।




# तहसील क्षेत्र में रात्रि होते ही जगह जगह सक्रिय हो जाते है खनन माफिया

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के वर्तमान समय में देखा जाये तो खनन माफिया क्षेत्र में जगह जगह सक्रिय दिखाई देगे। वहीं स्थानीय प्रशासन नीद में सोया दिखाई दे रहा है। जिससे खनन माफिया पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करते हुए मालामाल हो रहे है। वर्तमान समय में खनन माफिया गीडा, सहजनवा, हरपुर बुदहट क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय है। गीडा थाना क्षेत्र के बड़गहन में रात्रि 10 बजते ही खनन का कार्य शुरू हो जाता है। शंभूचक सेमरा में तो बड़े पैमाने पर खनन चल रहा है। यहां खनन माफियाओं के वाहन रात्रि दिन खनन वाले स्थान पर हमेशा खड़े मिलेगी। वहीं गीडा क्षेत्र कई और स्थान है जहां रात्रि होते ही खनन का कार्य सक्रिय हो जाता है। सहजनवा थाना क्षेत्र के गीडा सेक्टर 26 और कसरवल, बाइंडरा, सिसई,पाली,चाँदबारी, भरपही, घघसरा क्षेत्र में खनन माफिया रात्रि होते ही सक्रिय हो जाते है। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में खनन माफिया कविसा, रेवड़ा, बैजलपुर, कटाई टिकर, जबरैला, देवरिया, रामनगर, तथा चौकी क्षेत्र सोनबरसा में खनन माफिया पूरी तरह सक्रिय हैं। जहां खनन माफियाओ को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि खनन पर लगाम लगाया जायेगा। इसके लिए एक टीम गठित कर रात्रि में सधन अभियान चलाया जायेगा।

- गीडा, सहजनवा, हरपुर बुदहट क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय है खनन माफिया
- पुलिस से खनन माफियाओ को मिलता रहा सहयोग

# खिलाड़ी अंशकालिक प्रशिक्षक हेतु करें आवेदन

**रायबरेली।** जिला क्रीडाधिकारी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविरों को संचालित करने हेतु खेलों के सम्मुख दर्शाये गये खेल एथलेटिक्स बॉलीबॉल, तीरंदाजी नेटबाल, तलवारबाजी-तैराकी, हॉकी, हैण्डबाल जिम्नास्टिक भारोत्तोलन, पुशु, बाक्सिंग क्रिकेट बैडमिन्टन, फुटबाल, बास्केटबॉल, लान टेनिस, टेबुल टेनिस, ताइक्वाण्डो, कुश्ती जूडो कबड्डी, खो-खो, स्क्वैश शूटिंग, साफट टेनिस, कराटे रोइंग क्याकिंग एण्ड केनोइंग अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षकों के लिये आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय रायबरेली में आमंत्रित किये जाते हैं।

# धारदार हथियार से बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या, मचा हड़कंप

## कसया थाना क्षेत्र के पिपरा गांव का मामला, आम के बगीचे में सो रहे थे बुजुर्ग

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के गांव पिपरा में बुधवार की रात साढ़े दस बजे एक वृद्ध की धारदार हथियार से गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस हत्यारोपितों व हत्या के कारणों की तलाशने में जुटी है। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त गड़ासा बरामद हुआ है तो रस्सी व पैंट शर्ट मिला है।



अस्पताल में जुटी लोगों की भीड़, मौके से पहुंची पुलिस

बताया जा रहा है कि 65 वर्षीय रामचंद्र गुप्ता अपने गांव नरकटिया (वर्तमान में नगरपालिका का वार्ड) से कुछ दूरी पर पिपरा में सड़क किनारे घर बनाकर रहते थे और खेती किसानी करते थे। पिछले चार दिन से वह अपने घर के समीप स्थित खेत के बगल आम के बगीचे सो रहे थे। भोजन करने के बाद बुधवार को भी वह आम के बाग की रखवाली करने के लिए वहां सोने गए थे। इसी दौरान कुछ लोग आए और धारदार हथियार से उनकी गला रेतकर हत्या कर दी। चीख पुकार सुनकर स्वजन पहुंचे तो वह लहूलुहान पड़े मिले। उन्हें सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि पुलिस कारणों का पता लगाने में जुटी है।

# सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या-एल 2611796, वैधता तिथि 06.06.2023 में मेरा नाम त्रुटिवश उबैदुर रहमान खान हो गया था। जबकि मेरा सही नाम उबैदुर रहमान है। मैं इसी नाम से जाना जाता हूँ। मेरे समस्त अभिलेख में मेरा सही व शुद्ध नाम उबैदुर रहमान दर्ज है।

**उबैदुर रहमान पुत्र किताबुल्लाह, ग्राम दुफेडिया, पो. मैना, थाना व तहसील इटवा, जिला सिद्धार्थनगर**

अवधनामा



# ऑफलाइन मिला मेडिको लीगल अभिलेख, जताई नाराजगी

## सीएमओ व सीएमएस को निदेशक हेल्थ केयर ने लगाई फटकार



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** जिले की सीमा स्थित 100 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में अल्ट्रासाउंड सहित अन्य सुविधाओं के नाम पर अवैध वसूली के मामले की गूंज शासन स्तर तक पहुंच चुकी है। अवैध वसूली को लेकर क्षेत्रवासी मरीजों एवं ग्रामीणों के हंगामा की जानकारी के बाद शासन से निदेशक हेल्थ केयर डॉ बी पी सिंह कल्याणी बृहस्पतिवार को प्रातः 8:30 बजे अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल के अभिलेख सहित अस्पताल में स्थित विभिन्न पटलों वार्डों का गहन निरीक्षण किया। अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी कक्ष में उपलब्ध मेडिको लीगल रजिस्टर ऑनलाइन ना पाए जाने पर उन्होंने सीएमएस से सवाल पूछा और कहा कि मेडिको लीगल ऑनलाइन क्यों नहीं हो रहा है? जिस पर वह निरुत्तर दिखे तब उन्होंने सीएमओ अयोध्या को फोन कर कारण जाना जहां सीएमओ सुशील कुमार बनियान भी माकूल जवाब नहीं दे पाए।इसके बाद निदेशक हेल्थ केयर ने सीएमएस और सीएमओ को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि तुम्हें जानकारी नहीं है कि उच्च न्यायालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया जा चुका है कि मेडिको लीगल पूरे प्रदेश में ऑनलाइन हो गया है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के चलते अब न्यायालय अवमानना भी झेलना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान निदेशक हेल्थ केयर इमरजेंसी कक्ष में रखी मैन्युअल ब्लड प्रेशर जांच मशीन देख भड़क गए और उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मशीन क्यों नहीं रखी गई है जिस पर सीएमएस निरुत्तर दिखे। उन्होंने अस्पताल के ओटी पैथोलॉजी मरीज भर्ती वार्ड का भी निरीक्षण किया जहां मेल वार्ड में भारी संख्या में फीमेल मरीज भर्ती मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने अस्पताल के निराश्रित वार्ड का निरीक्षण किया जहां निराश्रित की जगह निराक्षित लिखा मिला। वार्ड में एक भी बेड नहीं रखा गया था। उन्होंने स्टाफ नर्स से कहा कि जो निराश्रित मरीज आएंगे उनकी देखरेख की जिम्मेदारी किसकी होगी जिस पर वह कोई भी जवाब नहीं दे सकी। निराश्रित वार्ड का नाम किसी अच्छी स्टाफ नर्स जिसे अच्छी सेवा के बदले शासन से सम्मान मिला हो, के नाम रखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ सफाई सहित मिली व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त कराए जाने के निर्देश सीएमएस को दिए। उन्होंने बताया कि अल्ट्रासाउंड के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत मिली है।

जिसके क्रम में अभिलेखों का निरीक्षण किया जा रहा है, यदि शिकायत सही मिली तब संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। मौजूद लोगों ने शिकायत किया कि अस्पताल में सीएमएस द्वारा ऑर्थो ऑपरेशन बंद करवा दिए गए हैं इसके साथ ही महिला चिकित्सक नहीं आती तथा रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के बावजूद भी सप्ताह में मात्र मंगलवार और शुक्रवार को ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलती है सभी बिंदुओं पर उन्होंने कार्यवाही कराए जाने की बात मौजूद पत्रकारों को बताई।

## कार डिवाइडर से टकराई, ड्राइवर सहित चार लोग घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 330 ए पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में कार डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें ड्राइवर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कुमारगंज थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर के पास विद्युत उपकेंद्र के सामने रात करीब 12:30 बजे हुआ। घायलों को स्थानीय लोगों और कृषि विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्डों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद कार से निकाला गया और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली से बिहार जा रही कार (पंजीकरण संख्या: एचआर 38 एएच 9398) हलियापुर की ओर से अयोध्या की दिशा में जा रही थी। ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## वर्तमान समय में संविधान के मूल ढांचे को खतरा पहुंचाने वाली प्रवृत्तियाँ सामने आ रही: सत्यनारायण पटेल

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी द्वारा गुरूवार को प्रेस क्लब में ÷संविधान बचाओ सम्मेलन÷ का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह तथा संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्माने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ,प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, रामजी गिरी, अमित जायसवाल सम्मिलित हुए।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा देश में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती, तथा आम जनमानस को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में संविधान बचाओ सम्मेलन हो रहे हैं। राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा वर्तमान समय में संविधान के मूल ढांचे को खतरा पहुंचाने वाली प्रवृत्तियाँ सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी इसके लिए संघर्ष करती रहेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, जिला प्रभारी रामजी गिरी तथा महानगर प्रभारी अमित जायसवाल ने कहा संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। आज समय आ गया है कि हम सब मिलकर इसके मूल सिद्धांतों दू न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व दू की रक्षा हेतु संगठित हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि संविधान को कमजोर करने की किसी भी कोशिश को कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता और निष्पक्षता आज खतरे में हैं, और ऐसी परिस्थितियों में विपक्षी दलों की ज़िम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। सम्मेलन में युवा नेता जयप्रकाश गुप्ता ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहणकी।

## नहर में युवक की हत्या का पर्दाफाश, दो हत्यारे गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना कुर्सी पुलिस ने 19 वर्षीय युवक संजय की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर तफ्तीश में जुटी पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर घटना का खुलासा किया। घटना 19 मई की है, जब संजय लखनऊ बीबीडी थाना क्षेत्र के इंदिरा नहर में नहाने गया था। वहीं रंजिश के चलते गांव के ही लालजी व उसके साथी मुस्तफा ने पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। हत्या का कारण मृतक द्वारा लालजी के चाचा की बेटी को परेशान करना बताया गया। हत्या के बाद आरोपियों ने संजय की बाइक मित्तई पुल के पास छोड़ दी। 22 मई को मृतक के पिता कमलेश की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ था।29 मई को कुर्सी पुलिस ने दोनों हत्यारों को मदारपुर चौराहा, नहर कोठी से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने गुनाह कबूल कर लिया।

## अहिल्याबाई होलकर के सपनों को पूरा करने में जुटे है मोदी: कमलेश मिश्रा

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा समाज के प्रति किए योगदान और उनके आदर्शों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों को जाति, मत व मजहब के आधार विभाजित नहीं किया जा सकता।क्षेत्रीय अध्यक्ष गुरुवार को नगर पालिका सभागार में स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि छोटी उम्र में विवाह के बावजूद अहिल्याबाई ने अपनी शिक्षा जारी रखी तथा अपने 70 वर्ष के जीवनकाल में आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित की। उन्होंने किसानों, नौजवानों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने औरंगजेब और बाबर के समय में तोड़े गए मंदिरों के पुनरोद्धार का जिक्र करते हुए कहा कि अहिल्याबाई ने मालवा राज्य से बाहर निकलकर पशुपतिनाथ, रामेश्वर, महाकाल, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और बंगाल तक के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। बनारस की तरह माहिष्मति साड़ियां और नर्मदा घाट की भव्यता आज भी उनके सुशासन की गवाही देती है। उन्होंने अहिल्याबाई को नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही थीं, तब भारत में वह एक आदर्श शासन व्यवस्था चला रही थीं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई की प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नारी वंदन अधिनियम और शासन की अन्य योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में लगे हैं। देश की सनातन संस्कृति का गौरव पुनर्स्थापित करने का जो काम अहिल्याबाई ने शुरू किया था उसी को प्रधानमंत्री मोदी मजबूती प्रदान करने में जुटे हैं जिसके चलते नेशन फर्स्ट की भावना बलवती हो रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत गर्व के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## चोरों ने मचाया आतंक, लाखो के जेवरात व नगदी किया पार

**सिद्धौर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात नगर पंचायत सिद्धौर के एक मकान में घुसकर चोर 25 हजार की नगदी समेत लाखों के कीमती जेवरात उठा ले गए। सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की। पुलिस चौकी सिद्धौर के पश्चिम कटरा वार्ड में आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के समीप विनोद कुमार चौरसिया का मकान है। विनोद बीती रात अपने परिवार के साथ छत पर लेटे थे। पड़ोस में बने जीने के रास्ते से अज्ञात चोर छत पर चढ़ गए और छत पर बने जीने का ताला तोड़कर घर में दाखिल हो गए। घर में रखे सोने,चांदी के कीमती जेवरात 25 हजार रुपए की नगदी व घर के मंदिर से लड्डू गोपाल की मूर्ति उठा ले गए। गुरुवार सुबह गृहस्वामी जब सोकर उठे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

## बुजुर्गों के अधिकारों को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी प्रतिमा श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में आज तहसील नवाबगंज स्थित मातृ पित्र सदन में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषयक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धजनों से उनकी समस्याओं, स्वास्थ्य, खानपान और अन्य सुविधाओं के विषय में जानकारी ली गई। वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर भोजन मेन्यू एवं पंजिकाओं की भी समीक्षा की गई। वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता प्रक्रिया और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। संस्था में रह रहे बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। शिविर के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अधिकारों और कानूनी सुविधाओं के प्रति जागरूकता हासिल की।

## भिटौली पुलिस ने रूट मार्च कर सुरक्षा का दिया भरोसा



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को भिटौली पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ रूट मार्च किया। जिसमें उन्होंने जनता की सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रूट मार्च के दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के कई रूटों पर भारी संख्या में निकलकर लोगों से बातचीत भी की और कहा कि पुलिस आप लोगों की सुरक्षा के लिए हमेशा मुस्तैद हैं। साथ ही थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने कहा कि शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को पुलिस बख्शने के बिल्कुल मूड नहीं हैं अराजक तत्वों पर कठोर कार्यवाही होना तय हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की कोशिश है कि आम जनता अपने त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मना सके और सुरक्षा की भावना को बनाए रख सके। इस दौरान चंद्रपाल यादव, सूर्य प्रकाश पांडे सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## जनसेवा केंद्र पर बनाए जा रहे थे फर्जी आधार-पैन कार्ड, पुलिस ने मारा छापा तो हुआ खुलासा



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली के सीबीगंज क्षेत्र में मिलिट्री इंटेलीजेंस के इनपुट पर एसओजी और थाना पुलिस ने बुधवार को भाजपा नेता के जनसेवा केंद्र पर छापा मारा। यहां फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट मार्कशीट, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का धंधा चल रहा था।

बरेली के सीवीगंज में मुकेश देवल के जनसेवा केंद्र पर फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे। आर्मी इंटेलीजेंस, एसओजी, सीबीगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।आरोपी अपने भाई के साथ मिलकर जनसेवा केंद्र की आड़ में फर्जीवाड़ा कर रहा था। आरोपी मुकेश देवल ने अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर खुद को भाजपा के सीबीगंज मंडल का महामंत्री लिख रखा है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सीबीगंज के गांव महेशपुर में मुकेश देवल व उसका भाई दीपक देवल मकान में दुकान खोलकर जनसेवा केंद्र चलाता है। इतना ही नहीं, उसने बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक की सीबीगंज शाखा के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी अपना सिस्टम लगाकर आधार कार्ड बनाने का काम ले रखा है, जो काफी समय से संचालित है।

घर पर संचालित जनसेवा केंद्र में फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, हाई स्कूल व इंटरमीडिएट मार्कशीट, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का धंधा चल रहा था। यह फर्जी कागजात सेना की अग्निवीर भर्ती, रेलवे आदि में प्रयोग किए जाते थे। मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ (बरेली इकाई) की जांच में यह फर्जीवाड़ा सामने आया तो एसओजी व सीबीगंज पुलिस को साथ लेकर बुधवार को जनसेवा केंद्र पर छापा मारा गया।

पुलिस ने मौके से दो लैपटॉप, 50 से अधिक आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, रेलवे अधिकारियों व पार्षदों की मोहरें आदि सामान बरामद किया है। हालांकि आरोपी फरार हो गया है। वहीं भाजपा नेता मुकेश देवल को भाजपा कार्यकर्ता भी मानने से इनकार कर रहे हैं, जबकि उसकी भाजपा के कार्यक्रमों में भूमिका रहती थी। कई नेताओं के साथ उसके फोटो भी सामने आए हैं।

## परिवार परामर्श केंद्र ने दम्पति में कराई सुलह



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में वैवाहिक विवादों के त्वरित एवं शांतिपूर्ण समाधान हेतु महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी निरीक्षक रत्ना कुमारी के कुशल नेतृत्व में एक दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद के प्रकरण में सुलह समझौता संपन्न कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद और पारिवारिक कलह के संबंध में परिवार परामर्श केंद्र में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उन्हें पारिवारिक जीवन की महत्ता समझाई गई तथा परामर्श के दौरान आपसी सहमति एवं स्नेहपूर्ण वातावरण में दम्पति के मध्य विवाद का समाधान कर सुलह समझौता कराया गया। पुलिस अधीक्षक विजयवर्गीय ने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की टीम की सराहना करते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान संवाद और समझदारी के माध्यम से ही संभव है। समाज में सौहार्द्र और पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखने हेतु इस तरह की पहल अत्यंत सराहनीय है।

## डीएम ने व्यापारियों की सुनी समस्याओं का समाधान करने के दिए निर्देश



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याएं सुनी गईं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। डीएम ने बाराबंकी शहर में वन-वे व्यवस्था का सख्ती से पालन कराने, पार्किंग रहित निजी अस्पतालों पर नोटिस जारी करने और प्रमुख बाजारों में वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था हेतु भूमि चिन्हांकन की कार्ययोजना मांगी। ई-रिक्शा संचालन को लेकर भी सख्त रुख अपनाते हुए कलर कोडिंग और निश्चित रूट लागू करने के निर्देश दिए। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्गों पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित रखने की हिदायत दी। बैठक में छाया चौराहे की लेबर मंडी को पार्किंग स्थल पर स्थानांतरित किए जाने के निर्णय पर व्यापारियों ने डीएम की सराहना की।

## लाइनमैन को परेशान करने पर जेई ने किया शिकायत

**मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** विद्युत उपकेंद्र मिठौरा के अवर अभियंता ने सिंदुरिया थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर लाइनमैन को परेशान करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग किया हैं। अवर अभियंता ने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम सभा मोरवन में विद्युत विभाग द्वारा जाँच अभियान चलाया गया। जिसमें गाँव के कुछ लोगों का विद्युत विच्छेदन किया गया। इस दौरान गाँव के कुछ शरारती लोगों के द्वारा लाइनमैन का पोल पर चढ़?ने वाला चप्पल गायब कर दिया बाईक से प्लग निकाल दिया जिससे लाइनमैन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## ब्लाक मुख्यालय पर मनाया गया अहिल्याबाई होलकर की जयंती



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय बृजमनगंज में अहिल्याबाई होलकर की जंयती मनाई गई। जिसमें उनके योगदान के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फरेंदा विधानसभा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने पति,बेटा व ससुर को खोने के बाद भी बहुत मजबूती से अपने राज्य को संभाला तथा गरीबों व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए योजना बनाई। इस दौरान क्षेत्र पंचायत प्रमुख उदयराज यादव व बीडीओ सच्चिदानंद शुक्ल बड़ी संख्या में महिलाएं व भाजपा कार्यकर्ता हरिश्चंद्र सोनकर,रमेश सिंह, राजाराम, ट्विकंल पाण्डेय, शैलेश सिंह, दिलीप गुप्ता, राहुल सिंह, चंदू सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, दिनेश रौनियार, मधुर सिंह, सभासद जे पी गोंड सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## यात्रा करने के दौरान पति ने पत्नी पर किया हमला

**महराजगंज।** बस में सफर करने के दौरान पति पत्नी में विवाद हो गया। जिसमें पत्नी गंभीररूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार पनियरा क्षेत्र के सूचितपुर बघईना गांव के एक व्यक्ति का अपने पत्नी से विवाद चल रहा हैं। मामला न्यायालय में भी चल रहा है। लेकिन गुरुवार को दोनों कोर्ट में पेशी के बाद एक प्राइवेट बस से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बस में ही रसूलपुर के पास दोनों के बीच कहा सुनी शुरू हो गई जो अचानक हिंसक झगड़े में में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में सवार यात्रियों को यह बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि मामूली विवाद इतना बड़ा रूप ले लेगा। झगड़े के दौरान आरोपी व्यक्ति ने अचानक जेब से धारदार हथियार निकाला और पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और बस में चीख पुकार मच गई। बस रुकवाने के बाद आरोपी बस से कूदकर भाग निकला।लेकिन मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों और यात्रियों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया।

## अहिल्याबाई होलकर के आदर्श अनुकरणीय : संजय पांडेय

## मनाई गई अहिल्याबाई होलकर की त्रयशतक जयंती



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय क्षेत्र पंचायत कार्यालय सभागार में गुरूवार को अपराह्न अहिल्या बाई होलकर के त्रयशतक जयंती वर्ष के अवसर पर ब्लॉक स्तरिय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक की जॉब कार्ड धारक, बैंक सखी व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सभागार में उपस्थित अतिथियों का क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ संजय पांडेय ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य अहिल्याबाई होलकर के जीवन और आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक न्याय और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की उन महान नारियों में से हैं, जो नारी शक्ति की प्रतिमूर्ति थीं। उनकी ओर से कराए गए कार्य आदर्श एवं अनुकरणीय हैं। इस बीच जॉब कार्ड धारक, बैंक सखी महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मधु पांडेय ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कोदई निषाद व खंड विकास अधिकारी अर्जुन चौधरी ने किया। इस दौरन जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धीरू सिंह, राजन विश्वकर्मा, नागेंद्र मल्ल, धरनाथ खरवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य जगरनाथ गोंड़ आदि मौजूद रहे।

## योग और प्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा योग और प्रयोग से संबंधित कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें योग को आत्मा एवं परमात्मा से जोड़कर कैसे शारीरिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त किया जा सकता है? इसे विस्तार से बताया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिसवा शाखा में गुरूवार को त्रिपुर कोयम्बटूर से पधारे एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ अनिल पांडेय ने योग और योग के प्रयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास में सर्वप्रथम अपनी आत्मा को प्रकाश रूपी ज्योति बिंदु से जोड़ना चाहिए और परमपिता से सीधे कनेक्ट होकर मन की कलुषिता को दूर फेंकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में योग बहुत जरूरी है योग का अर्थ जोड़ना होता है, योग के माध्यम से हम शरीर को स्वस्थ मन को तंदुरूस्त रख सकते हैं, योग से आत्मा को परमात्मा से जोड़ सकते हैं। योग के अभ्यास से शारीरिक और मानसिक रोग नष्ट हो जाते हैं। कर्मेंद्रियां शीतल एवं शांत हो जाती है। मनुष्य ईश्वर को प्राप्त कर स्वर्गीय सुख को प्राप्त करता है। इस दौरान सोमनाथ चौरसिया, एनबी पाल, ब्रह्मकुमारी मनोज, अमृता, पूनम, गायत्री, संजय, सुनीता, रीना सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्राथ्मिकता के आधार पर 19 पैरामीटर के अनुसार मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से माह जुलाई 2025 के अन्त तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। सभी खण्ड विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी क्षेत्र में निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ले। आंगनबाड़ी भवन के सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गयी। जर्जर व मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्र 8 पैरामीटर के आधार पर मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सीडीपीओ के माध्यम से कार्य की प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ओडीएफ माडल ग्राम की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिन ग्रामों में अन्नपूर्णा भवन आरआरसी सेन्टर हेतु भूमि चिन्हित नही है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चयन की कार्यवाही कराये। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हो गया है उनका प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। राज्य वित्त आयोग/केन्द्र वित आयोग की समीक्षा में नियमानुसार व्यय कर लें। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। पंचायत भवन समय से खुले। ओपन जिम का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। सीएचसी, पीएचसी मरम्मत कार्य पूर्ण हो गया है जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा उसे हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पीडी/प्र. मुख्य विकास अधिकारी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीपीआरओ पवन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज शुक्ला समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत सरकार में मंत्री मनोहर लाल ने 1000 सीट की क्षमता के आडिटोरिम हाल का शिलान्यास किया

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जेल रोड स्थित बीएसए ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में 1000 सीट की क्षमता के आडिटोरिम हाल का शिलान्यास मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य, बिजली मंत्रालय, भारत सरकार मनोहर लाल द्वारा किया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल, सदस्य विधान परिषद, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, विधायक विनय वर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोविन्द माधव भी मौजूद रहे।

मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य, बिजली मंत्रालय, भारत सरकार मनोहर लाल को सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया गया।

मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस भीषण गर्मी में आप सभी लोग आये है मै आप सभी का अभिन्नदन करता हूँ। मेरा स्वास्थ्य ठीक न होने पर पर भी सांसद जी के आग्रह पर यहां आया हूँ। मुझे सांसद जी ने कपिलवस्तु स्तूप एवं कपिलवस्तु म्यूजियम भी दिखाया। गौतम बुद्ध के पिता की राजधानी के अवशेष आज भी वहां पर है। गौतम बुद्ध ने जीवन के 29 वर्ष यही पर व्यतीत किया। बौद्ध धर्म को मानने वाले बहुत से लाग है। इस क्षेत्र में पर्यटन का विकास करके लोगो को रोजगार दिया जायेगा। भगवान




श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश हरियाणा की धरती पर दिया था। श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि दुष्ट से युद्ध करके शान्ति लाना चाहिए। हमारी धरती युद्ध को प्राथ्रमिकता नही देती है। लेकिन युद्ध करके स्थायी शान्ति लाना चाहिए। आज 1000 सीट की क्षमता के इस हाल का शिलान्यास किया गया है इसके लिए आप सभी को बधाई देता हूँ। जनपद सिद्धार्थनगर आकांक्षी जनपद है। आकांक्षी जिलों में सरकार द्वारा विशेष योजनाएं चलाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्य किया जाता है। यहां पर विकास का कार्य हो रहा है। भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा पात्रों को आवास दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओ के लिए रू0 5 लाख तक आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। निःशुल्क खाद्यान्न वितरण, महिलाओ के लिए उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क गैस कलनेक्शन, रोजगार हेतु मुद्रा योजनान्तर्गत ऋष्ा की सुविधा दी जा रही है। मंत्री मनोहर लाल ने जिला प्रशासन का भी आभार प्रकट किया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा मंत्री मनोहर लाल जी का स्वागत करते हुए कहा कि मंत्री जी ने मेरे आग्रह को स्वीकार किया। आज का दिन महत्वपूर्ण है। यह गौतम बुद्ध की धरती है। हमने दुनिया को बुद्ध दिया। गौतम बुद्ध ने शान्ति, अंहिसा और करूणा का सन्देश दिया। काला नमक चावल आज दुनिया के बाजारों में बिक रहा है। आज मंत्री जी द्वारा 1000 सीट की क्षमता के ऑडिटोरिम हाल का शिलान्यास किया गया है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने मंत्री मनोहर लाल जी एवं अन्य सभी का स्वागत करते हुए कहा कि 1000 सीट की क्षमता का यह हाल बन जाने से जनपद को एक पहचान मिलेगी। सदस्य विधान, उप्र डा0 धर्मेन्द्र सिंह ने मंत्री जी का इस शिलान्यास कार्यक्रम में स्वागत करते हुए कहा कि माधव प्रसाद त्रिपाठी की इस भूमि पर मंत्री जी का अभिनन्दन करता हूँ। इस अवसर पर मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य, बिजली मंत्रालय, भारत सरकार मनोहर लाल द्वारा सिद्धार्थ पॉलीटेक्निक स्कूल के 5 बच्चों को स्मार्ट फोन/टेबलेट दिया गया। इस ऑडिटोरियम हाल के लिए सीएसआर मद से ऊर्जा विभाग के पी.एफ.सी., आर.ए.सी. एवं एन.टी.पी.सी. के सहयोग से 1000 सीट की क्षमता के हाल का निर्माण कराया जायेगा। जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री दीपक मौर्य द्वारा मंत्री मनोहर लाल, सांसद तथा अन्य जनप्रतिनिधिगणों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम कुमार कुँवर, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लालजी त्रिपाठी, जिला प्रभारी भाजपा हरिचरण कुशवाहा, शिवनाथ चौधरी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

**इस क्षेत्र में पर्यटन का विकास करके लोगो को दिया जायेगा रोजगार : मंत्री**

# निकाह के बाद बाराती व घराती मे विवाद लड़की वहा जाने से कर रही इनकार

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खीराडीहा में निकाह के बाद लड़के वालों के द्वारा दो लाख रुपए मांगने को लेकर लड़की पक्ष व लड़का पक्ष वालों में विवाद उत्पन्न होने के बाद लड़की के पिता लायक अली पुत्र शाह अली ग्राम खीराडीहा ने लड़की को वहां न भेजने का फैसला लेते हुए थाने पर तहरीर देकर लड़का शहबान अली पुत्र साबिर अली ग्राम -छगडिहवा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थ नगर के खिलाफ तहरीर देकर कहा है की मै अपने लड़की की शादी छगडिहवा मे तय किया था जो बरात आने से पहले पांच लाख रुपए दिया था एक सप्ताह पहले लड़के के द्वारा पल्सर बाईक मांग किया गया था वह भी खरीद लाया था फिर बारात आने के बाद दो लाख रुपए की मांग किया गया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। लड़की के पिता लायक अली ने अपने तहरीर में देकर कहां है कि मैं अपने लड़की की जब शादी तय किया बारत आने से कुछ माह पहले पांच लाख रुपया व एक पल्सर मोटर साइकिल दहेज में दिया था। ग्रामीणो कहना की दहेज में जो समान दिया जाता है जैसे बेड,कुलर,फ्रीज,वासिंग मसीन, अलमारी, बर्तन व घरो मे स्तेमाल करने वाला समान भी चला गया है।तय समय के अनुसार लड़के के पिता साबिर अली ने बारात भी ले आया। बारातियों के नाश्ता पानी के बाद निकाह का कार्यक्रम भी सम्पन्न हो गया। जब भोजन करने के लिए लड़के व उसके परिवार को कहां गया तब लड़का व उसके परिवार ने दो लाख रुपए की मांग करने लगे और कहे जब तक पैसा नहीं मिल जायेगा तब तक भोजन नहीं किया जायेगा।इसी बात को लेकर लड़की व लड़के वालो के पक्ष वालों में विवाद हो गया ग्रामीणों व रिस्तेदारो द्वारा बहुत समझाने की कोशिश किया गया लेकिन बात नही बनी। जिस के बाद दुल्हा गाड़ी व लड़कें के परिवार वालों को यह कह कर रोक लिया गया कि जो हम पैसा गाड़ी दिये है उसको दो नहीं तो नहीं जाने दिया जायेगा। जिसके के बाद किसी व्यक्ति द्वारा 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस ने विवाद आगे न बढ़ने के कारण दुलेहे की गाडी व उसके परिवार को थाने पर बैठा लाई है और दोनो पक्ष को सुलह समझौता के लिए बैठाया गया। लड़के वालों का कहना है कि लड़की हम ले जायेंगे, वहीं लड़की के पिता का कहना है कि लड़की हद्दीशुनिशा जाने के लिए उस घर पर तैयार नहीं है।

## भाजपा सरकार में ही बेटियों द्वारा आपरेशन सिंदूर जैसा अभियान संभव : अनिल

**कुदरहा।** ब्लाक सभागार में गुरुवार को अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा जिला महामंत्री शालिनी मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव, संयोजक मनोज पासवान व खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मलयार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने ऐसे समय में महिलाओं के जीवन में सुधार लाया जब समाज पुरूष प्रधान था। महिलाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए बेटियों के शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। जिससे 21वीं सदी नारी सदी बनाने की परिकल्पना साकार पूरा हो सके। विशिष्ट अतिथि शालिनी मिश्रा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की देन है कि अब बेटिया आपरेशन सिंदूर को अंजाम दे रही हैं।

## मंत्री मनोहर लाल ने किया कपिलवस्तु स्थित स्तूप एवं म्यूजियम का अवलोकन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंत्री विद्युत आवासन एवं शहरी कार्य भारत सरकार मनोहर लाल द्वारा गुरुवार को सांसद जगदम्बिका पाल, सदस्य विधान परिषद डॉ धर्मेन्द्र सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव के साथ कपिलवस्तु स्थित स्तूप एवं कपिलवस्तु म्यूजियम का अवलोकन किया। मंत्री विद्युत आवासन एवं शहरी कार्य भारत सरकार मनोहर लाल ने महात्मा गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन के राजमहल के अवशेष कपिलवस्तु का भ्रमण कर देखा। मंत्री जी द्वारा भन्तेगणो से बात भी किया गया। इसके पश्चात मंत्री द्वारा कपिलवस्तु म्यूजिमय को देखा गया। म्यूजियम में लगे महात्मा गौतम बुद्ध की चित्र प्रदर्शनी को अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन, जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



**नेपाल गणतंत्र दिवस पर विशेष**

# वैश्विक फलक पर तेजी से जगह बनाता नेपाल : मशहूद खां

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नेपाल में गणतांत्रिक प्रणाली की स्थापना को सत्रह वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब भी समय-समय पर गणतंत्र की वैधता पर सवाल उठते रहते हैं। कभी व्यक्तिगत निराशा के कारण, तो कभी प्रणालीगत चुनौतियों को आधार बनाकर कुछ आवाजें यह दावा करती हैं कि गणतंत्र असफल हो चुका है। लेकिन अगर इन सतही शोरगुल से हटकर हकीकत की गहराई में झांका जाए, तो स्पष्ट हो जाता है कि गणतंत्र ही वह एकमात्र रास्ता है जिसका कोई दूसरा विकल्प मौजूद नहीं है। खासकर नेपाल जैसे बहुभाषी, बहुजातीय और भौगोलिक विविधता वाले देश के लिए गणतंत्र ही वह एकमात्र और स्थायी प्रणाली है जो भागीदारी, न्याय और पारदर्शी शासन की गारंटी दे सकती है। इस सच्चाई को कुछ बिंदुओं में यूं स्पष्ट किया जा सकता है राजा नहीं, जनता ही सबसे सर्वोपरि अतीत में जब देश में राजशाही थी, तो राज्य का स्रोत केवल एक व्यक्ति को माना जाता था। वही आदेश, वही कानून, वही न्याय और वही अधिकार का केंद्र था। लेकिन गणतंत्र में सर्वोच्च सत्ता जनता के पास होती है। आज कानून बहस, चर्चा, संसदीय प्रक्रिया और जनमत से बनते हैं। जनता के कर से चलने वाली सरकार में जनभागीदारी, उत्तरदायित्व और कानून की सर्वोच्चता को आधार बनाया गया है और यही गणतंत्र की असली आत्मा है।

**भागीदारी और पहचान का अधिकार**- गणतांत्रिक प्रणाली के बाद ही नेपाल के संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार, दलितों को सशक्त स्थान, आदिवासियों को पहचान, मुस्लिमों को धार्मिक स्वतंत्रता और राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व तथा मधेसी समुदाय को राज्य में भागीदारी का अधिकार दिया। संघीय ढांचे, आनुपातिक निर्वाचन प्रणाली और समावेशी नियुक्तियों ने सत्ता को पहाड़ी बहुसंख्यक केंद्र से निकालकर राष्ट्रीय विविधता की वास्तविक प्रतिनिधित्व तक पहुँचाया। आज स्थानीय स्तर से लेकर संघीय सरकार तक जो भागीदारी दिखाई देती है, वह साधारण बात नहीं है, बल्कि यही गणतंत्र की सच्ची तस्वीर है जो राजशाही के युग में केवल एक सपना था।

संवैधानिक और कानूनी सुधारों की नींव- गणतंत्र ने 2006 के बाद धार्मिक स्वतंत्रता, संघीयता, नागरिक अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और समानता जैसे उच्च मूल्यों को संवैधानिक आधार प्रदान किया। ये सभी अधिकार किसी एक व्यक्ति की इच्छा या राजा के आदेश पर आधारित नहीं, बल्कि एक संयुक्त संवैधानिक और कानूनी व्यवस्था के अंतर्गत सुरक्षित और सुनिश्चित किए गए हैं, जो एक आधुनिक और गणतांत्रिक समाज की नींव रखते हैं। **आर्थिक अवसरों का विस्तार**- राजशाही के युग में विदेश रोजगार, निवेश, पर्यटन, डिजिटल अर्थव्यवस्था, सहकारी प्रणाली और वित्तीय पहुंच जैसे क्षेत्र सीमित दायरे में थे। गणतंत्र ने इन सभी क्षेत्रों का विस्तार किया। विदेश रोजगार, माइक्रोफाइनेंस, स्टार्टअप्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि उद्योग और महिलाओं तथा युवाओं के लिए उद्यमिता के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालांकि इनमें और सुधार की गुंजाइश बनी हुई है, लेकिन अब वह स्थिति नहीं रही जब विदेशी निवेशक भयभीत होते थे। आज निवेश का स्वागत किया जाता है, जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। राजनीतिक स्थिरता में चुनौतियां, लेकिन समाधान भी गणतंत्र में ही है गणतांत्रिक प्रणाली में राजनीतिक दलों के आपसी मतभेद, सरकारों की अनिश्चित अवधि, भ्रष्टाचार और निर्णय प्रक्रिया में देरी जैसी समस्याएं जरूर मौजूद हैं। लेकिन इन समस्याओं का समाधान प्रणाली परिवर्तन में नहीं, बल्कि राजनीतिक चरित्र और मूल्यों में सुधार, नेतृत्व में ईमानदारी और जनता में जागरूकता के माध्यम से संभव है। जहां राजशाही में ऐसे मुद्दों को ढक दिया जाता था, वहीं गणतंत्र में खुली बहस और जवाबदेही की गुंजाइश होती है और यही एक विकसित राष्ट्र की पहचान है।

गणतंत्र बनाम राजशाही अतीत और वर्तमान की तुलना राजनीतिक स्वतंत्रता राजशाही काल में शासक के खिलाफ आवाज उठाना अपराध था। आज राष्ट्रपति तक की आलोचना की स्वतंत्रता है और यह हर नागरिक का मौलिक अधिकार बन चुका है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अतीत में मीडिया सरकारी नियंत्रण में था। आज प्रेस की स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण के साथ चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता प्राप्त है। **शिक्षा और चेतना** – राजशाही काल में शिक्षा का उद्देश्य आज्ञाकारिता सिखाना था। आज आलोचनात्मक सोच, अनुसंधान और अभिव्यक्ति की संस्कृति विकसित हो चुकी है, जो जागरूक नागरिक तैयार करती है। **अंतरराष्ट्रीय पहचान** – गणतांत्रिक नेपाल ने मानवाधिकार, समावेशिता और सतत विकास जैसे सिद्धांतों पर अपनी पहचान बनाई है। आज नेपाल एक ऐसे देश के रूप में पहचाना जाता है जो मूल्यों के आधार पर वैश्विक मंच पर आगे बढ़ रहा है।

गणतंत्र को बेहतर बनाया जा सकता है, छोड़ा नहीं जा सकता गणतंत्र एक विकासशील प्रक्रिया है जो निरंतर सुधार की मांग करता है। इसमें मौजूद कमियों को चेतना, सुधार और जवाबदेही के माध्यम से दूर किया जा सकता है। लेकिन गणतंत्र को छोड़कर राजशाही की ओर लौटने की बात करना मानो अतीत के अंधकार, अन्याय और तानाशाही को पुनर्जीवित करने जैसा होगा। अंत में कहा जा सकता है कि गणतंत्र कोई जादुई चाबी नहीं जो पल भर में समृद्धि ले आए, लेकिन यह वह व्यवस्था जरूर है जो जनता को गरिमा, स्वायत्तता और अधिकार प्रदान करती है। इसे सफल बनाना केवल नेतृत्व की ही नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक की भी साझा जिम्मेदारी है। प्रणाली में मौजूद समस्याओं को आधार बनाकर गणतंत्र पर हमला करना वास्तव में इतिहास और भविष्य दोनों के साथ अन्याय होगा।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर महिलाओं को किया सम्मानित

## पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर हुआ कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत में न्याय, त्याग,सुशासन और जनसेवा की प्रतीक पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशों के क्रम में चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत आज नगर पंचायत डुमरियागंज के कार्यालय सभागार कक्ष में निकाय में कार्यरत महिला सफाई कर्मियों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में महिला सफाई मित्र एवं अन्य सफाई मित्रों का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जांच किया गया और दवा का वितरण किया गया।

इस आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की टीम, बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर, महिला सफाई मित्र किरन, बिंदू देवी, नगीना, नीलम, मालती तथा समस्त सफाई नायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेटियों के शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है

**कुदरहा।** ब्लाक सभागार में गुरुवार को अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा जिला महामंत्री शालिनी मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव, संयोजक मनोज पासवान व खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मलयार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने ऐसे समय में महिलाओं के जीवन में सुधार लाया जब समाज पुरूष प्रधान था। महिलाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए बेटियों के शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। जिससे 21वीं सदी नारी सदी बनाने की परिकल्पना साकार पूरा हो सके। विशिष्ट अतिथि शालिनी मिश्रा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की देन है कि अब बेटिया आपरेशन सिंदूर को अंजाम दे रही हैं। बिटियो को आगे बढ़ने में भाजपा सरकार की देन है।

**सकुशल हल्लौर लौटा ज़ायरीनों को दूसरा काफिला**

# हम सबको इमाम के बताए रास्ते को अपनाने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए : मौलाना अली अब्बास

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार 6 मई को जो मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी के हमराह हल्लौर से दूसरा काफिला ईरान इराक के धार्मिक स्थलों की ज़ियारत के लिए गया था वो आज सकुशल वापस वतन लौट आया है। सकुशल वतन वापसी पर एक मजलिस इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी में सुबह 10- 30 बजे आयोजित की गई। जिसमें मर्सियख्वानी के फ़रायज़ को शाहिद आलम व हमनवा ने अंजाम दिया।

मजलिस को मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सबका फ़रीज़ा है कि हम सबको इमाम के बताए रास्ते को अपनाने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए। अंत मे मसाएब ए सैय्यदुश शोहदा बयान किया तो मौजूद लोगों की आंखे नम हो गई। बाद मजलिस लोगों ने ज़ायरीनों से गले मिलकर मुबारकबाद दिया। बताते चले कि क्षेत्र के उपनगर हल्लौर से इराक ईरान स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों की ज़ियारत के लिए जायरीनों का जो दूसरा काफिला रवाना हुआ था।

उसमें मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी, बदरुल हसन लल्लू सर, मज़हर अब्बास मास्टर, मुन्नू इंजीनियर व 8 ख्वातीन शामिल थी। मजलिस के दौरान जमाल हैदर, अली ताहिर राजा, शमशुल बब्बू, वजीर हैदर विलियम, राहिब रिज़्वी, जलाल, मेंहदी फूलदार, दिलशाद, खूलूस, हामिद मासूम, वजारत, जुलूस, अज़ादार अज्जा, झम्मन माली, शब्बीर मास्टर, इक़्तेदार मेंहदी, नौशा, बदलू, बिक्कन, शौकत, कासिम, मोजिज, अब्बास हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलियाडीह में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका रिंका सोनी (24) का शव घर मे संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पुलिस ने मायके पक्ष की शिकायत पर 2 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। घटना बृहस्पतिवार की है। रिंकी की शादी 3 वर्ष पहले हिन्दू रिति रिवाज से तेलियाडीह के रमेश सोनी के साथ हुई थी। जो की जब से अपने ससुराल गयी थी तब से कभी खुश नहीं थी मृतका के भाई ने बताया मेरी बहन जब भी घर आती थी तो अपनी मम्मी से कहती थी कि मेरी शादी सही नहीं हुई है मुझे रोज खरी खोटी सुनाई जाती है पति तथा घर वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं और वहीं हुआ जिसका डर था बृहस्पतिवार को मेरी बहन को पति तथा उसके पिता ने जहर पिला कर मार दिया मेरी बहन को एक तीन वर्ष की बेटी है मृतका के भाई ने डुमरियागंज थाने में लिखित तहरीर दी है इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा पंजीकृत हो गया है पति व ससुर को गिरफ्तार किया गया है तथा पुलिस छानबीन में लगी है जिसमें हत्या का असली कारण पता चल सके।



## सात खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में सात खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार की ओर से जारी आदेश में सदर ब्लाक नौगढ़ में कार्यरत रहे खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र पाल को मिठवल ब्लाक की नई जिम्मेदारी दी गई है। डुमरियागंज के बीईओ संजय कुमार को शोहरतगढ़, रामू प्रसाद को बढ़नी से हटाकर उन्हें बर्डपुर ब्लाक में नवीन तैनाती दी गई है। अरूण कुमार को बर्डपुर ब्लाक से हटाकर बढ़नी में तैनात किया गया है। अशोक कुमार सिंह को लोटन से स्थानांतरित करते हुए डुमरियागंज भेजा गया है। राम कुमार सिंह को मिठवल ब्लाक से नौगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है। संतोष कुमार शुक्ला को शोहरतगढ़ ब्लाक से हटाकर लोटन की जिम्मेदारी दी गई है।

# सांसद जगदंबिका पाल ने रोड स्वीपर मशीन के वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** अब शहर की मुख्य सड़कों की सफाई मशीन से होती हुई नजर आएगी। नगर पालिका परिषद ने शहर की सड़कों की सफाई के लिए ऑटोमेटिक रोड स्वीपर मशीन की खरीद की है। गुरुवार को शहर के हनुमानगढ़ी पर सांसद जगदंबिका पाल ने पूजन-अर्चन कर रोड स्वीपर मशीन के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि यह मशीन जनपद ही नहीं, बस्ती मंडल के किसी भी निकाय में उपलब्ध नहीं है। आने वाले समय में शहर में सफाई व्यवस्था काफी बेहतर हो जाएगी। इससे न सिर्फ मैन पॉवर की बचत होगी, बल्कि सड़क के अलावा फुटपाथ आदि की भी सफाई आसानी से संभव हो सकेगी। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव ने बताया कि यह मशीन सड़क की सारी धूल और गंदगी खींचकर अपने अंदर ही इकट्ठा कर लेती है। फिर इकट्ठा हुई धूल, गंदगी निर्धारित स्थल पर डंप कर दिया जाएगा। इसमें समय भी कम लगेगा और सड़क की बेहतर ढंग से साफ हो जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर/प्रभारी अधिशासी अधिकारी कल्याण सिंह मौर्य, सभासद धनन्जय सहाय, फतेह बहादुर सिंह, शिव कुमार जायसवाल, सुधीर यादव व केदार जायसवाल, भाजपा के जिला मंत्री विपिन सिंह, अजय उपाध्याय, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, अखिलेश्वर पांडेय, अर्चिष्मान मिश्र, ओम प्रकाश यादव, हनुमंत सिंह, विजय पांडेय, अमित श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, मनोज चौबे, कुलदीप यादव, अखिलेश यादव, राजेश यादव, बृजेश श्रीवास्तव, नपा के लिपिक जमील, कर्मचारी दीपक, अज्जू आदि की उपस्थिति रही।

## सड़क दुर्घटना मे घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** 2 दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने गुरुवार को सुबह लखनऊ में दम तोड़ दिया पुलिस ने आरोपियों की विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है । मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कन्नूपुर गांव के निकट का है जो बीते 27 मई को घटित हुई थी । कोतवाली क्षेत्र के उसरहा गांव निवासी अमित सिद्धार्थ ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया था कि 27 मई को सुबह मै अपने चाचा से शिवजोर के साथ अंबेडकर नगर जा रहा था तभी जलालपुर अकबरपुर मार्ग कन्नूपुर पेट्रोल पंप के निकट अज्ञात बाइक सवारो ने टक्कर मार दिया था जिससे चाचा गंभीर रूप से घायल हो गये थे इन्हें इलाज हेतु लखनऊ में भर्ती कराया गया पुलिस ने अमित की शिकायत पर आरोपियों की विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर ही रही थी कि गुरुवार को सुबह घायल शिवजोर की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई है

## पाकिस्तानी आतंक

पाकिस्तान से सीमा पार का आतंक की सिन्दूर के जरिये पाकिस्तानी आतंक पर किये गये हमले की सच्चाई दुनियां के सामने लाने के लिये सात डेलीकेशन दलों का विभिन्न देशो का दौरा एक कूटनीतिक पहल है। पहले तो डेलीकेशन दलों में शामिल विभिन्न पार्टियों के सदस्यों के शामिल होने और करने से यह धारणा मजबूत होती है कि विदेशी हमलों के खिलाफपूरा देश एक है। कांग्रेस के जरूर इससे कुछ एतराज है जो उसको एक और राजनीतिक भूल कही जायेगी।

आतंक से पाकिस्तान ऐटम बम की धमकी दिखा इसका फायदा उठाता रहा है पर इस बार भारत ने अपना डेलीगेशन भेजा वे पाकिस्तान की धमकियों को बेनकाब करेगे और पाक को स्पष्ट करेगा अगर इस बार भारत पर किसी प्रकार का हमला हुआ तो भारत उसे युद्ध मान सैनिक नियमों के अनुसार उससे निपटेगा पाक को चीन तुर्किये जैसे कुछ देश अपने हित के लिये पाक को समर्थन और मदद देते रहते है। पाक झूठा प्रचार किया है कि इस अवरोध में उसने भारत के कई ठिकाने नष्ट किये तो युद्ध काल में झूठ अपने पक्ष के हितो का ध्यान रख अपने सैनिको का मनोबल बढ़ाने के लिये और दुश्मन देश के सैनिको का मनोबल गिराने के लिये किया जाता है। यह युद्ध के प्रोटोकाल में आता है। आपरेशन सिन्दूर के जरिये भारत ने आतंक के खिलाफलड़ाई में भारत का न्यू नार्मल सामने आयी है। दुनियां को पता चलेगा कि पाकिस्तान के टेरर पालसी के चलते यह टकराव आया है। पाक को आईएफ्एम से मिले मदद पर भी भारत ने विरोध जताया है। अपने दुहराया है कि विदेशी देशो और आइएफ्एम से मिले अनुदानों का उपयोग पाकिस्तान का सैनिक शासन अपने व्यक्तिगत उपयोग में लाता है और आतंकी ग्रुपो को पालने पोषने में लगाता है।

भारत से जब टक्कर होती है तो पाकिस्तान अपने नागरिकों की परवाह नही करता है उन्हें ढाल बना लेता है। जब टकराव खत्म होता है तो ऐश करते है आतंकियों को बढ़ावा देते है। भारत ने स्पष्ट किया है उसकी लड़ाई आम लोगो से नही आतंकियों और उसके आकाओं से है। सिन्धु जल इस लिये निलम्बित किया है क्योकि इसके समझौते में भारतीय हितो का ध्यान नहीं रक्खा गया है और पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नही निभाया है। अब उसे पानी पर सहानुभूति पाने का मौका नही मिलना चाहिये।

पाकिस्तान को अपने कुकर्मो के लिये बारबार इसलिये दुस्साहस करते है कि उसको चीन और तुर्किये जैसे देशो से उसे बढ़ावा मिलता रहता है। इस बार इन दोनो मुल्को ने अपने मतलब के लिये पाका का फ्रि सपोर्ट किया। भारत की कूटनितिक पहल से इन पर कुछ प्रभाव पड़ेगा और अल्प देश भी फ्रि वाकिफहोगे। भारत में बनाये डेलीगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधि शामिल है। भारत की एक जुटता और विदेशी हमले के खिलाफ अटूट एकता का सन्देश विश्व में जाता है। भारत आतंकवाद के खिलाफविश्व को सच्चाई दिखाने के लिये प्रतिबद्ध है। मोदी जी बारबार कहते रहते है भारत बौद्ध, शान्ती और अहिंसा का देश है। युद्ध से उसकी कोई प्रतिद्धता नही है सिवाय देश की और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर मोदी का यह प्रचार विश्व में चर्चा का विषय बना रहता है। अपने विदेश मंत्री जयशंकर और विदेश सचिव मिस्त्री इसके प्रसार में अमूल्य योगदान दे रहे है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री शाह भी बधाई के पात्र है।

## हिन्दी पत्रकारिता का क्षेत्र डिजिटल युग में तेजी से बढ़ा

30 मई को प्रति वर्ष 'हिंदी पत्रकारिता दिवस' मनाया जाता है । इसके मनाने का उद्देश्य यह है कि आज से दो सदी पूर्व अर्थात 199 साल पहले सन 1826 ई. को भारत मे पहला हिन्दी समाचार पत्र यानी अखबार/न्यूज पेपर निकला था । जिसका नाम 'उदन्त मार्तण्ड' था। इससे पहले अंग्रेजी, बंगला, फारसी और उर्दू में अखबार निकलता था। जो सप्ताहिक था और आज के सप्ताहिक पेपर जो रविवार को निकलता है ऐसा नही था यह पेपर हर मंगलवार को निकलता था। यह अखबार कोलकाता (उस समय कलकत्ता) से निकलता था। जिसके सम्पादक एवं प्रकाशक पंडित जुगल किशोर शुक्ल थे। उस समय उस अखबार का साइज आज के अखबार ब्रॉडशीट साइज 15 इंच × 22.75 इंच से एक दम से अलग किताब की साइज का होता था यानी 8 इंच म 12 इंच आकार का । इसका 79 अंक तक ही निकला और आर्थिक कारणों से इसे सन 1826 ई. में दिसम्बर महीने की 4 तारीख को में बंद कर दिया गया । इस हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' में ब्रज और खड़ी बोली दोनों का मिश्रण था । इसका कारण यह था कि इस अखबार के सम्पादक और स्वामी जुगल किशोर शुक्ल उत्तर प्रदेश के औद्योगिक नगरी कानपुर के रहने वाले थे। इसलिए इस अखबार को मध्यदेशीय भाषा वालों का अखबार भी कहा जाता था । ये बहुत बड़ी बात है कि उस दौर में जब सफर के बहुत कम साधन थे फिर भी लगभग एक हजार (1000 किमी) किलोमीटर दूर और उस समय के भारत की राजधानी कलकत्ता में जाकर हिन्दी का अखबार निकालना वह भी गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र में किसी आंदोलन से कम नही था। उस समय रोजगार के लिए हिन्दी भाषी लोग यूपी बिहार से आकर भारी संख्या में यहाँ काम करते थे। यह अखबार 'उदन्त मार्तण्ड' कलकत्ता के प्रसिद्ध बड़ा बाजार इलाके के कोलूटोला स्थित अमर तल्ला लेन से निकलता था। फिरंगियों के दौर में भारत के लोगों के हक और इंसाफ की बात कलम की ताकत से करना अर्थात अखबार निकालना बहुत बड़ी चुनौती भरा काम था। जैसा के अखबार का नाम 'उदन्त मार्तण्ड' था जिसका अर्थ उगता हुआ सूरज होता है।



एनाएतुल्लाह नन्हे

इस तरह से यह अखबार सूर्य देवता के एक अलग प्रकाश के रूप में साबित हुआ। कारण की अंग्रेजों के दौर में उर्दू, फारसी, बंगला और अंग्रेजी में अखबार निकलते थे। लेकिन सबसे ज्यादा खौफ ब्रिटिश हुकूमत को हिन्दी अखबार 'उदन्त मार्तण्ड' से था। यही कारण था कि 'उदन्त मार्तण्ड' अखबार के सम्पादक के लाख मिन्नत के बाद भी अंग्रेजी हुकूमत ने डाक में किसी भी प्रकार की छूट नही दी। इतना ही नही ब्रिटिश हुकूमत ने यह फरमान भी जारी कर दिया कि किसी भी सरकारी कार्यालय में 'उदन्त मार्तण्ड' हिन्दी अखबार नही आनी चाहिए। भले ही अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के कारण आर्थिक तंगी से 'उदन्त मार्तण्ड' अखबार बन्द हो गया किन्तु उस दौर में पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने जो नीव डाली थी वह कोलकाता से निकल कर आज के दौर में हिन्दी भाषी क्षेत्र ही नही गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र में परचम बुलंद किया है ।

यहाँ यह बताते चलें कि 'उदन्त मार्तण्ड' अखबार से पूर्व कलकत्ता स्कूल बुक के द्वारा बंगला समाचार पत्र 'समाचार दर्पण' में कुछ पृष्ठों पर हिन्दी मे भी खबरें होती थी । जो सन 1818 और 1819 ई. के आस-पास छपती रही। यहाँ यह बताते चलें कि आज भी इस तरह का प्रचलन बहुत सारे हिन्दी अखबारों और उर्दू अखबारों में जारी है । बहुत सारे उर्दू अखबारों मे बड़ी खबर और सम्पादकीय हिन्दी और अंग्रेजी में कुछ पन्नो पर रहती है । उसी प्रकार हिन्दी अखबार में भी कुछ पृष्ठ पर अंग्रेजी में विशेष आलेख रहते हैं। खैर हम बात कर रहे हैं हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर तो आज का दौर काफी बदल गया है। आज हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत ही ज्यादा आर्थिक निवेश हुआ है। अब यह कलमी आंदोलन के साथ-साथ व्यवसाय भी हो गया है। यही कारण है कि अब पत्रकारिता पूरी तरह से उद्योग बन चुका है। काफी तेजी के साथ हिन्दी के पाठकों की संख्या बढ़ी है और आगे इसमे लगातार बढ़ोतरी ही देखी जा रही है। इसमे कोई दो राय नही की हिन्दी पत्रकारिता ने गैर हिन्दी भाषी क्षेत्रों में भी दबदबा बरकरार रखा है ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई की एक और आधारशिला, इसकी पंचायती राज संस्थाओं की व्यापक पहुंच है। 2,50,000 से ज़्यादा पंचायतें टीबी उन्मूलन को चर्चा में ला रही हैं और सरपंचों तथा ग्राम प्रधानों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के अग्रणी के रूप में शामिल कर रही हैं। टीबी के बारे में अब खुलकर चर्चा की जाती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्रामीण स्तर पर इस पर कार्रवाई की जाती है। जागरूकता से देश टीबी-मुक्त भारत की ओर अग्रसर हो रहा है।**

# दवा से परे टीबी का उपचार

**डॉ मनीषा वर्मा**

जिनेवा में हाल ही में संपन्न विश्व स्वास्थ्य सभा में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के भारत को ट्रेकोमा-मुक्त घोषणा करना, केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि नहीं है। यह सामूहिक राष्ट्रीय इच्छाशक्ति का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। स्वच्छता, सफाई और जागरूकता में दशकों के सक्रिय प्रयासों से प्राप्त यह उपलब्धि, इस बात का परिचायक है कि भारत तपेदिक (टीबी) से किस प्रकार निपट रहा है। वास्तव में, ट्रेकोमा पर जीत की गूंज, टीबी-मुक्त भारत की दिशा में राष्ट्र के महत्वाकांक्षी अभियान में दृढ़ता को दर्शाती है।

जिस तरह मौलिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सिद्धांतों पर निरंतर ध्यान ने ट्रेकोमा के खिलाफ लड़ाई को रेखांकित किया, उसी तरह टीबी के खिलाफ वर्तमान लड़ाई भी समान रूप से व्यापक और महत्वपूर्ण रूप से गहराई से निहित जनभागीदारी यानी लोगों की भागीदारी के सिद्धांत के साथ लड़ी जा रही है। यह केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह सरकार की रणनीति का आधार है। हाल ही में शुरू किया गया 100- दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान इस संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अभियान के अंतर्गत 12 करोड़ 97 लाख लोगों की जांच की गई और 7 लाख 19 हजार से अधिक टीबी रोगियों की जानकारी दी गई। लेकिन जो बात इस प्रयास को अलग बनाती है, वह है टीबी के सामाजिक लक्षणों को खत्म करने की समानांतर प्रतिबद्धता। 13 करोड़ 46 लाख 'नि-क्षय शिविर' या सामुदायिक जांच और जागरूकता शिविरों का आयोजन, इस मान्यता के बारे में बहुत कुछ कहता है कि प्रभावी उपचार, दवा से परे कलंक, मिथकों और गलत सूचनाओं के उन्मूलन तक फैला हुआ है।

टीबी उन्मूलन के संदर्भ में जन-भागीदारी जीवंत और बहुआयामी है। यह एक ऐसा तंत्र है जो आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अथक समर्पण का समर्थन करता है, जो दूरदराज के गांवों में संपर्क का सबसे मूल्यवान माध्यम हैं। वे संभावित मामलों की पहचान करने, उपचार नियमों का पालन सुनिश्चित करने और महत्वपूर्ण पोषण सहायता प्रदान करने वाले गुमनाम नायक हैं। इस नींव पर स्थानीय स्वयं-सहायता समूहों, गैर-सरकारी संगठनों और आस्था-आधारित संगठनों द्वारा संसाधनों को जुटाने से महत्वपूर्ण रोगी सहायता नेटवर्क स्थापित करके समुदाय-नेतृत्व वाले इस प्रयास को और मजबूती मिलती है।

हालांकि, अग्रिम पंक्ति के इन योद्धाओं के मैदान में उतरने से पहले ही, भारत के सशक्त मीडिया द्वारा जमीन तैयार की जा रही है। 100



दिवसीय अभियान का आकर्षक नारा, 'जन-जन का रखे ध्यान, टीबी-मुक्त भारत अभियान', सिर्फ़ एक आकर्षक मुहावरा नहीं है, यह एक राष्ट्रीय आह्वान है जो असंख्य स्थानीय भाषाओं में टेलीविजन, रेडियो और सार्वजनिक स्थानों पर गूंज रहा है। इस व्यापक जागरूकता सृजन को अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति द्वारा महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दिया गया है जिसमें माननीय प्रधानमंत्री सहित सरकार के सर्वोच्च स्तर के अधिकारी लगातार भारत की प्रगति का आधार रख रहे हैं। माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के तत्वावधान में एक 'संपूर्ण-सरकार' का दृष्टिकोण जिस तरह से मंत्रालयों में सहयोग को बढ़ावा दे रहा है और राज्य स्तर पर सक्रिय प्रयास जारी है, वह एकीकृत राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई की एक और आधारशिला, इसकी पंचायती राज संस्थाओं की व्यापक पहुंच है। 2,50,000 से ज़्यादा पंचायतें टीबी उन्मूलन को चर्चा में ला रही हैं और सरपंचों तथा ग्राम प्रधानों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के अग्रणी के रूप में शामिल कर रही हैं। टीबी के बारे में अब खुलकर चर्चा की जाती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्रामीण स्तर पर इस पर कार्रवाई की जाती है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोगी के रूप में मीडिया :** इस महान प्रयास में मीडिया की भूमिका अपरिहार्य है। सरकारी पहलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और समुदाय द्वारा संचालित उपायों की प्रेरक कहानियों पर प्रकाश डालकर, मीडिया जनता का विश्वास बढ़ाता है और देखभाल के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह विकेंद्रीकृत, जन-केंद्रित मॉडल निक्षय-मित्र पहल के रूप में अपनी अभिव्यक्ति को उजागर करता है। पोषण और टीबी उपचार परिणामों को जोड़ने वाले भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साक्ष्य के बारे में व्यापक मीडिया कवरेज ने सामुदायिक कार्रवाई की एक शक्तिशाली लहर को प्रज्वलित किया, जिससे निगम, गैर-सरकारी संगठन, व्यक्ति और यहां तक कि बच्चे भी निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आए। हाल ही में 100 दिनों के अभियान के दौरान 1.05 लाख से अधिक निक्षय मित्रों द्वारा टीबी रोगियों और उनके परिवारों को 3.06 लाख से अधिक खाद्य टोकरियां वितरित की गईं, जो जमीनी स्तर पर इस दृष्टिकोण के दूरगामी प्रभाव को स्पष्ट रूप से उजागर करती हैं।

संभवतः सबसे शक्तिशाली रूप से, टीबी से उबरने वाले लोगों के विजेता के रूप में सामने आने से यह कहानी बदल गई है। ये व्यक्ति, सफलतापूर्वक अपने स्वयं के ठीक होने की कहानी को आगे बढ़ाते हुए, अब अभिन्न सहयोगी हैं, जो सहानुभूति, मार्गदर्शन और प्रमाण देते हैं कि टीबी पूरी तरह से उपचार-योग्य है। उनका संरचित प्रशिक्षण- जहां वे टीबी को समझते हैं, वे तरीके जिनसे यह रोगी को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करता है तथा सामुदायिक नेटवर्क बनाने की तकनीकें - तथा अनुभवों को सार्वजनिक रूप से साझा करने से उपचार अनुपालन को प्रेरित करता है तथा महत्वपूर्ण सामुदायिक सहानुभूति का निर्माण करता है।

जैसे-जैसे देश टीबी-मुक्त भारत की ओर अग्रसर हो रहा है, इन प्रमुख उत्प्रेरकों और जन-भागीदारी की भावना के बीच निरंतर तालमेल सर्वोपरि होगा। सूचना देने, प्रेरित करने और लोगों को संगठित करने की उनकी संयुक्त शक्ति निस्संदेह भारत की सबसे बड़ी संपत्ति है। प्रौद्योगिकी का रणनीतिक लाभ उठाकर, नवीन संचार रणनीतियों को बढ़ावा देकर और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करके, भारत केवल एक बीमारी को खत्म करने का प्रयास नहीं कर रहा है, वह एक स्वस्थ, अधिक सक्रिय समाज का भी निर्माण कर रहा है जहां हर नागरिक जागरूक है, हर रोगी को सहायता दी जाती है और जहां टीबी वास्तव में अतीत की बात बन जाती है।

# प्राइवेट स्कूल, सरकार और न्यायालय

**जितेन्द्र प्रकाश**

**निजी स्कूलों ने तो एक तरह उदासीनता सी ही आपनायी हुयी है। अनाप शनाप एडमिशन फीस तरह तरह से धन उगाही अभिभावकों से अन्धाधुन्ध फीस बढ़ोत्तरी यही नही नियत दुकान से ही किताब कापी खरीदने का निर्देश विगत दुकान से ही ड्रेस मिलता कई स्कूल तो अपने स्कूल में ही सब कुछ उपलब्ध करता देते है। यह सब इसलिए क्योकि उन पर तोडे अंकुश नही है। निजी स्कूलों का एक निरंकुश संगठन है जिस पर लगाम लगाने में सारी सरकारें आज तक नाकाम ही साबित हुयी है। निजी स्कूलों पर लगाम सरकार की प्राथमिकता होती चाहिए।**

आज के प्रतिस्पर्धी समय में बच्चों का जीवन संवारने और ज्ञान प्रदाता के रूप में अच्छे स्कूल और अच्छा स्कूल और अच्छी स्कूली शिक्षा नितान्त आवश्यक है। इसी के जानते हुए लोग स्कूली शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल खोलने लगे और इसे एक शिक्षा के व्यवस्था के रूप में स्थापित कर दिया है। यही कारण है कि जगह जगह गली गली और मोहल्ले-मोहल्ले में स्कूलों की बाढ़ सी आ गयी है। और इसका सबसे कारण है सरकारी स्कूलो में गिरता हुआ। शिक्षा का स्तर जिसका फायदा मिला प्राइवेट स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से शिक्षको को हो एक अच्छे व्यवसाय का रूप दे दिया। जिस कारण एक ही स्कूल की कई कई शाखाएं खुलले लगी और प्राइवेट स्कूलों की परिसम्पत्तियां दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती चली गयी। जिसका कारण था अन्धाधुन मासिक फीस में होने वाली बढ़ोत्तरी और इसके साथ कक्षा के कोर्स के रूल में शामिल की जाने वाली वह मंहगी पुस्तके जिनका कोर्स और बिषय से कोई लेना देना नही होता है। और अधिकतर ऐसी किताबों को पढ़ने के लिए छात्र को विवश होते है जिनकी उपयोगिता ही संदिग्ध होती है। जबकी समस्त बोर्ड ऐसी पुस्तकें लागू करने से मना करते है, लेकिन शिक्षा को व्यवसाय का रूप देने वाले अपने हिसाब से ही चल रहे है। समस्त बोर्ड सिर्फएनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाने पर जोर दे रहे है, किन्तु सारे आदेश दर किनार करते हुए बहुत मंहगी सहायक पुस्तके कैसे कोर्स से शामिल करके पढ़ाई जा रही है। एक तो मंहगी फीस उस पर इतनी मंहगी मंहगी सहायक अनुपयोगी पुस्तके अभिभावकों की कमर तोड़ने ओर स्कूलो की जेब भरने का काम करती है। यह सब इसलिये कि स्कूलों और निरीक्षण नही होता। पहले तो सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की स्थिति बहुत अच्छी थी, लेकिन धीरे-घीरे पढ़ाई का स्तर गिरने लगा। स्तर गिरने का कारण कोई बहुत बड़ी पहेली नहीं है। यदि शिक्षक ही शिक्षा पर ध्यान नहीं देगा तो शिक्षा का स्तर गिरेगा ही। शिक्षकों में शिक्षा देने की आगे और लगन पहले की तुलना में बहुत कम हो गयी है। यह सबके लिए तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन बहुतायत ऐसे भी शिक्षकों की है। न तो समय से स्कूल जाते है न ही पूरे समय तक स्कूल में ही रहते है और छात्रों की पढ़ाई पर ध्यान भी नहीं देते है। सरकार ने छात्रों को स्कूल तक लाने के लिए स्कूलो में ही छात्रों के लिए भोजन की व्यवस्था भी करें है। छात्रों को किताब कापी, डेऊस, जूते, स्वेटर सादि की भी व्यवस्था की है, लेकिन यह सब होते हुए भी अपेक्षित सफ्लता ने मिल पाने का कारण शिक्षकों की उदासीनता है। कई कई शिक्षक तो पढ़ाई समय तक स्कूल से सायद ही रहते है अथवा अपने व्यवस्था में वयस्त रहते है अथवा ठेकेदारी या राजनीति में अधिक समय देते है। यही नही जिस बैक से वेतन मिलता है वहां ही माह में 6-7 बार दिखायी दे जाते है। जबकि एटीएम के माध्यम वेतन का आहरण ही सकता है। छात्रों में शिक्षा के प्रति उत्सुकता जगाना भी शिक्षक का ही कार्य



है। समय समय पर औचक निरीक्षण स्कूलो का होता रहे तो स्थिति दल सकती है। यह सभी को सोचना होगा। महिला शिक्षिकाओं की यह सोच होती है कि हमारे ऊपर घर-परिवार की भी जिम्मेदारी है अतः हमें यह अधिकार है कि हम स्कूल देर से पहुंचे और स्कूल से घर के लिए जल्दी छुट्टी कर दें। इस पर एक महिला शिक्षिका का कथन बहुत कुछ कहता है। एक वाहन में शिक्षिकाओं में वाद विवाद हो रहा था तो एक शिक्षिका के कहा शिक्षिका बनना हमने खुद चुना है, नौकरी हमने खुद जान बूझकर चुनी है हमें यह भी पता था कि गृह जिला नहीं मिलेगा और स्कूल की समय सारिणी गर्मी और जाड़े की अलग-अलग होती है। हम सरकार से वेतन तो पूरा और समय पर चाहते है क्या उस हिसाब से हम कार्य करते है। शासक 75 प्रतिशत पढ़ाने में 25 प्रतिशत ही योगदान देते है बहुत कम लोग 5 प्रतिशत देते है जबकि समाज की सबसे अधिक जिम्मेदारी हमारी है। हम लोगो को कम से कम 8 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक पढ़ाने पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। उस शिक्षिण को दृष्टिकोण से सब अध्यापिकाएं निरूत्तर हो गयी। मै भी उनकी सोच के आगे अवाक और नतमस्तक हो गया। वास्तव में देश को ऐसी ही शिक्षिकाओं और शिक्षकों की ही जरूरत है। क्या ऐसी सोच निजी स्कूलों में रखकर वहां काम किया जा सकता है, कदापि नहीं सोच तो बदलनी ही होगी। सिर्फवेतन के लिए शिक्षकंया शिक्षिकाएं काम नहीं कर सकते है। उन्हें समझना होगा कि समाज बनाने के अग्रदूत शिक्षक ही है। इसलिए सबसे अधिक जिम्मेदारी भ उन्हीं की है।

निजी स्कूलों ने तो एक तरह उदासीनता सी ही आपनायी हुयी है। अनाप शनाप एडमिशन फीस तरह तरह से धन उगाही अभिभावकों से अन्धाधुन्ध फीस बढ़ोत्तरी यही नही नियत दुकान से ही किताब कापी खरीदने का निर्देश विगत दुकान से ही डेऊस मिलता कई स्कूल तो अपने स्कूल में ही सब कुछ उपलब्ध करता देते है। यह सब इसलिए क्योकि उन पर तोडे अंकुश नही है। निजी स्कूलों का एक निरंकुश संगठन है जिस पर लगाम लगाने में सारी सरकारें आज तक नाकाम ही साबित हुयी है। निजी स्कूलों पर लगाम सरकार की प्राथमिकता होती चाहिए। वरना अभिभावकों का दोहन होता रहेगा और निजी स्कूलो के खर्चे उठाने में अभिभावकों की कमर टूटती रहेगी।

हमारे न्यायालय इस मामले में बधाई के पात्र है कि वे काफी सजग है और समय समय पर निजी स्कूलो को लेकर उनके दिशा निर्देश आते रहते है। न्यायालय के निर्देशो को लागू करवाने का काम सरकारो का होता है। जिसमें अधिकतर का होता है। जिसमें अधिकतर सरकारे फिसड्डी ही साबित होती है। इसका स्पष्ट कारण शिक्षा विभाग और निजी स्कूलों का खतरनाक गढ़जोड़ है। जिस कारण न्यायालय के आदेश भी निजी स्कूलों के आगे बेबस हो जाते है। क्योकि यह शिक्षा विकास का काम है कि वह शत-प्रतिशत जांच करे कि क्या वहां न्यायालय/उच्च न्यायालय/ सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पूर्णतः अनुपालन हो रहा है अथवा नहीं। अगर नहीं तो इसके लिए जो जिम्मेदार लोग है उन्होंने क्या क्या कदम उठाए इसकी प्रेस विज्ञप्ति आनी चाहिए और न्यायालय के आदेश के अनुपालन न करने पर क्या दंड दिया गया अथवा कार्यवाही की गयी। ऐसा ही एक आदेश उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा सारे निजी स्कूलों को दिया था कोविड (कोरोना) के समय छात्रों/ अभिभावकों से वसूली गयी फीस को लेकर जिसमें उच्च न्यायालय में स्पष्ट आदेश दिया था कि समस्त निजी स्कूल जिन्होंने कोरोना काल के दो वर्षो में जो भी फीस छात्रों/ अभिभवकों से वसूली है, उसका 20 प्रतिशत अभिभावकों को वापिस करना सुनिश्चित करें। कई स्कूलों यथा रानी लक्ष्मी बाई, सिटी मांतेसरी स्कूल, एलपीएस, डीपीएसफे इत्यादि के अनेक छात्रों से पता चला कि किसी भी प्रकार की कोई भी फीस वापसी नही की गयी है। इसमें दोष किसका है।

# पहलगाम क़त्ल-ए-आम इस्लामिक शिक्षा की रौशनी में मानवता के ख़िलाफ़ अपराध

**अलताफ़ मीर**

**कश्मीरी मुसलमान शहरी उम्मीद की किरण बन गए। एक दुकानदार अबदुर्रशीद ने ज़ाइरीन को बंदूक़ की गोलीयों से बचाते हुए अपनी जान का नज़राना पेश किया इसका आख़िरी अमल ज़िंदगी बचाने के कुरानी हुक्म की बाज़गश्त है। श्रीनगर, अनंतनाग और बारहमूला मैं हज़ारों अफ़राद ने पुरअमन मार्च किया, जिन्होंने प्ले कार्डज़ उठा रखे थे जिन पर लिखा था 'इन्सानियत के दुश्मन, कश्मीर के ग़द्दार इन्सानियत के दुश्मन कश्मीर के ग़द्दार हैं।**

22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में एक मन्सूबा-बंद हमले में 26 मासूम लोगों की जानें गई। इस के नतीजे में, मज़हबी शनाख़्त को अलग अलग या अलग करने और नाक़ाबिल बयान तशद्दुद का जवाज़ पेश करने के लिए उसे अलामती तौर पर इस्तेमाल करते हुए शर्मनाक तौर पर हथियार बनाया गया। मुजरिम ना सिर्फ कश्मीर बल्कि एक क़ौम के ज़मीर पर ग़म और दाग़ छोड़कर भाग गए। ऐसा करने से, उन्होंने इसी अक़ीदे को दागदार कर दिया जिसकी नुमाइंदगी करने का वो दावा करते हैं। बे-गुनाहों को मारने में कोई बहादुरी नहीं। किसी नज़रिए या तंज़ीम को ये हक़ नहीं है कि वो इन्सानियत के उसूलों को दुबारा लिखे या मुआशरे के अख़लाक़ी इत्तिहाद को तार-तार करे। हमला-आवर अख़लाक़ी वजह और ख़ुदाई हुक्म दोनों के बिलकुल ख़िलाफ़ थे।

कुरआन वाज़ेह तौर पर कहता है कि ''जिसने किसी इन्सान को क़त्ल किया गोया उसने पूरी इन्सानियत का क़त्ल किया'' (कुरानः5:32)

ये एक ऐसा उसूल है जो इस्लामी अख़लाक़ियात और आलमगीर इन्सानी इक़दार की बुनियाद रखता है। आम कश्मीरियों ने साहस, हमदर्दी और यकजहती के साथ जवाब दिया। मुक़ामी लोगों ने सय्याहों की हिफ़ाज़त की, पनाह दी, मुफ़्त तिब्बी देख-भाल और खाना फ़राहम किया, और मुतास्सिरीन के गम और इन्साफ़ का मुतालिबा करने के लिए पुरअमन एहतिजाज किया। उनके आमाल इस्लाम के हक़ीक़ी जौहर, बे-गुनाहों की हिफ़ाज़त, मज़लूमों के लिए खड़े होने और हर इन्सानी जान की क़दर की तसदीक़ करते हैं।



सूरा अलमायदा की आयत 5:32 इस्लामी क़ानून और अख़लाक़ी रिवायत में मर्कज़ी हैसियत रखती है। उल्मा ने तवील अर्से से उसे हुक़ूक़ुल-इबाद की बुनियाद क़रार दिया है। मासूमों का जान-बूझ कर क़त्ल करना ना-सिर्फ ज़ाती जुर्म है बल्कि मुआशरे और हुक्म इलाही की तौहीन है। रिवायती इस्लामी क़ानून क़िसास (मसावी इंतिक़ाम को महज़ सज़ा के तौर पर नहीं बल्कि इजतिमाई मुज़म्मत के तौर पर तजवीज़ करता है, जो मुआशरे के लिए अपने गहरे दुख का इज़हार करने और मुस्तक़बिल में होने वाली ज्यादतियों को रोकने का एक तरीक़ा है। हिन्दुस्तानी मुसलमानों का रद्द-ए-अमल तेज़ और वाज़ेह था। मुल्क भर में उल्मा, मशाइख़ और सरकरदा तन्ज़ीमों समेत जमात-ए-उलमाए हिंद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड और दार-उल-उलूम देवबंद ने इस हमले की मुज़म्मत करते हुए उसे ग़ैर इस्लामी क़रार दिया। उन्होंने क़ौम को याद दिलाया कि दहशतगर्दी इस्लामी तालीमात के बुनियादी उसूल और हिन्दुस्तान की सैकूलर जमहूरियत के अख़लाक़ी निज़ाम की ख़िलाफ़वरज़ी है। इबने कसीर जैसे मुअज़्ज़िज़ मुफ़स्सिर ने तवील अर्से से कुरानी आयत 5:32 को एक आलमगीर अख़लाक़ी हिदायत क़रार दिया है, जो मज़हबी हदूद से बालातर है। एक जान बचाना पूरी इन्सानियत को बचाना है। पहलगाम में दहशतगरदों ने इस मुक़द्दस उसूल की ख़िलाफ़वरज़ी की जब उन्होंने मुबय्यना तौर पर ग़ैर मुस्लिमों को निशाना बनाने के लिए मज़हबी बुनियाद का इस्तेमाल किया। ये इस्लामी अख़लाक़ियात की ख़ौफ़नाक और नाक़ाबिल माफ़ी तहरीफ़ है।

कश्मीरी मुसलमान शहरी उम्मीद की किरण बन गए। एक दुकानदार अबदुर्रशीद ने ज़ाइरीन को बंदूक़ की गोलीयों से बचाते हुए अपनी जान का नज़राना पेश किया इसका आख़िरी अमल ज़िंदगी बचाने के कुरानी हुक्म की बाज़गश्त है। श्रीनगर, अनंतनाग और बारहमूला मैं हज़ारों अफ़राद ने पुरअमन मार्च किया, जिन्होंने प्ले कार्डज़ उठा रखे थे जिन पर लिखा था ''इन्सानियत के दुश्मन, कश्मीर के ग़द्दार इन्सानियत के दुश्मन कश्मीर के ग़द्दार हैं।'' ये महज़ नारे नहीं थे। वो ऐलान थे कि कश्मीर की रूह को नफ़रत के हवाले नहीं किया जाएगा। मुस्लिम तन्ज़ीमों ने हिन्दुस्तान भर के साथी शहरियों के साथ हाथ मिलाया। लखनऊ में, उन्होंने ख़ून के अतिया की मुहिम चलाई। मुंबई में, बैनुल-मज़ाहिब निगरानी ने हिंदू, ईसाई, सिख और मुसलमानों को मुशतर्का गमों में इकट्ठा किया। यकजहती की इन बेसाख़्ता कार्यवाईयों ने इस्लाम को मसख़ करने वालों से दुबारा हासिल किया और उन गहरी अख़लाक़ी जड़ों की तसदीक़ की जो हिन्दुस्तानी समाज को आपस में जोड़ती हैं।

पहलगाम का क़त्ल-ए-आम सिर्फ़ ईमान का इमतिहान नहीं था। ये हिन्दुस्तान की तकसीरियत का इमतिहान था। हमला आवरों का मक़सद ख़ौफ़ पैदा करना, बिरादरियों को तक़सीम करना और इंतिक़ामी कार्यवाईयों को उकसाना था। लेकिन इसके बजाय जो चीज़ उभरी वो हमदर्दी, इत्तिहाद और अख़लाक़ी वज़ाहत से बने हुए लचकदार तस्वीर थी। हिन्दुस्तान की ताक़त उसके सैकूलर आईन, बकाए बाहमी की इसकी भरपूर रिवायात, और रोज़मर्रा के जुर्रत-मंदाना इक़दामात में छिपा हुआ है। कुरानी सच्चाई को बरक़रार रखना कि एक मासूम जान का क़त्ल पूरी इन्सानियत को क़त्ल करने के मुतरादिफ़ है, मुज़म्मत से बढ़कर अमल, हमदर्दी और नफ़रत के सामने ख़ामोश रहने से इनकार का तक़ाज़ा करता है। ये अपनी गहरी इक़दार की तसदीक़ करता है कि सानिहा में भी हमदर्दी दूसरों के मुक़ाबले में ज्यादा मज़बूत हो सकती है, और ये कि इजतिमाई हैसियत में तकसीरियत और मुस्तक़बिल के लिए शिफ़ा है।

# मौके पर ही बने पात्र बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

## जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उम्र पूछकर पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन व आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल सात आयुष्मान कार्ड बनाये गए।

इस प्रकार नये जिलाधिकारी के आगमन के उपरांत अब तक जन सुनवाई के दौरान कुल 19 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जन सुनवाई में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए पात्रों के विधवा व दिव्यांग पेंशन आवेदनों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। जिस पात्र दिव्यांग का प्रमाणपत्र न हो, उसका दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने में पूरी सहायता की जाये। जन सुनवाई में आने वाले वंचित पात्रों को आवेदन करने व अन्य दस्तावेजीकरण में पूरी सहायता की जाये।

मृत्यु प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र आदि के प्रकरणों में तत्काल आवेदन कराया जाये। राजस्व से सम्बंधित शिकायतों पर उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि पर कब्जे की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाये।

विवाद के मामले में प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाये। पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाये। तारांकित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाये। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, पारिवारिक लाभ योजना जैसे प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक

**हरदोई।** शासन की मंशानुरूप उद्योगपतियों व व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराया जाये। यूपीसीडा के स्तर पर लंबित प्रकरणों को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। बिलग्राम रोड पर इंडस्ट्रियल फीडर का कार्य तेजी से पूरा किया जाये।

व्यापार बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा देवी इंटर कॉलेज से शुगर मिल तक स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य पूर्ण किया जाये। जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाये। आवास विकास कॉलोनी से सर्कुलर रोड तक सड़क की मरम्मत करायी जाये। शहर से अनुपयोगी जर्जर विद्युत पोल हटवाए जाएं। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी ने सभी का आभार जताया और कहा कि वह हमेशा उद्योग व व्यापार प्रतिनिधियों की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, सम्बंधित अधिकारी व उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जहां नारी का सम्मान होता है वहां भगवान भी करते है वासः विधायक

**महोबा।** विकास खंड कबरई के सभागर में गुरूवार को पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने समूह से आई मात्रशक्ति का सम्मान करते हुए अंग वस्त्र भेंट किया। इस मौके पर एक सैकड़ा से अधिक मात्रशक्ति एंव सैकड़ा भर क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि मात्रशक्ति आगे आकर अब बड़े सराहनी कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि आहिल्याबाई होल्कर ने तीन सौ वर्ष पहले ऐसे कार्य किए है जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। आहिल्याबाई होल्कर ने भारत के प्रशिद्ध तीर्थो और स्थानों में मंदिर बनवाए, घाट बंधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया। बड़े बड़े मार्ग बनवाए, प्यासों के लिए मार्गो पर पानी की व्यवस्था करवाई। आहिल्याबाई ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्ति करण के लिए जीवन पर्यंत प्रयत्न किया।

# देश में कोरोना की दस्तक कोविड वार्ड में लटका ताला

अवधनामा संवाददाता

■ सैंपल केंद्र में भरा कबाड़ा मथुरा प्रशासन को है किस बात का इंतजार

**मथुरा।** प्रदेश के कई शहरों में फिर से कोरोना ने दस्तक दे दी है। कोरोना मरीजों को अलग वार्ड में शिफ्ट किया जाता है, लेकिन जिला अस्पताल में कोविड के मरीजों के लिए बने वार्ड में ताला लगा है। अगर कोई व्यक्ति कोविड पॉजिटिव आ जाता है तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के पास भर्ती के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।

प्रदेश में कोरोना को देखते हुए कई जिलों के अस्पताल में बचाव के लिए संसाधनों और वार्डो में सुधार कार्य चालू भी कर दिए हैं, लेकिन जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को विभाग के आदेश का इंतजार है। जिला अस्पताल में पूर्व ट्रॉमा सेंटर में बने कोविड वार्ड में ताला लटका है, वहां आईसीयू वार्ड चालू होना था लेकिन अभी तक नहीं हुआ। यहां बने कोविड सैंपल केंद्र में कबाड़ भरा है और हर जगह गंदगी फैली है। अब ऐसे में सवाल उठता है कि अगर कोविड का कोई नया मरीज निकलता है तो उसे कहां भर्ती किया जाएगा।

कोरोना के मरीजों को सबसे ज्यादा ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ती है। दूसरी और तीसरी लहर में ऑक्सीजन सिलिंडर की किल्लत रही थी। ऐसे में कई कोरोना मरीजों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नहीं मिली थी। हालांकि जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगा है। इस प्लांट से प्रति मिनट 760 लीटर ऑक्सीजन सप्लाई होती है।

वहीं महिला अस्पताल में प्रति मिनट एक हजार लीटर ऑक्सीजन सप्लाई होती है। वहीं, महिला और जिला अस्पताल में प्रतिदिन विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी भी मरीज को मास्क लगाना अनिवार्य नहीं किया है। इससे खतरा बढ़ने की संभावना ज्यादा है।

# भाषा विवि में कुलपति ने किया ग्रीन हाउस का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के नेतृत्व में आज विश्वविद्यालय परिसर स्थित ग्रीन हाउस का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार तथा डॉ. नलिनी मिश्रा भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान कुलपति महोदय ने ग्रीन हाउस में पौधों की स्थिति, देखरेख की व्यवस्था और पौधों की विविधता का अवलोकन किया। ग्रीन हाउस से संबंधित कार्यो की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हरित परिसर के निर्माण में इस ग्रीन हाउस की महत्वपूर्ण भूमिका है। यहां तैयार किए जा रहे छोटे पौधे पूरे विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने में सहायक हैं। प्रो. तनेजा ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है, बल्कि पर्यावरणीय चेतना और हरित पहल की दिशा में भी प्रयासरत है। उन्होंने ग्रीन हाउस प्रभारी एवं संबंधित कर्मचारियों को पौधों की देखरेख में और अधिक सतर्कता बरतने तथा विविध प्रजातियों के पौधों को तैयार करने के निर्देश दिए।

## खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर छिपी प्रतिभाव कों कर रहे उजागर

**महोबा।** विकासखंड कबरई स्थित हंसवाहिनी विद्या मंदिर में चल रहे समर वेकेशन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य की देखरेख में छात्र छात्राएं प्रतिदिन रचनात्मक और खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपनी छिपी प्रतिभाओं को उजागर कर रहे हैं। ग्रीष्मकालीन शिविर में कैंप में लेखन प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, फुटबाल, रंगोली मिट्टी कला से बच्चों को जोड़ने का काम किया गया है। हंसवाहिनी विद्या मंदिर के ग्रीष्मकालीन शिविर में गुरुवार को विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष मूलचंद सिंह व प्रधानाचार्य अरुण कुमार रहे, जिन्होंने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्राथमिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत भैया, बहनों को विभिन्न विद्याओं में कौशल को विकसित करने की योजना है।

# मथुरा पुलिस की अपराध पर कस रही नकेल

अवधनामा संवाददाता



■ गोवर्धन में मुठभेड़ के दौरान दो को लगी गोली चार को किया गिरफ्तार

**मथुरा।** पुलिस लगातार अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बचनबद्ध दिखाई दे रही है, इस वक्त हर पुलिस का अधिकारी अपनी पूरी मुस्तैदी के साथ रात दिन लगा हुआ है खुद पुलिस कप्तान चिलचिलाती धूप में सड़को पर उतरकर अपराध पर अंकुश लगाने का कार्य कर रहे है जिसके परिणाम भी जनता को दिखाई दे रहे हैं।

मथुरा की गोवर्धन थाना पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 24 घंटे के अन्दर लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के बाद दो बदमाश घायल हो गए। गुरुवार मध्यरात्रि को थाना गोवर्धन पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। चैकिंग के दौरान मुखबिर ने लूट के आरोपियों की सूचना दी। गोवर्धन बाईपास पर रात में पैंठा हेलीपैंड कट के पास चार बाइक सवार बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया। गोवर्धन बाईपास मेहमदपुर चौराहे से आगे नगला देविया की तरफ बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई।

पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से लूटी गई पल्सर मोटर साइकिल, मोबाइल, 1400 रुपए, 2 तमंचे 315 बोर, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई है। मुठभेड में घायल दो बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि लव कुश उर्फ लबू पुत्र गोविंदा निवासी नोदरा थाना मगोर्रा व बॉबी पुत्र जगराम निवासी अड्डा थाना मगोर्रा पैर में गोली लगने से घायल हो गए तथा रवि पुत्र राम बाबू निवासी मल्हू थाना मगोर्रा व किशन पुत्र मोहन निवासी ओडम थाना मगोर्रा सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को संबंधित धारा में जेल भेजा गया है।

# डीएम ने किया निर्माण का औचक निरीक्षण



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गेट नम्बर 1 व 2 के बीच कलेक्ट्रेट परिसर के की बाहरी दीवार के पास चल रहे निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाउंड्रीवाल पास कुछ जगह छोड़कर नाली बनवायी जाये जिससे पानी का दुष्प्रभाव दीवार पर न पड़े। नाली का ढाल अच्छी तरह से बनाया जाय ताकि पानी का बहाव निर्बाध रहे। इंटरलॉकिंग को अच्छी तरह से लगवाया जाये। मिट्टी की भराई अच्छी तरह करायी जाये। नाले की मिट्‌टी का प्रयोग मिट्‌टी भराई में किया जाये। बाउंड्रीवाल के बाहर पौधरोपण भी कराया जाये। कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाये। उन्होंने कलेक्ट्रेट गेट नम्बर 1 के पास निर्माणाधीन शौचालय का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश नगर पालिका को दिए। इसके साथ ही उन्होंने वादकारियों के शेड का निर्माण तेजी से कराने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, अधिशाषी अधिकारी हरदोई रामेन्द्र सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की बिलग्राम इकाई का गठन, कमरुल खान बने अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम, हरदोई।** पत्रकारिता के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ते हुए हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की बिलग्राम तहसील इकाई का गठन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। बिलग्राम के ऊपर कोट बीआरसी केंद्र के सभागार में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा और महामंत्री अरविंद तिवारी की गरिमामय उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पत्रकार कमरुल खान को तहसील अध्यक्ष के रूप में चुना गया, जिसे उपस्थित सभी पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप यादव को वरिष्ठ संयोजक, आरिफ नवाब को संयोजक और धर्मेंद्र यादव को संरक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी को और मजबूत करते हुए सैफ अली जाफरी को महामंत्री, अजयराज त्रिवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शुभम दीक्षित को उपाध्यक्ष और फारुक कुरैशी को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही अतुल द्विवेदी, शब्बीर अहमद और रिज़वान अंसारी को संगठन मंत्री, जबकि नफीस अहमद और हरीकृष्ण वीरू को वरिष्ठ मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। मोहम्मद इस्लाम, विवेक चतुर्वेदी, नेहाल शमसुद्दीन, अमित कुमार और तारिक अहमद को भी विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। इसके अतिरिक्त, चांदबाबू, संतोष प्रजापति, अंबेश तिवारी और सार्थम मिश्रा को कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया। एडवोकेट अरविंद मोर्य को सलाहकार की भूमिका के लिए चुना गया, जो संगठन को कानूनी और नीतिगत मामलों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार आरिफ नवाब और धर्मेंद्र यादव ने निष्पक्ष, स्वच्छ और जवाबदेह पत्रकारिता के लिए प्रेरणादायक सुझाव साझा किए। उन्होंने युवा पत्रकारों को नैतिकता और साहस के साथ समाज की सच्चाई को उजागर करने की सलाह दी। जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, इमानदारी से पत्रकारिता करना एक कठिन रास्ता हो सकता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। जो लोग चुनौतियों का डटकर सामना करते हैं।

# सीएमएस छात्रा 'गोल्ड स्टार ऑथर' अवार्ड से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा अंजली द्विवेदी को साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु 'गोल्ड स्टार ऑथर' अवार्ड से नवाजा गया है। अंजली को यह अवार्ड उसकी पुस्तक 'टेपेस्ट्री ऑफ डायवर्सिटी - इण्डिया' के लिए साहित्यिक प्रकाशन 'ब्रिबुक्स' द्वारा प्रदान किया गया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि साहित्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में अंजली की विशेष रूचि है तथापि इस प्रतिभाशाली छात्रा ने कम उम्र में ही अपने लेखन कौशल में अभूतपूर्व उपलब्धि अर्जित की है। सी.एम.एस. की इस बाल लेखिका ने अभी तक पाँच पुस्तकें लिखी है, जिनमें 'द ब्रेव एलियन्स एनीमल', 'ग्लोबल वार्मिंग' आदि प्रमुख हैं। अंजली की ये सभी पुस्तकें पर्यावरण एवं जैव विविधता पर आधारित हैं, जिसके माध्यम से इस बाल लेखिका ने किशोर व युवा पीढ़ी को देश की समृद्ध विरासत से अवगत कराते हुए पर्यावरण संवर्धन हेतु प्रेरित किया है। सी.एम.एस. की प्रतिभाशाली छात्रा ने सिद्ध कर दिया कि युवा लेखकों की कलम में इतनी ताकत है कि वे अपने सृजनात्मक लेखन के द्वारा समाज में रचनात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने अंजली की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी का जनरेटर न चलने से मरीजों का गर्मी से बुरा हाल

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में मरीजों और तीमारदारों का गर्मी में बिजली की आख मिचौली से हाल बेहाल हो रहा है, वहीं सीएचसी में रखा जनरेटर भी बिजली जाने पर डीजल के अभाव में शोपीस बना हुआ है, जिससे आने वाले तीमारदार और उनके मरीज खासा परेशान हैं।

गर्मी से लोगों को तपा देने वाले नौतपा चल रहा है और तापमान भी दिन व दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजनमानस भीषण गर्मी से हलाकन है, लेकिन सबसे ज्यादा बुरी हालत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी की है जहां जनरेटर का उपयोग न किए जाने से मरीज व तीमारदार पसीने से तरबतर होकर बिल बिलाते घूम रहे हैं और सीएचसी के चिकित्साधीक्षक से लेकर चिकित्सक अपने रुम में लगे एसी की ठंडी हवा ले रहे हैं। अस्पताल के वार्डो में उमस भरी गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौनी से यहां भर्ती मरीज जूझ रहे हैं। सीएचसी चरखारी पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रान्तीय नेता पवन कुशवाहा द्वारा जब अस्पताल के जरनेटर चलाने की मांग की गयी तो चिकित्साधीक्षक डा0 पीके सिंह ने बताया कि फरवरी माह से अस्पताल के जनरेटर के लिए डीजल की लिमिट जारी नहीं हो पायी है जिसके कारण जनरेटर ठप पड़ा हैं। डीजल लिमिट जारी किए जाने के संबंध में उच्चाधिकारियों से कब मांग की गयी इसका जवाब चिकित्साधीक्षक नही दे सके। चिकित्साधीक्षक का कहना है कि डीजल की लिमिट प्रदेश स्तर से जारी होती है इसमे पत्राचार की कोई आवश्यकता नहीं है। बताया कि अभी जननी सुरक्षा के लिए लिमिट जारी हुई है और काम चलाऊ जनरेटर से जननी सुरक्षा को सप्लाई दी जा रही है। अब जहां तक अस्पताल के दावों और मौके की हकीकत को देखा जाए तो बड़ी गड़बड़ी नजर आती है। जहां अस्पताल में कहने को तो दो बड़े जनरेटर हैं लेकिन दोनों ही जनरेटर सालों से इस्तेमाल ही नहीं हुए हैं यहां तक कि जनरेटर रूम का सवाल है तो वह कभी खुलता ही नहीं हैं और जनरेटर व रूम धूल से पटा पड़ा है जिससे फरवरी तक जनरेटर चलने का दावा खोखला नजर आता है। ऐसी दशा में एसी रूम में बैठे चिकित्सकों के ऊपर भले ही बिजली की आंख मिचौनी का प्रभाव न हो लेकिन आम मरीज विभिन्न वार्डों में बुरी तरह से पसीना पसीना हो रहा है। एबीवीपी नेता ने कहा कि अस्पताल में तेल का खेल हो रहा है और इसकी जांच वह कराएंगे ताकि मरीजों को मिलने वाली सुविधा का बन्दरबांट न होने पाए।

# वन हैल्थ के तहत योग प्रशिक्षण और विचार गोष्ठी का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**संभल।** एमजीएम कॉलेज संभल में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ के तहत योग प्रशिक्षण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शिक्षा शस्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नेमपाल सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं को योग के विभिन्न आसनों जैसे ताड़ासन, भुजंगासन आदि का प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि योग केवल व्यायाम या आसनों तक सीमित न होकर यह एक व्यवस्थित जीवन शैली है जो मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक विकास में सहायक होती है। हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि प्राचीन भारतीय परंपरा में योग को आत्मिक शुद्धि का साधन माना गया है, जबकि आज के समय में यह वैज्ञानिक और चिकित्सकीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है।

# राष्ट्र और समाज में पत्रकारों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन (मथुरा)** ब्रज प्रेस क्लब और नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस वृंदावन इकाई के तत्वावधान में हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन गुरूवार को रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में किया गया। जिसमें बदलते दौर में पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखने के साथ समाज व राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका को लेकर चिंतन मनन हुआ। साथ ही वृंदावन के दिवंगत चार पत्रकारों की स्मृति में उनके नाम से हर वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।मुख्य अतिथि सुदर्शन चैनल के संपादक सुरेश चव्हाणके ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण होती है और पत्रकार समाज के प्रहरी होते है। पत्रकार सदैव स्पष्टवादी, निष्पक्ष व निडर होना चाहिए। एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि पर हर परिस्थिति में पत्रकारों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण रहती है। यदि पत्रकार अपनी जिम्मेदारी से चूक जाता है, तो पूरे समाज को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। इसलिए ही पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाते हैं। समारोह में मथुरा वृंदावन में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जीएलए विश्वविद्यालय के नारायण दास अग्रवाल के पुत्र विवेक अग्रवाल

और व्यवसाय के क्षेत्र मेघश्याम वार्ष्णेय को सम्मानित किया गया। वहीं दिवंगत पत्रकार कृष्णगोपाल गुप्ता के पुत्र वैभव अग्रवाल , विवेकानंद घोष की धर्मपत्नी शोभा घोष , अरुण यादव की धर्मपत्नी नीरू यादव व कृष्णचंद्र अग्रवाल के पुत्र दिलीप अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया । वहीं योगेश द्विवेदी के सुपुत्र एवं पूर्व चेयरमैन पुष्पा शर्मा के पौत्र अंशु द्विवेदी को आईपीएल में सफलता प्राप्त करने हेतु, महिला उत्थान के लिए वृंदावन सेवा संस्थान को और समाजसेवा के लिए मां ध्यानमूर्ति सत्संग सेवा संस्थान को आईकोनिक अवार्ड प्रदान किया। सरस्वती वंदना मोहन लाल गौतम ने और डॉ मनोज मोहन शास्त्री, अनूप शर्मा, ठाकुर प्रकाश सिंह ने विचार व्यक्त किए। संचालन प्रेम महाविद्यालय इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ देव प्रकाश ने किया।

इस अवसर पर स्वामी गोविंदानंद तीर्थ, लाड़ली शरण महाराज , स्वामी सत्यानंद अधिकारी गुरु, महंत सुंदर दास, बिहारी लाल वशिष्ठ, महंत मोहिनी शरण, महामंडलेश्वर रामदास, राम विलास चतुर्वेदी , स्वामी आदित्यनाथ महाराज आदि ने आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आनन्द स्वरूप गंगाजी बाबा , द्वारका प्रसाद चित्रकार , मधु मंगल शुक्ला , नूतन बिहारी पारीक, रसिक वल्लभ नागार्च , आलोक बंसल धनंजय सिंह एडवोकेट, योगेश गौतम , उपसभापति मुकेश सारस्वत, मुन्नालाल निषाद, सुरेंद्रर उतरेजा, गोलू पंडित, विनीत शर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, आनंद बल्लभ गोस्वामी, ब्रह्मदेव द्विवेदी, मुकेश कृष्ण शर्मा, जितेंद्र गौतम टीटू, विश्वनाथ गुप्ता,

डॉ एस एस जायसवाल, रवि यादव, योगेश शर्मा , कृष्ण कुमार अग्रवाल, मुनीष शर्मा, उमेश सारस्वत, मोहनलाल शर्मा जी, पार्षद घनश्याम चौधरी, पार्षद रूप किशोर वर्मा , उदयन शर्मा, किशोर पचौरी, कालीचरण सिंह , अखिल अग्रवाल, कल्लू पहलवान, रामेश्वर दयाल शर्मा, अजय यादव, अर्जुन कुशवाह, उदय अवस्थी, विवेक महाजन, शिवम मित्तल, विनोद जायसवाल, कुशल यादव, दान बिहारी खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल , डा सचिन अग्रवाल, लक्ष्मण सर्राफ, राधावल्लभ सैनी, विजय राघव, गोविंद नारायण गोस्वामी, तपेश पाठक, श्याम बिहारी चतुर्वेदी, गिर्राज शर्मा, शांतनु वशिष्ठ, प्रशांत गौतम , लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, चंदन लाल आडवाणी, डॉ राजीव पांडेय , डा सोमकान्त त्रिपाठी, राहुल पांडेय, डॉ सत्येंद्र जोशी , ईश्वर चंद्र रावत आदि उपस्थित थे।

# मथुरा में कांग्रेस का हुंकार : लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प

अवधनामा संवाददाता

■ संविधान के लिए एकजुट हुई कांग्रेस, कार्यकर्ताओं ने ली संघर्ष की शपथ

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा द्वारा बलदेव विधानसभा क्षेत्र की महावन तहसील स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश पंडित प्रधान जी ने की, संविधान बचाओ, भारत बचाओ के नारों से सम्मेलन स्थल गूंज उठा और दूरदराज से आए उपस्थित जनसमूह में नया उत्साह और जोश दिखाई दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गौतम बुद्ध एवं संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह हर भारतीय नागरिक के अधिकारों, समानता, न्याय और गरिमा का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि यह सम्मेलन संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और जनहित की भावना को समर्पित है। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं दलित नेता विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित समाज सबसे अधिक उत्पीड़न का शिकार हुआ है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग, युवा और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन महेश चौबे ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्व श्री सेवा दल अध्यक्ष प्रदीप सागर सुजान सिंह पंकज चौधरी अप्रतिम सक्सेना शैलेंद्र चौधरी मोनू चौधरी पीर मोहम्मद मनोज गौड़ सरवन अहमद दीपक आर्य सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# बुल्डोजर देख कर सहम गए सड़क पटरी के दुकानदार

■ पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण अभियान चलाकर सड़क किनारे रखे डिब्बे और गुमटियां हटाई



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** अब नगर में नाले, नालियों के ऊपर और सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों की खैर नही है। कारण, पालिका प्रशासन ने नगर को साफ सुथरा रखने और लोगों को अतिक्रमण से निजात देने के लिए गुरूवार को पालिका और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण अभियान चलाकर सड़क किनारे रखे डिब्बे और गुमटियों को हटवाया, साथ ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि जल्द से जल्द सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा उनके सामान को जब्त कर लिया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि शहर में सड़क किनारे विभिन्न मार्गों पर दुकानदारों द्वारा गुमटी, डिब्बे रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे सड़कें सकरी हो जाने से आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, साथ ही वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए नगर पालिका ने गुरूवार को अतिक्रमण अभियान के पहले दिन परमानंद चैराहा से लेकर मंडी समिति तक अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया और दुकानदारों को स्वयं सामान हटाने के लिए समय दिया गया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता पंकज कुमार और नगर पालिका के अवर अभियंता विनोद कुमार, व नगर पालिका के सफाई नायक भूपेंद्र के अलावा नगर पालिका की टीम बुल्डोजर लेकर अतिक्रमण हटाने के लिए निकल पड़ी, इससे अतिक्रमण करने वाले दुकानदार सहम गए लेकिन अधिकारियों ने सामान स्वयं हटाने की चेतावनी देकर पहले दिन उन्हे छोड़ दिया, लेकिन अतिक्रमण अभियान अगले चरण में शुरू करने पर सख्त कर्रवाई की हिदायत दी गई।

# केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने जनपद भ्रमण किया

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल ( बहजोई)** केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली डॉ वीरेंद्र कुमार जनपद भ्रमण कार्यक्रम रहा। ओएलएफ रिसोर्ट चंदौसी में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु भारत सरकार की एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार रहे। मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर निशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान गाया मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों का पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि को जिलाधिकारी द्वारा जनपद के प्राचीन तीर्थो एवं कूपों से संबंधित मानचित्र की पुस्तिका भेंट की तथा जानकी सेवा समूह बनियाखेड़ा द्वारा निर्मित गौ उत्पाद तथा पूजा की चौकी,भेंट की गयी। बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।मुख्य अतिथि मा. केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में दिव्यांगजनों के लिए एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एडिप योजना एवं वयोश्री योजना चलाई जा रही है । एडिप योजना से 75 आकांक्षात्मक ब्लॉकों पर क्रमबद्ध सहायक उपकरणों के लिए वितरण कार्यक्रमों का आयोजन सामाजिक मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है ।आज चंदौसी में आयोजित कार्यक्रम के साथ-साथ तमिलनाडु के कृष्णा पल्ली में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दोनों जगह हो रहा है । यह कार्यक्रम देश 16 राज्यों के 48 जिलों में 75 आकांक्षात्मक ब्लॉक में आयोजित होना है। इन सामाजिक अधिकारिता शिविरों के माध्यम से लगभग सौलह हजार से अधिक हमारे दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण किया जाएगाप्रधानमंत्री जी की जो सोच है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और देश को आत्मनिर्भर बनाने में सभी का सामूहिक प्रयास। उन सभी के सामूहिक प्रयासों में हमारे दिव्यांगजनों के भी प्रयास जुड़े हैं उसे दृष्टि से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा 75 आकांक्षात्मक ब्लॉकों का चयन करके दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरणों का वितरण किया जाना है। जिससे उनको सशक्त बनाया जा सके। दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं चाहिए दिव्यांगजन केवल सहयोग चाहते हैं । उनको अगर शासन के सहयोग के साथ-साथ समाज का भी सहयोग उनके साथ जुड़ जाता है तो दिव्यांगजन न केवल स्वयं सशक्त होते हैं परिवार को भी सशक्त बनाते हैं समाज को सशक्त बनाने में अपना योगदान देते हैं । और जब समाज सशक्त होता है तभी इस देश में प्रधानमंत्री जी की भावनाओं के अनुरूप देश को आत्मनिर्भर बनाने में हमारे दिव्यांगजनों का भी योगदान होता है। 2014 ई के बाद कानपुर का भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( एलिम्को) कारखाने को पूरी तरीके से नवीनीकरण किया गया है तथा यहाँ स्वदेश के निर्मित मशीनों को लगाया गया है । दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थानो पर रैम्प बनाई जा रही है स्कूलों, अस्पतालों ,रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों ,हवाई अड्डों आदि पर रैम्प बनायी जा रहीं हैं इनको सुगम्य बनाया जा रहा है ताकि दिव्यांग जन आसानी से पहुंच सकें। 19 निजी समाचार चैनलों को भी आंशिक रूप से सुगम्य बनाया गया है। एक दिव्यांग बेटी ने इंग्लिश चैनल पार कर के रिकॉर्ड भी बनाया है। दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण हो रहा है। विशिष्ट अतिथि . जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री जी दोनों इस प्रयास में हैं कि हर घर जल पहुंचे तथा हर घर बिजली, शिक्षा तथा स्वावलम्बन पहुंचे। तथा ई- गवर्नेस एवं गुड़ गवर्नेस के माध्यम से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो। पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव ने भी संबोधित किया तथा एल्मिको के सीएमडी द्वारा संस्थान द्वारा क्या क्या कार्य किये जा रहे हैं उनके विषय में जानकारी दी।

# डीएलएड अभ्यर्थियों का धरना दूसरे दिन भी जारी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में डीएलएड प्रशिक्षित और टीईटी उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं शिक्षा सेवा चयन आयोग कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर रात बिताई। उन्होंने नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ आवाज उठाई। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के समक्ष प्राथमिक शिक्षक भर्ती को लेकर बुधवार से जारी धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह के नेतृत्व में जारी रहा। पूरी रात अभ्यर्थी नारेबाजी करते रहे। रात में टॉर्च की रोशनी में अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती हैं तब तक वह यहां से नहीं हटेंगे। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के पद पर सात साल से कोई भर्ती नहीं हुई है। पिछली बार वर्ष 2018 में 69 हजार शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन को दो साल से अधिक समय बीत चुका है लेकिन आयोग को भर्ती के लिए अब तक रिक्त पदों का अधियाचन नहीं मिला है। अभ्यर्थियों का कहना है कि कुछ दिनों पहले सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया था कि प्राथमिक शिक्षकों के 1.26 लाख रिक्त पदों पर भर्ती होगी लेकिन दो घंटे बाद ही पोस्ट डिलीट कर दिया गया। अभ्यर्थियों ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सात साल बाद भी तय नहीं हो पा रहा कि नई भर्ती कब शुरू होगी। हर साल 2.35 लाख छात्र डीएलएड प्रशिक्षण लेते हैं लेकिन पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद भी नौकरी को लेकर अनिश्चतता बनी रहती है। सात साल में तकरीबन 16 लाख छात्र डीएलएड कोर्स पूरा करने चुके हैं और नौकरी के लिए भटक रहे हैं। धरना स्थल पर सुबह 10 बजे से ही प्रदेश के कई जिलों से बड़ी संख्या में जुटे छात्रों ने कहा कि इस बार लड़ाई आरपार की होगी। भर्ती पर कोई निर्णय होते तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# जनपद में प्रत्येक दशा में प्रतिबंधित की जाए पालिथीन

■ थैला नहीं तो सामान नहीं के संदेश से जनमानस को किया जाए जागरूकः डीएम



अवधनामा संवाददाता

**सम्भल/बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति/ जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के संबंध में चर्चा की गयी। प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम के लिए क्या कार्य किए जा रहें हैं उसकी जानकारी प्राप्त की। और जिलाधिकारी ने कहा कि एक अभियान के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा जिला पंचायती राज विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के विरुद्ध नगरों एवं ग्रामों में एक अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में पॉलिथीन प्रत्येक दशा में बंद होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एक अभियान चलाकर दुकानदारों पर अर्थदंड लगाते हुए पॉलीथिन प्रतिबंधित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में थैला नहीं तो सामान नहीं का संदेश भी दें जिससे लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सकें। बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित अघिकारियों को निर्देशित किया। वृक्षारोपण के अन्तर्गत जियो टैगिंग का कार्य संबंधित विभागों को शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। जो विभाग शत प्रतिशत जियो टैगिंग कार्य नही कर रहे हैं उनको कठोर चेतावनी जारी की जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में गंगा में कोई नाला नहीं गिरना चाहिए इसको प्रत्येक दशा में देख लें। अर्थगंगा ऑर्गेनिक खेती को लेकर भी मुख्य विकास अधिकारी ने चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घाटों की साफ सफाई एवं रखरखाव को लेकर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए किसी भी दशा में लापरवाही संज्ञान में ना आए। राजघाट बबराला पर एस. एच.जी को लेकर चर्चा की मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नदियों के विषय में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य की प्रगति बढ़ाई जाए। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण को लेकर भी चर्चा की उन्होंने कहा कि जनपद में मीठे सहजन एवं हरि शकंरी शत प्रतिशत रोपित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ओमवीर सिंह खड़गवंशी, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, क्षेत्राधिकारी चंदौसी अनुज चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, पंचायतीराज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सौरव के दम पर फोर्ड स्कूल क्लब की आसान जीत



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में श्री सहायक क्रिकेट क्लब को एक तरफा मुकाबले में दस विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं, विजेता टीम के सौरव यादव के नाबाद ( 166 रन, 73 गेंद, 17 चौके व 13 छक्के व 6 - 0 - 45 - 3 ) के दम पर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। गुरुवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री सहायक क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में 236 रन ( बिपिन पाल 53, लक्ष्य यादव 49, उज्जवल शर्मा 42, ईशान सिंह 22, पार्थ वर्धन साहयक 21 रन, कुणाल मिश्रा 3/24, सौरव यादव 3/45, शुभम यादव 2/60, शिवांश मिश्रा 1/17 ) पर बनाए। जवाब में लक्ष्य का करने उत्तरी फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब की टीम ने 23.3 ओवर में बिना विकेट खोए 237 रन ( सौरव यादव 166 नाबाद, आयुष सिंह 66 अविजित रन ) पर बना लिए।

### शिवाय जायसवाल के परिजनों से मिले व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी व्यापार सभा उ0प्र0 का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में मृत साढ़े तीन वर्षीय बालक शिवाय जायसवाल के परिजनों से मिलने आया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने शिवाय जायसवाल के परिजनो को न्याय दिलाने के लिए पूरा भरोसा दिलाया और बोला इस दुख की घड़ी में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी परिवार आपके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जहां तक और जैसे भी होगा समाजवादी पार्टी के लोग हर संभव मदद करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में साथ आये समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा.अजय चौरसिया, महानगर के उपाध्यक्ष मो.गौस, प्रदेश सचिव प्रवीण केसरवानी, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रितेश जायसवाल, महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता, जमुनापार के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र केसरवानी, गंगापार के जिलाध्यक्ष कमलेश गुप्ता व अश्वनी जायसवाल और साथ मे समाजवादी पार्टी के क्षेत्र के कई बड़े नेता व जमुनापार के जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, रामभवन यादव, कमलेश पाल, रवि, श्यामू यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर से कुचलकर किशोर की मौत

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के जेके सीमेंट प्लांट के पास ट्रैक्टर से कुचलकर एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना सुबह के समय की है। एक तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से ट्रॉली असंतुलित हो गई। ट्रॉली में बैठा किशोर नीचे गिर गया। ट्रॉली का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान बिहरिया गांव के रहने वाले श्याम आदिवासी के पुत्र चन्ना आदिवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही शंकरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ भेजा। डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलने वाले भारी वाहनों को घटना का जिम्मेदार बताया है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर हादसे आम हो गए हैं। प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शंकरगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश के अनुसार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे अधिकारी के दोहा संग्रह को मैथिली शरण गुप्त पुरस्कार



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक बसंत कुमार शर्मा को उनके दोहा संग्रह ढाई आखर के लिए सम्मान मिला है। रेलवे बोर्ड की राजभाषा विभाग ने मैथिली शरण गुप्त योजना के तहत वर्ष 2023 में इस कृति को द्वितीय पुरस्कार के लिए चुना है। ढाई आखर में 700 से अधिक दोहे संकलित हैं। इन दोहों में मानवीय मूल्यों, प्रेम, करुणा और सामाजिक विसंगतियों को दर्शाया गया है। पुस्तक की भाषा सरल और प्रवाहपूर्ण है। इसमें हिंदी के साथ उर्दू, अंग्रेजी और आंचलिक शब्दों का प्रयोग किया गया है। श्री शर्मा एक सक्रिय साहित्यकार हैं। इससे पहले उनके दो काव्य संग्रह बुधिया लेता टोह (2019) और शाम हँसी पुरवाई में (2020) प्रकाशित हो चुके हैं। ढाई आखर उनका तीसरा प्रमुख प्रकाशन है। पुरस्कार के रूप में उन्हें 10,000 रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

# एडीजे ने नगर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

■ जिला विधिक प्राधिकरण सचिव ने विधिक जानकारी देकर जागरूक किया




अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के रामजानकी मण्डपम में नगर प्रेस क्लब शपथ ग्रहण समारोह का शुभारम्भ जिला विधिक प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज लवली जायसवाल एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद नगर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

गुरूवार को आयोजित नगर प्रेस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि अपर जिला जज (एडीजे) लवली जायसवाल ने अध्यक्ष पंकज वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजीत ठाकुर, महामंत्री फैज खॉन, कोषाध्यक्ष फहीम खान, उपाध्यक्ष नईम खान एवं आफ्ताब अहमद, कानूनी सलाह कार जितेन्द्र सिसौदिया व इरशाद खॉन, संगठन मंत्री सिद्धार्थ गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों को पद व गोपनियता की शपथ दिलानें के उपरान्त पत्रकारों को निष्पक्षता, ईमानदारी और पत्रकारिता मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहकर अपने उत्तरदायित्तो को निभाने के लिए प्रेरित किया। एडीजे लवली जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकारों की भूमिका समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे सत्य, निष्पक्षता और समाजहित को प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र के चौथा स्तंभ देश समाज एवं दुनिया की जानकारी देते हैं साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को उजागर करने का सच्चाई से कार्य करते हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस कमेटी पूर्व सचिव विजय मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो. शमशाद खान, तालग्राम नगर पंचायत चेयरमैन मोहसिन खान उर्फजानू, पूर्व चेयरमैन मुस्ताक अहमद भुट्टो, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष उषा दुबे, डॉ सुधीर दीक्षित, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर, प्रधान हारून अहमद सिददीकी, ध्यानेंद्र सिंह, किसान नेता अभिषेक मिश्रा, अनुराग गुप्ता, ठाकुर ललित मोहन सिंह, अतुल गुप्ता, सभासद धर्मेंद्र गुप्ता बडे, परमजीत, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल, व्यापारी नेता शिवम राज वर्मा, विकास गुप्ता सहित तमाम नागरिकों ने नवनिर्वाचित नगर प्रेस क्लब टीम को बधाई दी और उम्मीद जताई कि यह टीम पत्रकारों के हितों की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती से आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार रामसेवक मास्टर ने किया एवं अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शांति स्वरूप मिश्रा ने की अंत में क्लब के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार स्वदेश गुप्ता, ज्ञानेंद्र गुप्ता, संजीव त्रिपाठी, उमर इदरीसी, शकील अहमद आदि ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# ब्लांक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी श्री अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड रजपुरा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम] बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। बाल विकास परियोजना अधिकारी नीता सैनी द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमित समीक्षा हेतु कहा गया। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुये इन योजनाओ के अन्तर्गत पात्र बालको को नियमानुसार लाभान्वित करने हेतु कहा गया। 1098, 181, 112, 1076, 108, 102 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत रूप मे बताते इन्हे सभी को प्रयोग हेतु कहा गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से डा. अलीजान, शिक्षा विभाग से अरविन्द कुमार, पुलिस विभाग से एसआई सत्यपाल सिंह एवं सतेन्द्र सिंह, आईसीडीएस से मुख्य सेविका राजकुमारी, आकाश, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं को माहवारी एवं स्वच्छता विषयक दी जानकारी

■ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारागंज में किया गया किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारागंज में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत महावारी एवं स्वच्छता दिवस आयोजित कराया गया। कार्यक्रम आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय एव स्कूली छात्राओं को माहवारी एव स्वच्छता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि दारागंज का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले से बहुत बदलाव किया गया है। गौरतलब है कि अब इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। डाक्टर अनिल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अब इस स्वास्थ्य केंद्र पर एक्सरे की सुविधा भी हो गई है। इन सब सुविधाओं के चलते क्षेत्रीय लोगों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

आज के इस कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम नोडल एनएचयूएम उप मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज रावेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पीएचसी दारागंज प्रभारी डॉ. अनिल कुमार, डा वन्दना पाण्डेय, शि.शि.अधिकारी रीता तिवारी. पीएसजे कृति पाठक एवं अखिलेश कुमार की सहभागिता रही। इसमें किशोरियों को महावारी बच्छता के विषय में अवगत गया तथा उनके उत्साहवर्धन हेतु उनके मध्य सेनेटरी पैड भी निशुल्क वितरित किये गये।

# एनसीसी का ग्रीष्मकालीन शिविर में कैडेटों के दिया गया योग और ध्यान प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आज एकात्म अभियान के अंतर्गत सामाजिक वानिकी प्रभाग आजमगढ़ एवं हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सौजन्य से 99 बटालियन एनसीसी आजमगढ़ के ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान कैडेटों के साथ योग और ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। जी0डी0 ग्लोबल पब्लिक स्कूल में आयोजित योग व ध्यान कार्यक्रम में एन0सी0सी0 99 बटालियन से जुड़े विभिन्न स्कूल-कालेजों के कैडेट एवं सैन्य अधिकारियों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन एन0सी0सी0 99 बटालियन के योग प्रशिक्षक रिसालदार मेजर हरीश सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, शारीरिक लचीलापन हेतु व्यायाम समेत शारीरिक और मानसिक समस्याओं के समाधान में सहायक योग क्रियाएं करवाई गई। कार्यक्रम के आगामी सत्रों में हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट (श्री राम चन्द्र मिशन) के प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान के माध्यम से प्रशिक्षुओं को शांतचित्त एवं एकाग्रता के साथ इस चुनौतीपूर्ण कैंप को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगा दत्त मिश्र (प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आजमगढ़) ने अपने संबोधन में कहा कि योग एवं ध्यान शरीर व दिमाग को स्वस्थ और तनावमुक्त रखने में मदद करते हैं। योग हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार करके मन और शरीर को फिर से जीवंत करता है। तदोपरांत शरीर एवं प्रकृति के गहरे सम्बन्ध पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने पर जोर दिया।

धन्यवाद संबोधन में कैंप प्रभारी सूबेदार मेजर रामस्वरूप चौहान ने वन विभाग की इस पहल का स्वागत किया तथा भविष्य में भी योग प्रशिक्षण को अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में अधिक समय देने का निश्चय किया। तदोपरांत कैंप कमांडर द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को स्मृतिचिन्ह भेंट करते हुए वन विभाग एवं एन0सी0सी0 के परस्पर सहयोग, आपसी सामंजस्य एवं सम्मान की परंपरा को सुदृण किया।

कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि महोदय एवं कैंप की बालिका कैडेट द्वारा प्रांगण में आम के पौधे रोपित करते हुए हुआ। इस कार्यक्रम में 99 बटालियन एन0सी0सी0 के कुल लगभग 300 कैडेट तथा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में सफल बनाने में जीतेन्द्र नाथ त्रिपाठी (उप क्षेत्रीय वनाधिकारी), अमित यादव (जे0आर0एफ0, जिला पर्यावरण समिति) तथा प्रखर त्रिपाठी (डी0पी0ओ0, जिला गंगा समिति) का योगदान रहा।

## भांबरी-गैलोवे की जोड़ी जीती, बोलीपल्ली-बैरिएंटोस की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष युगल के पहले दौर में कड़े मुकाबले में जीत हासिल की लेकिन ऋत्विक बोलीपल्ली की ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में पहली जीत की तलाश जारी रहेगी। भांबरी और गैलोवे ने पहले दौर में रोबिन हासे और हेंड्रिक जेबेन्स की जोड़ी को 6-3 6-7(8) 6-3 से शिकस्त दी। बोलीपल्ली और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस को पहले दौर में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के गैब्रियल डायलो और ब्रिटेन के जैकब फर्नले ने महज 56 मिनट में बोलीपल्ली और बैरिएंटोस की जोड़ी पर 6-0, 6-2 से जीत हासिल की।

भांबरी नेट पर बहुत सक्रिय थे। उन्होंने कुछ बेहतरीन वॉली विनर लगाए और कोर्ट के पीछे के स्ट्रोक्स में भी दमदार थे। उनका कोर्ट कवरेज भी जबरदस्त था। भांबरी ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में दो सेट प्वाइंट बचाए और एक मैच प्वाइंट भी बनाया। लेकिन इस भारतीय का फोरहैंड नेट से टकरा गया। इस तरह हासे गेम को निर्णायक गेम तक ले जाने में सफल रहे।

भांबरी और गैलोवे ने फिर निर्णायक सेट के चौथे गेम में जेबेंस की सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त हासिल की। भांबरी ने वॉली विनर के साथ मैच का अंत किया। मार्च में एटीपी 250 चिली ओपन जीतने वाले बोलीपल्ली और बैरिएंटोस की जोड़ी को बेहतरीन सर्विस के सामने और रिटर्न करने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसान अंक प्रदान किए।

डायलो और फर्नले ने जल्द ही भारतीय खिलाड़ी की सर्विस तोड़ दी और 4-0 से बढ़त बना ली। फिर दो सेट प्वाइंट हासिल कर शुरूआती सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी कोई बदलाव नहीं हुआ जिसमें भी डायलो और फर्नले का आक्रामक प्रदर्शन जारी रहा।

## आखिरकार विश्व चैंपियन गुकेश को मिल ही गई जीत 19वें जन्मदिन पर नाकामूरा को हराकर वापसी की



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने आखिरकार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में जीत हासिल की। उन्होंने अपने 19वें जन्मदिन पर गुरुवार को अमेरिका के विश्व नंबर दो हिकारू नाकामुरा को हराकर बहुमुल्य तीन अंक हासिल किए और अपना अभियान पटरी पर ला दिया। पहले दो दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगैसी से लगातार दो हार झेलने वाले गुकेश ने रैपिड और ब्लिट्ज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा को समय के दबाव में डालकर 42 चालों में जीत दर्ज की। गुकेश खुद पिछले दो मैचों में लगातार समय के दबाव में थे, लेकिन इस मैच में नाकामुरा को घड़ी देखने पर मजबूर कर दिया। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाने वाला टूर्नामेंट है। गुकेश ने तीसरे दौर के मैच के बाद कहा, जीत से काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मेरा समय प्रबंधन पहले की तुलना में इस मैच में बहुत बेहतर था। नाकामुरा के पास ड्रॉ करने के कुछ मौके थे, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह अच्छा था। यह पूछने पर कि क्या टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वह आर्मगेडन टाईब्रेक में सहज होंगे, गुकेश, जिनकी मुख्य ताकत शास्त्रीय शतरंज में निहित है, ने कहा, हां, मेरा मतलब है कि किसी बिंदु पर यह निश्चित रूप से आएगा। लेकिन अभी, मैं इस (जीत) से खुश हूं। पिछले साल दिसंबर में चीन के डिंग लीरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने वाले गुकेश ने स्वीकार किया कि पिछले दो गेम जो वह हारे थे, वे उनके लिए कठिन थे। उन्होंने कहा, बेशक पिछले दो मैच मुश्किल थे। लेकिन इस मैच में मैंने इसे नए टूर्नामेंट की तरह खेलने की कोशिश की। खुशी है कि मैं इस तरह खेला। यह पूछे जाने पर कि क्या यह जीत पिछले दिनों की तुलना में घड़ी को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने का प्रत्यक्ष परिणाम है, उन्होंने स्वीकार किया कि यह पिछले दो मैचों में उनका समय प्रबंधन बेकार था। उन्होंने कहा, खुशी है कि मेरा समय प्रबंधन और मेरा खेल इस मैच में काफी अच्छा रहा। वहीं, अच्छी शुरुआत करने के बाद एरिगेसी को ग्रैंडमास्टर फाबियानो करुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गत चैंपियन कार्लसन को आर्मागेडोन टाईब्रेक में चीन के वेई यी ने हराया। करुआना तीन और अंक जुटाकर छह अंक के साथ शीर्ष पर हैं। कार्लसन पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी और नाकामूरा 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत नाकामूरा के खिलाफ हार से करने वाले करुआना लगातार दो जीत के साथ लाइव रेटिंग में एरिगेसी को पछाड़कर दोबारा दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी बन गए हैं।

## भारत की चार गुणा 400 मीटर पुरुष रिले टीम का जलवा, एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में




**गुमी (दक्षिण कोरिया)।** शाम को होने वाले फाइनल में भारतीय टीम पांचवीं लेन से शुरुआत करेगी। हीट में भारत ने चीन (तीन मिनट 6.79 सेकेंड) और मेजबान कोरिया (तीन मिनट 10.05 सेकेंड) को पछाड़कर फाइनल के लिए सीधे क्वालिफाई किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की चार गुणा 400 मीटर पुरुष रिले टीम ने जलवा दिखाया है। टीम ने गुरुवार को फाइनल में प्रवेश किया। रिंस जोसेफ, धर्मवीर चौधरी, मनु थेक्किनालिल साजी और मोहित कुमार की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 6.28 सेकेंड का अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस)में शीर्ष स्थान हासिल किया। शाम को होने वाले फाइनल में भारतीय टीम पांचवीं लेन से शुरुआत करेगी। हीट में भारत ने चीन (तीन मिनट 6.79 सेकेंड) और मेजबान कोरिया (तीन मिनट 10.05 सेकेंड) को पछाड़कर फाइनल के लिए सीधे क्वालिफाई किया। फाइनल में भारत को श्रीलंका, चीन और कजाखस्तान जैसी मजबूत टीमों से चुनौती मिलेगी। श्रीलंका ने सत्र का सबसे तेज तीन मिनट 1.56 सेकेंड का समय निकाला। महिलाओं की 10 हजार मीटर दौड़ के फाइनल में भारत की संजीवनी जाधव ने 33 मिनट 8.17 सेकेंड का अपना सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया, जबकि सीमा 33 मिनट 08.23 सेकेंड के समय से छठे स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कजाखस्तान की डेजी जेपकेमी (30 मिनट 48.44 सेकेंड) ने दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जापान की रिरिका हिरोनिका (30 मिनट 56.32 सेकेंड) और मिकुनी याडा (31 मिनट 12.21 सेकेंड) क्रमश- दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। भारत ने अब तक इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल आठ पदक जीते हैं।

## आमिर खान की फिल्म का नया गाना 'सर आंखों पे मेरे' रिलीज, उत्साह के माहौल में दिखा टेंस मूड



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमिर खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म सितारे जमीन पर का नया गाना सर आंखों पे मेरे रिलीज हो गया है।

आमिर खान अभिनीत फिल्म सितारे जमीन पर का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जो जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आज गुरुवार के दिन फिल्म का नया गाना सर आंखों पे मेरे रिलीज किया गया है। इस गाने में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख के बीच भावनात्मक अंदाज को देखा जा सकता है।

**भावों से खेलता दिखता है यह नया गाना**

आमिर खान की आगामी फिल्म सितारे जमीन पर का नया गाना सर आंखों में मेरे एक भावनात्मक सॉन्ग है, जिसे अरिजीत सिंह और शरीवा पारुलकर द्वारा गाया गया है। इस गाने में पहली बार आमिर खान और जेनेलिया देशमुख को एक साथ स्क्रीन पर देखा गया है। वीडियो में दोनों कलाकार को उत्सव के माहौल में उदास देखा जा सकता है, जिसमें बच्चे खेल रहे और अन्य लोग आनंद उठा रहे हैं, लेकिन ये टेंस मूड में हैं।

**फिल्म से जोड़ती है गाने की धुन**

सर आंखों पे मेरे गाने को शंकर एहसान लाय ने कंपोज किया है। वहीं, इसे अमिताभ भट्टाचार्या द्वारा लिखा गया है। इस गाने को जी म्यूजिक के सहयोग से लॉन्च किया गया है। गाने की धुन अंतरात्मा को छूती प्रतीत होती है।

**कब रिलीज होगी फिल्म?**

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह साल 2018 में रिलीज हुई स्पैनिश फिल्म चैंपियन की रीमेक है, जिसमें आमिर खान के साथ जेनेलिया देशमुख भी नजर आएंगी।

## 'रामायण' के सेट से सामने आई केजीएफ स्टार यश की पहली तस्वीर



**मुंबई।** दर्शकों को नितेश तिवारी की 'रामायण' का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है। अब फिल्म पर काफी तेजी से काम किया जा रहा है। अब फिल्म में जबरदस्त एक्शन सीक्वंस देखने को मिलेंगे। जिसके लिए काम भी शुरू हो गया है। इसके लिए इंटरनेशनल स्टंट डायरेक्टर गाय नॉरिस को फिल्म में शामिल किया गया। सेट से जुड़ी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें फिल्म में रावण का किरदार निभाने वाले यश और नॉरिस को देखा जा सकता है। जो फिल्म के लिए जबरदस्त सेट तैयार करने की तैयारी कर रहे हैं। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद दर्शकों के अंदर फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है।

'फ्यूरियोसा- ए मैड मैक्स सागा' और 'मैड मैक्स- फ्यूरी रोड' जैसी फिल्मों के स्टंट निर्देशक गाय नॉरिस इन दिनों भारत में हैं। वो रणबीर कपूर और यश की बहुप्रतीक्षित 'रामायण' में एक्शन के लेवल को बढ़ाने के लिए फिल्म की क्रू से जुड़े हैं। नॉरिस के फिल्म से जुड़ने के बाद अब रामायण में जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलेंगे। जिससे दर्शकों का एक्साइटमेंट फिल्म के लिए और भी बढ़ गया है। गाय नॉरिस की यश के साथ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें दोनों मिलकर फिल्म के सेट के लिए तैयारी कर रहे हैं।

## तमन्ना-प्रिया और दीपक थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी के सेमीफाइनल में, तीन पदक किया सुनिश्चित




**बैंकॉक।** तमन्ना ने महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे की लियू यू शान को सर्वसम्मत फैसले में शिकस्त दी। इसके बाद प्रिया (57 किग्रा) ने दक्षिण कोरिया की पार्क आह ह्यून पर शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और 5-0 से जीत दर्ज की।

भारतीय मुक्केबाजों ने चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा जिसमें तमन्ना, प्रिया और दीपक ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल में प्रवेश करके कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित किया।

तमन्ना ने महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे की लियू यू शान को सर्वसम्मत फैसले में शिकस्त दी। इसके बाद प्रिया (57 किग्रा) ने दक्षिण कोरिया की पार्क आह ह्यून पर शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और 5-0 से जीत दर्ज की।

पुरुषों के ड्रॉ में दीपक (75 किग्रा) ने तकनीकी स्पष्टता और रिंग में अनुशासन दिखाते हुए दक्षिण कोरिया के किम हियोन-ताए को सर्वसम्मत फैसले में पराजित किया।

विश्व मुक्केबाजी समर्थित एशियाई मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत ने 19 सदस्यीय मजबूत दल को मैदान में उतारा जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, दक्षिण कोरिया और मेजबान थाईलैंड जैसे ताकतवर मुक्केबाजों ने भाग लिया।

जुगनू (85 किग्रा) और अंजलि (75 किग्रा) ने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हार के साथ अपने अभियान का अंत किया।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 21:45 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 20:20 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## युवक ने पहले माता-पिता की हत्या की, फिर अनाथालय में चार लोगों को मार डाला




**कोलकाता।** बर्धमान जिले के हुमायूं कबीर ने अपने माता-पिता मुमताज परवीन और मुसफतिजुर रहमान की चाकू घोंपकर हत्या की। इसके बाद वह उत्तर 24 परगना के बोनगांव स्थित शरीफ अनाथालय पहुंचा। यहां उसने दो शिक्षकों और दो कर्मचारियों पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार किया तो भीड़ ने बोनगांव पुलिस थाने पर धावा बोल दिया।

पश्चिम बंगाल से हत्या का एक वीभत्स मामला सामने आया है। बर्धमान जिले में एक युवक ने पहले अपने माता-पिता की हत्या की। इसके कुछ घंटे बाद एक अनाथालय में चार लोगों को चाकू घोंपकर मार डाला। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद भीड़ ने थाने को घेर लिया और पुलिस पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि बर्धमान जिले के हुमायूं कबीर ने अपने माता-पिता मुमताज परवीन और मुसफतिजुर रहमान की चाकू घोंपकर हत्या की। इसके बाद वह उत्तर 24 परगना के बोनगांव स्थित शरीफ अनाथालय पहुंचा। यहां उसने दो शिक्षकों और दो कर्मचारियों पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार किया तो भीड़ ने बोनगांव पुलिस थाने पर धावा बोल दिया। लोगों ने मांग की कि आरोपी हुमायूं कबीर को उन्हें सौंप दिया जाए। उत्तर 24 परगना के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि भीड़ के हमले में दो पुलिसकर्मी एक कांस्टेबल और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गए।

# बंटवाल में पिकअप चालक हत्या मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**कर्नाटक के बंटवाल में पिकअप चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।**

**बंगलूरू।** कर्नाटक के बंटवाल के पास पिकअप ट्रक चालक अब्दुल रहीम उर्फ इम्तियाज की मंगलवार को हत्या कर दी गई थी। इसके बाद बुधवार को दक्षिण कन्नड़ जिले के कुछ हिस्सों में तनाव बढ़ गया था। इस पर गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

कर्नाटक के बंटवाल में पिकअप चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि



हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस हत्या को बहुत गंभीरता से लिया है। जब तक हम इस तरह की सांप्रदायिक गतिविधियों और हत्याओं को दबा नहीं देते, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। कर्नाटक के मंगलुरु में बंटवाल के पास कोलथामजालु इलाके में पिकअप ट्रक चालक अब्दुल रहीम उर्फ इम्तियाज की मंगलवार को हमलावरों के एक समूह ने उस समय कथित तौर पर हत्या कर दी, जब वह इरा कोडी के पास एक स्थान पर पिकअप वाहन से रेत उतार रहा था। इसके बाद बुधवार को दक्षिण कन्नड़ जिले के कुछ हिस्सों में तनाव बढ़ गया था।

घटना को लेकर गृह मंत्री ने कहा कि हत्या के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके बयानों के आधार पर हमें कुछ गंभीर जानकारी मिली है, जिसके आधार पर आगे की जांच और कार्रवाई की जाएगी। सांप्रदायिकता विरोधी बल के गठन के संबंध में तत्काल प्रभाव से सरकारी आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी हो, हम निर्दयी कार्रवाई करेंगे, क्योंकि अगर ऐसी चीजें हर बार होती रहेंगी, तो हम अपनी आंखें बंद करके चुपचाप नहीं बैठ सकते। हम बिना किसी दया के कानून को और सख्त बनाएंगे।

दक्षिण कन्नड़ जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव से मुलाकात के बाद गृह मंत्री ने कहा कि दक्षिण कन्नड़, उडुपी, शिवमोगा और सांप्रदायिक गतिविधियों वाले अन्य स्थानों को संवेदनशील माना जाएगा और ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जब तक हम ऐसी सांप्रदायिक गतिविधियों और हत्याओं को दबा नहीं देते, हम चैन से नहीं बैठेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि वहां माहौल खराब हो गया है।

## उस कोरोना मरीज को मार डालो, सरकारी डॉक्टरों के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में दो मई 2025 को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें दो डॉक्टरों के बीच बात हो रही है। इसमें एक डॉक्टर दूसरे से कह रहा है कि किसी को भी अंदर जाने की इजाजत मत दो, बस उस दयामी महिला को मार दो। यह ऑडियो कोविड 19 के दौरान 2021 का बताया जा रहा है। महाराष्ट्र में डॉक्टरों के बीच बातचीत का एक ऑडियो वायरल हुआ है। इस ऑडियो में एक डॉक्टर अपने सहकर्मी डॉक्टर को निर्देश दे रहा है कि तुम उस महिला कोरोना मरीज को मार डालो। यह ऑडियो कोविड महामारी के दौरान 2021 का बताया जा रहा है। ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

महाराष्ट्र के युवक ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के लातूर जिले में दो मई 2025 को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें आरोपी डॉ. शशिकांत देशपांडे (जो कोविड महामारी के वक्त 2021 में लातूर के उदगीर सरकारी अस्पताल में अतिरिक्त जिला सर्जन थे) और डॉ. शशिकांत डांगे (जो एक कोविड-19 देखभाल केंद्र में तैनात थे) के बीच बात हो रही है। यह ऑडियो उस वक्त की है जब कोविड-19 चरम पर था और अस्पताल मरीजों से भरे हुए थे और संसाधन कम थे।

बताया जा रहा है कि ऑडियो में डॉ. देशपांडे ने डॉ. डांगे से कहा कि किसी को भी अंदर जाने की इजाजत मत दो, बस उस दयामी महिला को मार दो। इस पर डॉ. डांगे सावधानीपूर्वक जवाब देते हुए कह रहे हैं कि ऑक्सीजन सहायता पहले ही कम कर दी गई थी।

ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 24 मई को देशपांडे के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य करने और अन्य अपराधों के कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया। इंस्पेक्टर दिलीप गाडे ने बताया कि देशपांडे का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। उन्हें नोटिस जारी किया है तथा उनका बयान दर्ज किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की क्रिश्चियन जेम्स की याचिका

**नई दिल्ली।** क्रिश्चियन जेम्स के वकील ने कहा कि मैं (जेम्स) बीते छह वर्षों से तिहाड़ जेल में हूं। मेरे पास कोई स्थानीय पता नहीं है। वकील ने कहा कि जब तक जेम्स जेल से बाहर नहीं आता तब तक वह इस शर्त को पूरा नहीं कर सकता क्योंकि वही जेल से बाहर आने के बाद अपने रहने के लिए पते की तलाश करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को ब्रिटिश नागरिक और बहुचर्चित अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर खरीद घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन माइकल जेम्स की याचिका खारिज कर दी। क्रिश्चियन जेम्स ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे राहत देने से इनकार कर दिया। दरअसल दिल्ली उच्च न्यायालय ने क्रिश्चियन माइकल जेम्स को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था, लेकिन शर्त लगाई थी कि उसे भारत में अपने निवास की जानकारी देनी होगा, जहां वह जमानत मिलने के बाद रहेगा।

# क्या विकसित देश की राजधानी बनने को तैयार है दिल्ली

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता सरकार के पहले सौ दिन के कामकाज को देखें तो साफ संकेत मिलता है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को हकीकत बनाने के लिए सही दिशा में और एक सोची-समझी रणनीति के साथ कदम उठा रही है। दुनिया घूमने वाले भारतीयों के मन में एक कसक हमेशा रहती है कि काश उनके देश की राजधानी दिल्ली भी विकसित देशों की राजधानी जैसी होती। हरियाली, साफ-स्वच्छ यमुना, प्रदूषण से मुक्त हवा, ट्रैफिक जाम से मुक्त सड़कें, आवागमन के तेज सुविधाजनक सर्व सुलभ साधन, ऊंची-ऊंची इमारतें, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षा और खेल के परिसर, सुंदर और चमकदार एम्यूजमेंट पार्क, बड़े पांच सितारा अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त होटल इसकी पहचान होते तो बेहतर होता। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से ऐसी ही दिल्ली बनाने का वादा किया था। क्या दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार इसी दिशा में काम कर रही है? रेखा गुप्ता सरकार के पहले सौ दिन के कामकाज को देखें तो साफ संकेत मिलता है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को हकीकत बनाने के लिए सही दिशा में और एक सोची-समझी रणनीति के साथ कदम उठा रही है। यमुना की सफाई हो या गरीबों को आवास सुविधा देते हुए झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने का काम जारी है। बाजारों में अवैध रेहड़ी-पटरियों को हटाकर फुटपाथों-सड़कों का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पुराने वाहनों को सड़कों से हटाने, नए सुलभ देवी बसों का संचालन और मेट्रो के नए विस्तार को हरी झंडी मिल चुकी है। कूड़े के निस्तारण और हरियाली बढ़ाने के प्रयासों को भी शुरू किया जा चुका है। नए विश्वविद्यालय, शैक्षणिक परिसर खोलने को अनुमति मिल चुकी है। झीलों के पुनरुद्धार के लिए योजना पर काम चल रहा है। दिल्ली को पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक रणनीति पर काम चल रहा है। इन कार्यों

**विकसित**

**दुनिया घूमने वाले भारतीयों के मन में एक कसक हमेशा रहती है कि काश उनके देश की राजधानी दिल्ली भी विकसित देशों की राजधानी जैसी होती।**

का जमीनी असर दिखाई देने में समय लगेगा, लेकिन रेखा गुप्ता सरकार ने हर समस्या को सुलझाने के लिए कदम उठाए हैं। दिल्ली की सबसे बड़ी चुनौती यहां 1760 के करीब अवैध झुग्गी-बस्तियां हैं। दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए और यहां के लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए सरकार को इन बस्तियों का उसी तर्ज पर विकास करना होगा जिस तर्ज पर मुंबई की धारावी का विकास किया जा रहा है।



यानी गरीब झुग्गी-बस्तियों की उन्हीं जगहों पर ऊंची-ऊंची बहुमंजिला इमारतें बनाई जाएं। उनमें गरीबों को आवास दिए जाएं, और शेष भूखंड का इस्तेमाल विकास के लिए अन्य सुविधाएं विकसित करने के लिए किया जाए। यमुना में गंदा पानी किसी भी कीमत पर न गिरे, ऐसा उपाय किए बिना यमुना को साफ नहीं किया जा सकता। दिल्ली सरकार ने नजफगढ़ नाले को लेकर एक योजना तैयार कर दी है। इस पर काम चल रहा है। लेकिन सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि वह एक साथ दिल्ली के सभी बड़े 22 नालों पर बड़े एसटीपी विकसित करे जो पानी को शोधित करने का काम करें।

सरकार ने पुराने वाहनों को सड़कों पर हटाने, उन्हें ईंधन न देने और नए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने की नीतियां बनाई हैं। मेट्रो, देवी बसों और ई-वाहनों को बढ़ावा देकर वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने में मदद मिल सकती है। लेकिन हर आधे किलोमीटर पर सर्वसुलभ सस्ता और उपयोगी सार्वजनिक वाहन उपलब्ध कराकर ही निजी वाहनों को सड़कों से कम किया जा सकता है। सरकार को विशेष स्थानों पर नो वेहिकल जोन बनाने और निजी वाहन रखने पर बड़ा चार्ज लगाने से नहीं चूकना चाहिए। कूड़ा प्रबंधन दुनिया के हर देश की समस्या बन चुका है। लेकिन यूरोपीय देशों ने यह दिखाया है कि यदि बेहतर प्रबंधन किया जाए तो इस समस्या को कम किया जा सकता है। कॉलोनी से कूड़ा इकट्ठा करने के स्तर पर ही सूखे-गीले कूड़े को अलग करने और इसके निस्तारण के लिए एजेंसियों को दक्ष किया जाना चाहिए।

## बंगाल दौरे पर गए पीएम मोदी पर टीएमसी का आरोप

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इस बीच टीएमसी की नेता सागरिका घोष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पर अभी भी बंगाल का 1.7 लाख करोड़ रुपये बकाया है। क्या प्रधानमंत्री बंगाल के लोगों को बताएंगे कि यह पैसा बंगाल को कब दिया जाएगा और यह पैसा देने से क्यों इनकार किया जा रहा है? पश्चिम बंगाल के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया है। टीएमसी ने कहा कि केंद्र ने राज्य की 1.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि रोके ली है। पीएम मोदी ने अलीपुरद्वार में एक गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखी और रैली को संबोधित किया। राज्यसभा में टीएमसी की उपनेता सागरिका घोष ने वीडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल आए हैं। हम प्रधानमंत्री का स्वागत करते हैं। लेकिन हम प्रधानमंत्री को यह भी याद दिलाना चाहते हैं कि केंद्र सरकार पर अभी भी बंगाल का 1.7 लाख करोड़ रुपये बकाया है। क्या प्रधानमंत्री बंगाल के लोगों को बताएंगे कि यह पैसा बंगाल को कब दिया जाएगा और यह पैसा देने से क्यों इनकार किया जा रहा है? उन्होंने केंद्र पर गैर-एनडीए दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी एक प्रवासी पक्षी की तरह हैं। वह बंगाल तभी आते हैं जब चुनाव होने वाले होते हैं। नरेंद्र मोदी बार-बार भाजपा शासित राज्यों और विपक्ष शासित राज्यों के बीच भेदभाव करते हैं। वे बार-बार बंगाल के लोगों के साथ भेदभाव करते हैं। हम प्रधानमंत्री से इस भेदभाव को रोकने का आग्रह करते हैं क्योंकि बंगाल के लोग बहुत जागरूक हैं।

# 45 दिन नासा की निगरानी में रहीं सुनीता विलियम्स



**वॉशिंगटन।** नौ महीने तक अंतरिक्ष में फंसे रही सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर की 18 मार्च को पृथ्वी पर वापसी हुई। पृथ्वी पर वापसी के बाद दोनों को 45 दिन तक नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में रखा गया। यहां उनकी सेहत में बदलावों पर नजर रखी गई। बताया जा रहा है कि अब उनकी सेहत में सुधार है। 286 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद पृथ्वी पर वापस लौटीं अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का स्वास्थ्य तेजी से सुधर रहा है। सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर 45 दिन तक नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में डॉक्टरों की निगरानी में रहे। यहां उन्होंने अपने शरीर को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के ढाला होगा। डॉक्टरों ने बताया कि कई सप्ताह की फिजियोथैरेपी के बाद वे स्वस्थ हैं। इसके साथ ही वे बोइंग और नासा के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए काम कर रही हैं। पिछले साल पांच जून को बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में खराबी आने के बाद सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर अंतरिक्ष में फंस गए थे। 18 मार्च को 286 दिन बाद उनकी पृथ्वी पर वापसी हुई। पृथ्वी पर वापसी के बाद दोनों को 45 दिन तक नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में रखा गया। यहां उनकी सेहत में बदलावों पर नजर रखी गई। इस दौरान उनकी मांसपेशियों, संतुलन और अन्य स्थितियों को पृथ्वी पर रहने के अनुरूप ढाला गया। सुनीता विलियम्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि यह समय थोड़ा बहुत उथल-पुथल भरा रहा है। क्योंकि हमारे पास उन सभी लोगों के प्रति दायित्व भी हैं जिनके साथ हमने काम किया है। अंतरिक्ष उड़ान के बाद उनके कुछ दुष्प्रभाव धीरे-धीरे ठीक हुए और रिकवरी के अंतिम चरण में उन्हें थकान महसूस हुई, क्योंकि दर्जनों विभिन्न मांसपेशियां फिर से सक्रिय हो गईं। इससे उनके लिए सुबह जल्दी उठना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि मैं सुबह चार बजे उठती हूं और सोचती हूं कि मैं वापस आ गई। विलियम्स इन दिनों बोइंग के स्टारलाइनर कार्यक्रम, ह्यूस्टन में नासा के अंतरिक्ष स्टेशन इकाई और एजेंसी के शोधकर्ताओं के काम कर रही हैं।

62 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर ने कहा कि अभी हम अपनी वापसी के पुनर्वास भाग से बाहर आ रहे हैं। गुरुत्वाकर्षण कुछ समय के लिए खराब होता है। यह अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग अवधि होती है, लेकिन अंततः आप न्यूरोवेस्टिबुलर संतुलन जैसी समस्याओं से उबर जाते हैं। विल्मोर ने बताया कि अंतरिक्ष में जाने से पहले उनकी पीठ और गर्दन में कुछ समस्या थी, वे अपना सिर पूरी तरह से एक तरफ नहीं मोड़ पाते थे। अंतरिक्ष में जाने पर यह सब दूर हो गया था। जब वे मार्च में वापस लौटे तो गुरुत्वाकर्षण के बाद उनकी गर्दन में दर्द शुरू हो गया। उन्होंने हंसते हुए कहा कि हम अभी भी समुद्र में कैप्सूल में तैर रहे हैं और मेरी गर्दन में दर्द होने लगा है, जबकि हमें अभी तक निकाला भी नहीं गया है।

# दक्षिण कोरियाई नौसेना का गश्ती विमान दुर्घटनाग्रस्त; दो की मौत, दो की तलाश जारी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान चार चालक दल के सदस्यों के साथ नौसेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है। आपातकालीन कर्मचारी अन्य की तलाश में लगे हैं। उनका बचना भी मुश्किल बताया जा रहा है। दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान गुरुवार को प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पर चार लोग सवार थे। सभी लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, नौसेना ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि इसमें कोई हताहत हुआ है या नहीं।

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पी-3 गश्ती विमान दोपहर 1.43 बजे दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग में अपने बेस से रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारणों से जमीन पर गिर गया। विमान में सवार चार लोग थे। उनकी तलाश जारी है। उनसे अब तक संपर्क नहीं हो पाया है। यह भी पता लगाने की

**प्रशिक्षण**

**दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान गुरुवार को प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पर चार लोग सवार थे।**

कोशिश की जा रही है कि विमान क्यों दुर्घटनाग्रस्त हुआ? नौसेना अधिकारी चो यंग-सांग ने एक टेलीविजन ब्रीफिंग में कहा कि कर्मचारियों को चालक दल के दो सदस्यों के शव मिले हैं और वे उन्हें पास के अस्पताल में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारी अन्य दो की तलाश जारी रखे हुए हैं। जमीन पर नागरिकों के हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। नौसेना ने एक बयान में कहा



कि उसने दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है और पी-3 की सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। पोहांग में एक आपातकालीन कार्यालय ने कहा कि स्थानीय निवासियों से रिपोर्ट मिलने के बाद बचाव कर्मियों और दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। बताया गया कि एक अज्ञात विमान एक अपार्टमेंट परिसर के पास एक पहाड़ी पर गिर गया और उसमें आग लग गई। आग के पैमाने और नुकसान का तुरंत पता नहीं चल पाया है। इससे पहले दिसंबर में दक्षिण कोरिया के मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेजू एयर का एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार 181 लोगों में से दो को छोड़कर सभी की मौत हो गई। यह दक्षिण कोरिया के विमानन इतिहास की सबसे घातक दुर्घटनाओं में से एक थी।

# पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड रैली में सार्वजनिक रूप आया नजर



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का कथित मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) कमांडर सैफुल्ला कसूरी बुधवार को पाकिस्तान में सार्वजनिक रूप से नजर आया। उसके साथ हाफिज सईद का बेटा भी दिखा। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का कथित मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) कमांडर सैफुल्ला कसूरी बुधवार को पाकिस्तान में सार्वजनिक रूप से नजर आया। उसने एक राजनीतिक रैली में नेताओं और दूसरे वांछित आतंकवादियों के साथ मंच साझा किया। पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों की वार्षिक स्मृति यौम-ए-तकबीर के मौके पर पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) की ओर से आयोजित इस रैली में भड़काऊ भाषण दिए गए और भारत विरोधी नारे लगाए गए। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद का बेटा और भारत की ओर से घोषित आतंकवादी तल्हा सईद भी शामिल था। कसूरी ने पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब प्रांत के कसूर में आयोजित रैली में कहा, ''मुझे पहलगाम आतंकवादी हमले का मास्टरमाइंड बताया गया, अब मेरा नाम पूरी दुनिया में मशहूर है।'' ऐसा माना जाता है कि कसूरी ने पहलगाम के बैसरन में हुए क्रूर हमले का संचालन किया किया था। इस घटना में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन के द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इनमें ज्यादातर हिंदू पुरुष थे।

भीड़ के सामने बोलते हुए, कसूरी-जिसे खालिद के नाम से भी जाना जाता है-ने इलाहाबाद में मुदस्सिर शहीद÷ के नाम पर एक केंद्र, सड़क और अस्पताल बनाने की योजना की भी घोषणा की। खुफिया सूत्रों के अनुसार, मुदस्सिर अहमद पहलगाम नरसंहार के बाद भारत के जवाबी कदम ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए कई हाई-प्रोफाइल आतंकवादी गुर्गों में से एक था। रैली में भारत की सबसे अधिक वांछित आतंकवादियों की सूची में 32वें नंबर पर मौजूद तल्हा सईद ने भी जिहादी नारों के साथ एक उग्र भाषण दिया।

# वेस्ट बैंक में यहूदी कॉलोनियां बसा रहा इस्राइल, गाजा के 70 प्रतिशत हिस्से पर भी कब्जा

**समारिया**

**सरकार के फैसले का बचाव करते हुए इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि यहूदी कॉलोनियां बसाने के फैसले से हमारी जुडएआ और समारिया पर पकड़ मजबूत होगी।**

**वेस्ट बैंक।** वेस्ट बैंक में 30 लाख फलस्तीनी रहते हैं, जो इस्राइली शासन के तहत रहते हैं। यहां रहने वाले लोगों के पास इस्राइल की नागरिकता है। हाल के वर्षों में इस्राइल ने वेस्ट बैंक



में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है और तेजी से निर्माण कार्य हो रहे हैं। इस्राइल ने गुरुवार को बताया कि अधिकृत वेस्ट बैंक इलाके में 22 नई यहूदी कॉलोनियां बसाई जाएंगी। साथ ही सरकार की मंजूरी के बिना बनाई गई चौकियों को भी अधिकृत किया जाएगा। इस्राइल ने 1967 के मध्यपूर्व युद्ध में वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और पूर्व यरूशलम पर कब्जा कर लिया था। वहीं फलस्तीनी लोग इन तीनों इलाकों पर वापस अपना कब्जा चाहते हैं ताकि आजाद फलस्तीन देश की स्थापना की जा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी इस्राइल के वेस्ट बैंक में यहूदी कॉलोनियां बसाने के फैसले के खिलाफ है और उन्हें लगता है कि भविष्य में इस्राइल-फलस्तीन विवाद सुलझाने में ये यहूदी कॉलोनियां बड़ी समस्या पैदा करेंगी।

सरकार के फैसले का बचाव करते हुए इस्राइली रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि %यहूदी कॉलोनियां बसाने के फैसले से हमारी जुडएआ और समारिया पर पकड़ मजबूत होगी। इससे इस्राइल की धरती पर हमारा ऐतिहासिक दावा पक्का होगा और साथ ही फलस्तीनी आतंकवाद को कुचलने में मदद मिलेगी। काट्ज ने कहा कि वेस्ट बैंक में यहूदी कॉलोनियां बसाने का फैसला रणनीतिक रूप से भी अहम है और इससे इस्राइल पर खतरा कम होगा। वेस्ट बैंक में अब तक इस्राइल 100 से ज्यादा कॉलोनियां बसा चुका है और यहां पांच लाख लोग रह रहे हैं। इनमें पूरी तरह विकसित कॉलोनियों के अलावा अपार्टमेंट्स, शॉपिंग मॉल, फैक्ट्री और पार्क आदि शामिल हैं।

वेस्ट बैंक में 30 लाख फलस्तीनी रहते हैं, जो इस्राइली शासन के तहत रहते हैं। यहां रहने वाले लोगों के पास इस्राइल की नागरिकता है। हाल के वर्षों में इस्राइल ने वेस्ट बैंक में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है और तेजी से निर्माण कार्य हो रहे हैं। वहीं फलस्तीनी लोगों का इलाका लगातार घट रहा है। पिछली ट्रंप सरकार में तो इस्राइल के वेस्ट बैंक में दावे को अधिकृत मंजूरी देने की कोशिश भी शुरू हो गई थी, लेकिन बाइडन सरकार ने इसका विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र अदालत भी इस्राइल के वेस्ट बैंक में कब्जे को गैरकानूनी बता चुका है।

गाजा युद्ध में गाजा के 70 प्रतिशत हिस्से पर इस्राइल का कब्जा हो गया है। साल 2005 में इस्राइल ने गाजा पट्टी में अपनी बस्तियों को हटा लिया था, लेकिन मौजूदा सरकार अब फिर से गाजा में यहूदी बस्तियों को बसाने पर विचार कर रही है। साथ ही गाजा में फलस्तीनी जनसंख्या को कहीं और बसाने की तैयारी हो रही है। फलस्तीनी इसका विरोध कर रहे हैं।

# मासूम से दुराचार के आरोपी को 25 साल की कैद और 50 हजार जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) उमेश कुमार द्वितीय की अदालत में गुरुवार को मात्र 26 दिन के दौरान भारतीय न्याय संहिता के मुकदमे का विचारण करते हुए 6 वर्षीय मासूम से दुराचार करने वाले आरोपी को पच्चीस वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। भारतीय न्याय संहिता लागू होने के पश्चात इतने कम समय में इस मुकदमे का निस्तारण संभवत उत्तर प्रदेश में पहले प्रथम होगा। अभियोजन के अनुसार वादिनी ने घटना के ही दिन थाने में प्रथम सूचना दर्ज कराया कि 27 अप्रैल 2025 को जफराबाद क्षेत्र में स्थित एक धार्मिक स्थल के बाहर खेल रही मेरी छ्ः वर्षीय बच्ची के प्राइवेट पार्ट पर आरोपी खुर्शीद आलम उर्फ मोहम्मद हमजा ने किस किया, पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो की विभिन्न धाराओं मे अभियोग पंजीकृत करते हुए 28 अप्रैल को ही आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया। आरोप पत्र अदालत में आते ही 29 अप्रैल को ही अदालत ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए मुकदमे को विचरण हेतु सत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया। सत्र न्यायालय ने 30 अप्रैल को आरोपी को जेल से तलब किया और उससे पूछा कि तुम्हारा कोई वकील है, तो उसने कहा कि मेरा कोई वकील नहीं है, तो अदालत ने 01 मई 2025 को आरोपी के लिए सरकारी वकील को नियुक्त किया। अपर सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार द्वितीय ने इस मामले में 03 मई 2025 को आरोप तय किया और लगातार सुनवाई करते हुए आरोप तय होने के मात्र 26 दिन अंदर ही 29 मई 2025 को आरोपी को 25 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। इस मामले में सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने प्रतिदिन सुनवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता लागू होने के पश्चात संभवत उत्तर प्रदेश में यह पहला मामला होगा जिसमें मात्र 26 दिन में आरोप तय होने के बाद आरोपी को दंडित किया गया है। अदालत ने लगाए गए जुर्माने की धनराशि को पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

# पीयू के छात्र का इंटर्नशिप के लिए चयन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक दुबे का चयन नोएडा स्थित ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। इंटरव्यू में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अभिषेक को इंटर टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियरिंग के पद पर दो माह की इंटर्नशिप के लिए नियुक्त किया गया है। इस दौरान उन्हें प्रति माह 25,000 का मानदेय प्रदान किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. रवि प्रकाश ने इस उपलब्धि पर छात्र को बधाई दी और कहा कि यह इंटर्नशिप अभिषेक के तकनीकी कौशल को और भी निखारेगी। इस दौरान अभिषेक को लेजर, CNC, PLC, BMC, CMTS एवं इंडस्ट्रियल ड्राइव्स जैसे तकनीकी क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलेगा, जो उसके करियर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यह इंटर्नशिप अभिषेक के बी.टेक पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिसका मूल्यांकन सेमेस्टर परीक्षा के दौरान किया जाएगा। विभाग के शिक्षकों डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. विशाल यादव, सुश्री पूनम सोनकर, डॉ. अनीस अंसारी तथा मेंटर सुधीर सिंह ने छात्र को कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने भी इस अवसर पर अभिषेक को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों को इसी प्रकार प्रेरित होकर अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में शैक्षिक योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में परिषदीय विद्यालयों में संचालित शैक्षिक योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के समस्त विकास खंडों में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इनमें निर्माण कार्यों की प्रगति, यू-डायस प्लस फीडिंग, समेकित शिक्षा अभियान, बालिका शिक्षा, डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) तथा प्रधानमंत्री पोषण अभियान के अंतर्गत संचालित पीएम पोषण योजना प्रमुख रूप से शामिल रहीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक योजना की विकास खंडवार स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि इन योजनाओं का लाभ छात्रों तक पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ पहुंचे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, अतः इनका सुचारु संचालन ही विभाग की प्राथमिकता है। बैठक में जनपद जौनपुर के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकगण उपस्थित रहे।

# 24 घण्टे के अन्दर हत्या की घटना का सफल अनावरण, 1 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त एक अदद चापड बरामद किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** थाना जहानागंज में पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण 28 मई को वादी सुदर्शन राजभर पुत्र शिवप्रसाद निवासी ग्राम भतडी चक भतडी थाना रानीपुर जिला मऊ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि 27 मई की शाम 7.30 बजे के करीब मेरा लड़का अमित भरपुरवा गांव के निवासी जितेन्द्र राजभर व सुदर्शन राजभर के साथ उनके घर पर बैठ कर बात चीत कर रहा था कि अचानक रितेश राजभर पुत्र सुरेन्द्र राजभर वहाँ धारदार हथियार लेकर आया और अमित, सुदर्शन तथा जितेन्द्र के ऊपर हमला कर दिया, जिसमें मेरे लडके अमित के गर्दन मे धारदार हथियार से चोट लगने के कारण अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे ही उसकी मृत्यु हो गई तथा सुदर्शन और जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 177/25 धारा 131, 118,103 ठछै बनाम अभियुक्त रितेश राजभर पुत्र सुरेन्द्र राजभर नि0 ग्रा0 भरपुरवा थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ के विरुद्ध पंजीकृत किया। आज व0उ0नि0 हृदयानन्द पाठक, उ0नि0 विनय कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त रितेश राजभर पुत्र सुरेन्द्र राजभर उम्र करीब 20 वर्ष निवासी भरपुरा थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ को बबूरा से आगे सेमा देउरा जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चापड बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा धारा 4,25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी किया गया।

# वासमती धान का बीज, बीज भंडारों पर उपलब्ध

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिला कृषि अधिकारी डा. सूर्य प्रताप सिंह ने कृषकों को सूचित किया है कि खरीफ-2025 के अन्तर्गत जनपद में वासमती धान का बीज विकास खंड में निहित राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उपलब्ध हो चुका है। उन्होने बताया कि धान की प्रजाति पी.बी.-1718, पी.बी.-1692, पी.बी.- 1847, पी.बी.- 1728 आधारीय मूल्य रू. 6350 तथा प्रमाणी मूल्य रू. 6138 प्रति कुं. में उपलब्ध है। उन्होने बताया कि पी.बी.-1718 की प्रजाति वर्ष 2017 में रिलीज की गयी, वासमती धान की यह प्रजाति वैक्ट्रियल ब्लाइट जाड़ा रोग प्रतिरोधी है, जिससे अन्य प्रजातियां पूसा-1121, पूसा-1401 इत्यादि प्रभावित होती थीं, इस प्रजाति की लम्बाई कम है तथा 130-135 दिन में पक कर तैयार होती है, इस प्रजाति का उत्पादन 50-55 कुं. प्रति हे. है, यह प्रजाति धान के बाद गेहूं की फसल हेतु उपर्युक्त है, पी.बी.-1847 की प्रजाति पूसा वासमती 1509 को सुधार कर रिलीज की गयी, यह प्रजाति झुलसा और झोका रोग अवरोधी है, यह प्रजाति 110-115 दिन में पक कर तैयार होती है, इस प्रजाति की औसत उपज 45-50 कुं. प्रति हे. है, यह प्रजाति धान पश्चात सरसों एवं आलू की फसल हेतु उपर्युक्त है, पी.बी.-1692 की प्रजाति 2020 में रिलीज हुयी, वासमती धान की यह प्रजाति 110-115 दिन में पक कर तैयार होती है, इस प्रजाति की औसत उपज 43-47 कुं. प्रति हे. है, यह प्रजाति धान पश्चात सरसों एवं आलू की फसल हेतु उपर्युक्त है, पीबी- 1728 की प्रजाति पूसा वासमती-6 का नया वर्जन है जोकि वैक्ट्रीरियल विलाइट बीमारी प्रतिरोधी है तथा 130-135 दिन में पक कर तैयार होती है, इस प्रजाति का उत्पादन 50-55 कुं. प्रति हे. है, यह प्रजाति धान के बाद गेहूं की फसल हेतु उपर्युक्त होती है। उन्होने कृषकों से कहा है कि धान की नर्सरी जून में प्रथम सप्ताह में तापमान को देखते हुये लगा देनी चाहिए, बीज को नर्सरी से पहले बीज शोधन अवश्य कर लेना चाहिए, समय से सिंचाई करते रहना चाहिए, खरपतवार व रोग नियत्रंण हेतु एकीकृत पेस्ट प्रबन्धन करना चाहिए, वासमती बीज की दर 40 क्रि.ग्रा. प्रति हे. अनुशंसित है, उक्त बीज प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर कृषकों को कृषक अंश पर पॉश मशीन से प्रदान किया जायेगा, एक कृषक को अधिकतम 02 हे. क्षेत्रफल हेतु बीज प्रदान किया जायेगा साथ ही ऐसे कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके द्वारा पूर्व वर्ष में बीज न लिया गया हो, कृषक बीज प्राप्त करने हेतु अपने विकास खंड के राजकीय बीज भंडार प्रभारी से आवश्यक अभिलेखों के साथ सम्पर्क करें।

# डीएम ने किया खण्ड विकास कार्यालय मछलीशहर का औचक निरीक्षण



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा गुरुवार को खण्ड विकास कार्यालय मछलीशहर का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड में नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों और संबंधित विभाग जैसे कृषि विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंध में बैठक की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि जिन जिन इंडीकेटरों में प्रगति कम है उनमें अपेक्षित सुधार लाया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा विकासखंड मछलीशहर के अंतर्गत ताजुद्दीनपुर गांव में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि पानी का टंकी का निर्माण पूरा हो गया है, पंप चालू हालत में है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि कनेक्शन की संख्या और अधिक बढ़ाते हुए अधिक संख्या में लोगों को पेयजल योजना का लाभ दिलाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, खंड विकास अधिकारी सचिन भारती, जिला कृषि अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सीएम योगी से मिले भाजपा प्रयागराज के निवर्तमान अध्यक्ष और पूर्व सांसद



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** भाजपा प्रयागराज महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्रयागराज के विकास सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान चित्रकूट–बांदा लोकसभा के भाजपा के पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहे। राजेंद्र मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान चित्रकूट प्रयागराज के समुचित विकास व विभिन्न विकास परियोजनाओं को लेकर चर्चा की गई जिसपर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाते हुए प्रयागराज के विकास के प्रति आश्वस्त किया। राजेंद्र मिश्र ने कहा कि विकास की जो धारा प्रदेश की योगी सरकार में बह रही है वो इससे पहले किसी सरकार में नहीं थी। उन्होंने सीएम योगी को प्रयागराज–चित्रकूट विकास क्षेत्र गठन के लिए बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री योगी की प्रदेश व धार्मिक स्थलों के विकास के प्रति दूरदर्शिता का ही परिणाम है आज चित्रकूट व प्रयागराज विकास के पायदान पर देश दुनिया के मानचित्र पर प्रमुखता से अंकित है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश भारती भी मौजूद रहे।

# कािल्वन अस्पताल में नए प्राइवेट वार्ड का उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में आज एक नए प्राइवेट वार्ड का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अधीक्षक सुमन कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नए वार्ड का विधिवत उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में चिकित्सालय के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए जिनमें पूर्व अधीक्षक माया देवी, डॉ रामचंद्र, डॉ सविता सिंह, डॉ अरुण शर्मा, डॉ बी के सिंह, डॉ जुबेर अहमद, डॉ दीपेश अग्रवाल, डॉ सुरेश मौर्य और डॉ के के मिश्रा प्रमुख रहे।

नए प्राइवेट वार्ड की इंचार्ज बृज लता और नर्सिंग इंचार्ज सुभा सिंह ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र पांडे और स्टोर इंचार्ज अवधेश बाबू भी मौजूद थे।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुजीत कन्नौजिया ने भी इस पहल की सराहना की। राजनीतिक क्षेत्र से कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश प्रसाद, मंत्री प्रमोद मौर्या, राजेश राय और सुकेश कुमार भी समारोह में उपस्थित रहे। प्रमुख अधीक्षक सुमन कुमार चौधरी ने इस नए वार्ड को चिकित्सालय की सुविधाओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह वार्ड मरीजों को बेहतर और अधिक आरामदायक वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

इस उद्घाटन समारोह में चिकित्सालय के अन्य कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नए प्राइवेट वार्ड के शुरू होने से मरीजों को अब बेहतर निजी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# यूपी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी मेडिकल हेल्थ हाईकोर्ट में तलब

**अवधनामा संवाददाता**

- हाईकोर्ट ने एसआरएन अस्पताल की बदहाली पर अफसरों को फटकारा, पेश होने का निर्देश
- कोर्ट ने कहा मेडिकल माफिया, एस आर एन अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी व स्टाफ का गंठजोड़ बना

**प्रयागराज।** हाई कोर्ट इलाहाबाद में उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य सेवाएं को पेश होने का आदेश दिया है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के एसआरएन अस्पताल में अव्यवस्था और बदहाली को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। करीब 45 मिनट तक मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए अधिकारियों को जमकर फटकारा। अव्यवस्था, बदहाली, लापरवाही के मामले पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले में शुक्रवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। अब हाईकोर्ट ने यूपी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, मेडिकल हेल्थ को तलब किया है। प्रिंसिपल सेक्रेटरी स्वास्थ्य के पर्सनल अपीयरेंस का कोर्ट ने आदेश दिया है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एसआरएन अस्पताल से जुड़े सुपरिटेंडेंट इंचार्ज, डिप्टी एसआईसी और प्रयागराज सीएमओ मौजूद थे।

इससे पहले की सुनवाई में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज की बदहाली पर तीखी टिप्पणी की है। कहा कि प्रयागराज मेडिकल माफियाओं की पकड़ में है। यहां इलाज नहीं हो रहा, गरीब असहाय मरीज दलालों के चंगुल में है। सरकारी अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों में ले जाकर इलाज करा रहे हैं।

कोर्ट ने कहा निजी मेडिकल माफिया से सरकारी अस्पतालों को खतरा है। इस पर तुरंत नकेल लगनी चाहिए। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, अस्पताल नहीं शव विच्छेदन गृह बन गया है।

यह तीखी टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डा अरविंद गुप्ता की याचिका की सुनवाई करते हुए की। जिन्होंने निजी नर्सिंग होम में मरीज का इलाज किया। लापरवाही के कारण उसने इन्हें जिला उपभोक्ता फोरम व राज्य उपभोक्ता फोरम के चक्कर लगवा दिए। फोरम से मायूस डाक्टर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो चाल उल्टी पड़ गई।

कोर्ट ने सरकारी डाक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर सवाल खड़े कर सरकार से कड़ी कार्रवाई कर रिपोर्ट पेश करने को कहा। और प्रयागराज के सरकारी अस्पताल एस आर एन की हालत पर रिपोर्ट मांगी। लीपापोती देख हाईकोर्ट ने दो अधिवक्ताओं को न्यायमित्र के रूप में मौके की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी। जिसकी अंतरिम रिपोर्ट ने व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। अस्पताल में दवा नहीं, आई सी यू के एयरकंडिशनर एवं, निजी व सामान्य वार्ड के पंखे खराब पड़े मिले। पांच में से तीन एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है। परिसर में सीबर लाइन जाम है। सड़कों की हालत चलने लायक नहीं। डायग्नोस्टिक मशीन काम नहीं कर रही।

कोर्ट ने प्रभारी अधीक्षक को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया कहा जरूरत पड़े तो पुलिस बुला ले। ए सी, कूलर पंखों की मरम्मत कराये। कोर्ट ने कहा प्रयागराज में महाकुंभ में 66.30 करोड लोगों ने संगम स्नान किया। भला हुआ कोई बड़ी घटना नहीं हुई अन्यथा लोगों का इलाज करना संभव न होता।

कोर्ट ने कहा मेडिकल माफिया, एस आर एन अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी व स्टाफ का गंठजोड़ बना हुआ है। प्रभारी अधीक्षक ने माना अस्पताल में सुविधाओं की भारी कमी है।

कोर्ट ने कहा राज्य, जिला प्रशासन मेडिकल सुविधाएं देने में विफल है। यहां कैबिनेट मंत्री रहते हैं। अस्पताल की हालत खराब है। जिम्मेदार अधिकारी सुविधा मुहैया कराने की ड्यूटी पूरी नहीं कर रहे। सरकारी अस्पताल को निजी अस्पतालों की जकड़ में छोड़ रखा है। सरकारी सेक्टर प्राइवेट सेक्टर के हाथों बर्बाद हो रहा। कोर्ट अपनी आंखें बंद नही रख सकती।

कोर्ट ने कई निर्देश जारी किए। कहा नगर आयुक्त अस्पताल परिसर व सीवर लाइन की सफाई कराये। प्रभारी अधीक्षक सहयोग दे। जल निगम को एक हफ्ते में फंड दिया जाय। लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत हो। प्रभारी अधीक्षक सभी डाक्टरों की ड्यूटी की सूची जिलाधिकारी को दे जो अखबार में इस सूची को प्रकाशित कराये। ताकि लोगों को जानकारी हो सके। परिसर में सी सी टी वी कैमरे से ड्यूटी की निगरानी की जाय।

जिलाधिकारी परिसर में तीमारदारों के लिए पेय जल की व्यवस्था करें। सी एम् ओ शव विच्छेदन गृह के आसपास साफ सफाई व सेनेटाइजेशन कराये। फोटो वीडियो बनाने पर रोक लगे, उल्लघंन कोर्ट की अवमानना होगी।

# पूर्व पार्षद के निधन पर कांग्रेसजनों ने दुख जताया

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व वरिष्ठ पार्षद कृष्ण देव कुट्टू के असामयिक निधन पर गहरा दुख जताया है। शहर अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी की अध्यक्षता में अपराह्न पार्टी कार्यालय में आयोजित शोक सभा में कुट्टू को ज़मीनी नेता बताते कहा गया कि सर्वहारा वर्ग के नेता थे, सदैव लोगों की मदद को तत्पर रहते थे। बुधवार देर शाम लंबी बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। यूपी कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, अजय श्रीवास्तव, राम मनोरथ सरोज, मोईनुद्दीन, कामेश्वर सोनकर, सचिन कुशवाहा, केशव पासी, अनिल चौधरी, शीश अहमद, अनिल कुशवाहा, अनीस अहमद, नीलू, भरत लाल चौधरी, सदन लाल जाटव आदि मौजूद थे।

# एबीवीएमयू कार्यपरिषद की सदस्य बनीं प्रो. वत्सला मिश्रा



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज की प्राचार्य प्रोफेसर वत्सला मिश्रा को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद का सदस्य नामित किया गया है। यह नामांकन उत्तर प्रदेश चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम 2018 (धारा 20 (1) एवं 20 (2)(3)) के तहत कुलपति प्रो. डॉ. संजीव मिश्रा द्वारा दिनांक 23 मई को अनुमोदित एवं जारी किया गया। यह कार्यकाल आगामी तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा। प्रो. वत्सला मिश्रा, पैथोलॉजी विभाग की पूर्व अध्यक्ष और शैक्षणिक डीन रह चुकी हैं। चिकित्सा शिक्षा एवं संस्थागत प्रशासन के क्षेत्र में एक समर्पित, दूरदर्शी और अत्यंत अनुभवी शिक्षिका रही हैं। उन्होंने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर करने में अग्रणी भूमिका निभाई है, बल्कि अनुसंधान, परीक्षात्मक सुधार और संकाय विकास के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्राचार्या के रूप में, प्रो. मिश्रा के नेतृत्व में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की है।

# अनंत और अर्श के शतक, अली गेंदबाजी में चमके




**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** अनंत पाल (101 रन, 74 गेंद 12 चौके तीन छक्के), अर्श अहमद (100 रन, 87 गेंद, 11 चौके, एक छक्का) एवं मोहम्मद अली की घातक गेंदबाजी (6-1-25-7) के दम पर प्रयाग क्लब ने फिफ्थ पिलर क्लब को 216 रन से हराकर स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। सीएवी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में प्रयाग क्लब ने 30 ओवर में दो विकेट पर 263 रन (अनंत पाल 101 रिटायर्ड, अर्श अहमद 100 रिटायर्ड, शुभ सोनी 43 नाबाद, राजवीर 1/17, नीरव अग्रवाल 1/49) बनाए। जवाब में फिफ्थ पिलर क्लब की टीम 12 ओवर में 47 रन (यथार्थ सोमवंशी 22, युग यादव 12, मोहम्मद अली 7/25, मनित मालवीय 2/11, अभय कुशवाहा 1/11) पर सिमट गई।

# राज्य मन्त्री मोहम्मद दानिश आजाद अन्सारी ने मुबारकपुर में किया एल ई डी टीवी का किया उद्घाटन



**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर रोडवेज पुलिस बूथ के पास बृहस्पतिवार को फीता काट कर व वस्त्र हटा कर प्रदेश सरकार के मन्त्री मोहम्मद दानिश आजाद अन्सारी ने उद्घाटन किया और लोक माता अहिल्याबाई होलकर की जयन्ती समारोह में पहुंचे। नगरपालिका परिषद मुबारकपुर ने मुबारकपुर रोडवेज पर एल ई डी टीवी लगा रखा है। सबसे पहले एल ई डी टीवी का उद्घाटन किया। इसके बाद ताज पैलेस अलीनगर में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयन्ती मनायी। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण व सम्मान में जो कदम जरूरी है वह उठा रही है। नारी जो राष्ट्र देश के लिए अच्छा काम कर रही है उन्हें सम्मानित किया । उन्होंने यह भी कहा कि बुनकरों को फ्लैट रेंट पर बिजली देने को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। मैं सरकार से प्रयास कर योजनाओं को लागू कराउंगा।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम, अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र,राजन चौधरी,हसन नसीम इस्माइल फारूकी , बृजेश आदि उपस्थित थे।

# शहर के प्रतिष्ठित वेदांता इंटरनेशनल स्कूल बनकट में भव्य समर कैंप का समापन

- मिड माइंड एक्टिव रहा मुख्य आकर्षण का केन्द्र



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, बनकट (आजमगढ़) में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका मौर्य, सदस्य दृ राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि श्री धुरुव त्रिपाठी (डी.पी.ओ) की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत विद्यालय के बच्चों द्वारा पारंपरिक तरीके से तिलक व आरती कर किया गया, जिसके बाद बच्चों द्वारा परेड के माध्यम से भव्य स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। इस आकर्षक परेड की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए डॉ. प्रियंका मौर्य ने कहा कि, ÷बच्चों द्वारा किया गया यह स्वागत अत्यंत सराहनीय है। जिस अनुशासन और उत्साह के साथ परेड प्रस्तुत की गई, वह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजन-अर्चना से हुई तत्पश्चात डॉ प्रियंका मौर्या मुख्य अतिथि, ध्रुव त्रिपाठी डीपीओ विशिष्ट अतिथि, विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह तथा गार्जियन ऑफवेदांता अरविंद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समर कैंप के समापन समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें रिंग डांस, माइंड गेम्स, अबैकस, कराटे तथा अन्य शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल रहीं जिसमें मिड माइंड ब्रेन एक्टिव क्रिया के द्वारा विदित सिंह व रुद्रांश गौंड द्वारा आंख बंद कर कलर का पहचान करना मुख्य आकर्षण रहा जिसको अभिषेक जायसवाल द्वारा समर कैंप में ट्रेंड किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका मौर्य ने सभी बच्चों को अच्छा प्रदर्शन करने पर सर्टिफिक्रेट प्रदान कर सम्मानित किया तथा अभिषेक जायसवाल ट्रेनर अबैकस व मिड माइंड एक्टिव को भी मुख्य अतिथि सम्मानित किया।

# शादी के लिए रखे नकदी व जेवरात चोरी

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर से 5 लाख रुपये के शादी के जेवरात चुरा लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरिया गांव में राजबहादुर साहू के घर में चोर दरवाजे की कुंडी तोड़कर घुसे। चोरी की वारदात देवरिया पावर हाउस के सामने हुई, जहां पुलिस गश्त होती है। चोर अलमारी से तीन तोला सोना और आधा किलो चांदी ले गए। इसके अलावा तीन पायल, लॉकेट, छागल और चाबी का गुच्छा भी चोरी हुआ।

**सूचना**

मेरा भाई मो0 खालिद पुत्र स्व0 मो0 अली निवासी 177 जे. के नगर, करेली, के गलत संगत और चाल चलन ठीक ना होने के कारण शपथकर्ता ने सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, वह लोगों से कर्ज आदि लेता है या कोई व्यक्ति, उक्त मो. खालिद से लेनदेन करता अथवा किसी भी कार्यशैली में वह स्वयं जिम्मेदार होगा! मेरी और मेरे परिवार की इसमे कोई जिम्मेदारी नहीं होगी!

**शाहिद अली उर्फ राजू**
**पुत्र स्व. मो0 अली**
**निवासी एन.जी. 450/1ए, कसारी मसारी, कालिंदीपुरम**
**थाना धूमनगंज प्रयागराज**

## मोटोरोला का नया प्रीमियम फ्लिप फोन मोटोरोला रेजर 60 लॉन्च



**लखनऊ।** भारत का प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपना नया प्रीमियम फ्लिप फोन, मोटोरोला रेजर 60 लॉन्च किया। यह फोन फ्लिप फोन की दुनिया को और बेहतर बनाता है। इसे स्टाइलिश जेन ज़ी क्रिएटर्स के लिए बनाया गया है और इसमें दुनिया का पहला जेस्चर-आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग फीचर है। इसके साथ ही पैनटोन द्वारा प्रमाणित 100 ट्रू कलर कैमरा है, जो बेहद सटीक रंग और जीवंत तस्वीरें देता है। यह भारत का पहला फ्लिप फोन है जिसमें शानदार पर्ल मार्बल और फैब्रिक फिनिश है, जिसे प्रीमियम सामग्री से बनाया गया है। यह फोन बहुत मजबूत है, इसमें टाइटेनियम की मजबूती से लैस हिंज है जिसकी मदद से 500,000 से ज्यादा बार मोड़ा जा सकता है, साथ ही आईपी48 धूल और पानी से सुरक्षा और कॉर्निंगो गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन भी है। रेजर 60 में सबसे बड़ा 3.6 इंच का पोलेड बाहरी डिस्प्ले है, जिसमें 90हर्टज् रिफ्रेश रेट और डेस्क, टेंट, लैपटॉप व कैमकॉर्डर जैसे कई फ्लेक्स मोड्स हैं। यह सेगमेंट का इकलौता फ्लिप फोन है जिसमें बाहरी डिस्प्ले पर मोटोएआई और गूगल जेमिनी है, जो स्मार्ट और आसान सहायता देता है और 'नेक्स्ट मूव' सुझावों के साथ उपयोग को और सरल बनाता है। मोटोरोला रेजर 60 ने फ्लिप फोन पर विश्व की पहली जेस्चर-आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मोबाइल वीडियोग्राफी को नया रूप दिया है, जिसमें पैनटोन द्वारा मान्य 100 प्रतिशत ट्रू कलर कैमरा है और यह बेहद खूबसूरत विजुअल्स देता है। एयर जेस्चर कंट्रोल के साथ, यूजर्स बिना स्क्रीन छुए वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं - हथेली उठाकर रिकॉर्डिंग शुरू करें, मुट्ठी बंद करके पॉज करें, और मुट्ठी दिखाकर रिकॉर्डिंग रोकें। यह हैंड्स-फ्री फीचर व्लॉगिंग या चलते-फिरते कैंडिड मोमेंट्स कैप्चर करने के लिए शानदार है। मोटोएआई से लैस, रेजर 60 में 50एमपी का प्रो-ग्रेड मेन कैमरा है जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (ओआईएस) और इंस्टेंट ऑल-पिक्सल फोकस है, जो कम रोशनी में भी बेहद स्पष्ट और ब्लर-फ्री तस्वीरें देता है। इसमें 13एमपी का अल्ट्रावाइड . मैक्रो विजन लेंस भी है, जो 120 डिग्री के व्यापक विजुअल्स और 2.5 सेमी से क्लोज-अप शॉट्स कैप्चर करता है। सेल्फी लवर्स के लिए 32 एमपी ऑटोफोकस फ्रंट कैमरा क्वॉड पिक्सल टेक्नोलॉजी के साथ आता है, जिससे कम रोशनी में भी चमकदार और डिटेल्ड सेल्फी मिलती हैं। इस लॉन्च पर बात करते हुए मोटोरोल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री टी.एम. नरसिम्हन ने कहा, मोटोरोला रेजर 60 के साथ हम फ्लिप फोन की परिभाषा ही बदल रहे हैं जहां अगली पीढ़ी के एआई अनुभव, आइकॉनिक डिज़ाइन और नई तकनीकें एक साथ मिलती हैं।

## मैक्स फैशन इन गर्मियों में लेकर आए डिज़्नी के 'लिलो एण्ड स्टिच' से प्रेरित ट्रॉपिकल कलेक्शन



डिज़्नी के लिलो एण्ड स्टिच की थिएटर में रिलीज़ से पहले- मैक्स फैशन ने किड्स, टीन्स एवं यूथ के लिए अपने नए कलेक्शन का अनावरण किया है। यह शानदार कलेक्शन आईलैण्ड भावना एवं ट्रॉपिकल आकर्षण के साथ अपने प्रशंसकों को नए और रोमांचक स्टाइल्स लेकर आया है। 'हमने तकरीबन एक दशक पहले डिज़्नी थीम पर आधारित अपना पहला कलेक्शन लॉन्च किया था, हम हमेशा से डिज़्नी की सदाबहार कहानियों से प्रेरित रहे हैं।'' मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चंदना ने कहा। ''क्लासिक कलानियों से प्रेरणा लेना हमारे युवा उपभोक्ताओं को हमारे कलेक्शन के साथ जोड़ने का अच्छा तरीका है। 'लिलो एण्ड स्टिच' थीम पर आधारित यह नया कलेक्शन डिज़्नी के साथ हमारी मजबूत क्रिएटिव साझेदारी की पुष्टि करता है। फिल्म से प्रेरित एलीमेन्ट्स, वाइब्रेन्ट प्रिंन्ट तथा ओरेंज, ब्रीज़ी ब्लू, रिफ्रेशिंग ग्रीन एवं ड्रीमी पेस्टल्स से सजे ब्राईट समर पैलेट को भव्यता के साथ पेश किया गया।यह कलेक्शन अब देश भर में मैक्स के 520 से अधिक स्टोर्स में, आनलाईन पर उपलब्ध है। तो हर वार्डरोब में डिज़्नी के जादू को शामिल करने के लिए तैयार हो जाइए।यह डिज़्नी कन्ज़्यूमर प्रोडक्टस इंडिया के साथ मैक्स फैशन की नौवीं साझेदारी है, गौरतलब है कि डिज़्नी के जंगल बुक, डिज़्नी प्रिंसेस, स्टार वार्स, गार्जियन्स ऑफ गैलेक्सी आदि से प्रेरित मशहूर कलेक्शन्स ने ज़बरदस्त सफलता हासिल की है। हर रिलीज़ के साथ मैक्स फैशन ने कैरेक्टर- थीम पर आधारित कलेक्शन में मुख्य प्लेयर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत बनाया है, और शानदार परिधानों के साथ उपभोक्ताओं की पसंद पर खरा उतरता रहा है।

## मिआ बाए तनिष्क की आकर्षक ऑफर्स के साथ जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग के इस सीज़न में हर पड़ाव को स्टाइल में मनाएं



**नई दिल्ली।** भारत का एक अग्रणी फाइन ज्वेलरी ब्रांड मिआ बाए तनिष्क ने वेडिंग सीज़न और ग्रेजुएशन सेलिब्रेशन के लिए शुरू किया है जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल। यह ऑफर सीमित समय तक ही रहेगा। इसमें मिआ बाए तनिष्क में ग्राहकों को हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 20% की आकर्षक छूट मिल रही है। अपनी इस शानदार ऑफर के साथ मिआ ने इस दौर को जीवन की प्रमुख उपलब्धियों के लिए कीमती उपहार देना और भी आसान बना दिया है। शादियों के सीज़न के लिए मिआ ने पेश किया है, बहुत ही सोच-समझकर, कुशलतापूर्वक बनाए गए आभूषणों का कलेक्शन, जो उपहार देने को आसान बनाता है। दुल्हन को उसकी ज़िन्दगी के सबसे बड़े दिन पर आशीर्वाद देना हो, ब्राइड्समेड्स के लिए शानदार आभूषण चुनना हो, या जोड़े के परिवार और दोस्तों को उपहार देना हो, मिआ में आपको मिलेगा जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग। मिआ के डिज़ाइन आधुनिक होने के बावजूद, बदलते समय के साथ अपनी सुंदरता और प्रासंगिकता बनाए रखते हैं, हर तरह के जश्न की शान बढ़ाते हैं। मिआ बाए तनिष्क के आभूषण आपके खास पल जितने ही यादगार होते हैं। शादियों के अलावा, जॉय ऑफ गिफ्टिंग फेस्टिवल छात्रों के लिए भी एकदम सही समय पर आया है। अपने महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ाव को हासिल करने का जश्न एक बेहतरीन आभूषण के साथ मनाएं, जो न केवल आपकी सफलता का प्रतीक बनेगा, बल्कि भविष्य का वादा भी करेगा। किसी प्रियजन के लिए हो या अपने आप को पुरस्कृत करने के लिए, मिआ के कलेक्शन ग्रेजुएशन के क्षणों को चमकाने के लिए एकदम सही है। मिआ बाए तनिष्क में आपको मिलती है 14 कैरेट और 18 कैरेट सोने से बने, प्रमाणित प्राकृतिक हीरों से सजे कलेक्शन की बहुत बड़ी श्रृंखला। आकर्षक कीमतों में उपलब्ध, यह आभूषण वर्सटाइल भी हैं, उन्हें आप हर दिन पहन सकते हैं, या अपने प्रियजनों को उपहार में दे सकते है। इनके डिज़ाइन बहुत ही नए हैं, ईयरकफ़, ब्रोच पेंडेंट की तरह पहने जा सकते हैं, वज़न में हल्के झुमके, स्टैकेबल ब्रेसलेट, ट्रेंडी सुई-धागा और इन्ट्रीकेट अंगूठी भी इनमें शामिल हैं। ब्रांड का सबसे नया कलेक्शन मिआ फियोरा में नाजुक फूलों के रूपांकनों को जीवंत किया गया है, इसके जटिल डिज़ाइन बसंत की ताज़गी और व्यक्तिगत विकास के सार को दर्शाते हैं। सोने की फिलाग्री पंखुड़ियाँ, नाजुक लेयर्ड पैटर्न और हाथ से नक्काशी बनाए गए स्टोन एक साथ मिलकर ऐसे आभूषण बनाते हैं जो सोफिस्टिकेशन और व्यक्तित्व दोनों को सम्मानित करते हैं। 23 मई से 8 जून 2025 तक चलने वाले इस आकर्षक ऑफ़र को हाथ से जाने न दें अपने नज़दीकी मिआ स्टोर में जाएं या उनकी वेबसाइट www.miabytanishq.comपर ऑनलाइन खरीदारी करें।

## क्या आपके खाने के तेल में हेक्सेन रेसिड्यू है?

साक्षी लालवानी, न्यूट्रिशन एडवाइज़र, टाटा सिम्पली बेटर

हेक्सेन एक केमिकल सॉल्वेंट होता है जो बीजों और मेवों से वनस्पति तेल निकालने में इस्तेमाल किया जाता है। तेलों के रिफाइनिंग में अक्सर इस्तेमाल की जाने वाली इस प्रक्रिया के संभावित स्वास्थ्य परिणामों ने सभी का ध्यान खींच लिया है। हेक्सेन एक्सट्रैक्शन का इस्तेमाल करना बहुत आम बात है, इसीलिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि रिफाइन्ड तेलों में रेसिड्युअल हेक्सेन का आपके स्वास्थ्य और कुल तंदुरस्ती पर क्या असर पड़ सकता है।

1. रिफाइन्ड तेलों में रेसिड्यू का रह जाना हेक्सेन रह न पाए इसके लिए कठोर रिफाइनिंग प्रक्रिया होने के बावजूद, कभी-कभी सबसे आखिर में जो तेल निकलता है उसमें हेक्सेन रह सकता है। यह रेसिड्युअल लेवल बहुत ही कम होते हैं और कठोर सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए उन्हें नियंत्रित किया जाता है।

2. स्वास्थ्य पर प्रभाव

रिफाइन्ड तेलों में जो मात्रा होती है वो अक्सर स्थापित सुरक्षा सीमाओं से काफी नीचे होती है। फिर भी, संभावित खतरों के बारे में जागरूक रहना ही समझदारी है। इन बहुत ही कम रेसिड्युअल लेवल वाले स्वास्थ्य खतरों को नगण्य माना जाता है, लेकिन सभी संभावित खतरों के बारे में जागरूकता बनाए रखने से स्वास्थ्य के प्रति व्यापक दृष्टिकोण बढ़ता है।

3. रिफाइन्ड तेलों का पोषण पर प्रभाव

हेक्सेन एक्सट्रैक्शन सहित रिफाइनिंग प्रक्रिया, तेलों के पोषण संबंधी प्रोफाइल को बदल सकती है। इस प्रक्रिया के दौरान कुछ विटामिन और लाभकारी कम्पाउंड कम हो सकते हैं, जो अनरिफाइन्ड तेलों में स्वाभाविक रूप से मौजूद होते हैं।

4. पर्यावरण और औद्योगिक प्रभाव

तेल एक्सट्रैक्शन में हेक्सेन का उपयोग कठोर पर्यावरणीय निरीक्षण के अधीन है। उद्योग लगातार रिफाइनिंग प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय परिणामों को कम करने के लिए प्रथाओं को बढ़ाने का प्रयास करता है।

## एस्ट्रो मोटर्स ने अपने फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक वाहन नव्या और नोवा को किया लॉन्च

**लखनऊ।** कमर्शियल इलेक्ट्रिक वाहनों की निर्माता कंपनी एस्ट्रो मोटर्स ने पुणे में आयोजित ईवी एक्सपो में एल5 कार्गो और पैसेंजर सेगमेंट में अपने दो प्रमुख उत्पाद लॉन्च किए, जिनके नाम क्रमशः नव्या और नोवा हैं। एस्ट्रो नव्या भारत का पहला गियरयुक्त इलेक्ट्रिक कमर्शियल थ्री-व्हीलर है। इसमें हाई परफॉर्मेंस मोटर, बैटरी और गियरबॉक्स का ऐसा बेहतरीन संयोजन है, जो इसे हर जरूरी पहलू, जैसे ज्यादा पेलोड, बैटरी की बेहतर खपत और लंबी उम्र, खराब सड़कों पर बढ़िया परफॉर्मेंस, रुक-रुक कर चलने वाले यातायात और पहाड़ी इलाकों में जबरदस्त प्रदर्शन करने में सक्षम बनाता है। इसके लॉन्च कैंपेन गियर है तो सही है को ब्रांड के सोशल मीडिया हैंडल्स पर लाइव कर दिया गया है। एस्ट्रो मोटर्स के संस्थापक और सीईओ वितान जगदा ने कहा एस्ट्रो का पहला व्यावसायिक उत्पाद, एक गियरयुक्त इलेक्ट्रिक एल5 कार्गो वाहन, जल्द ही बाजार में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इसकी डिलीवरी भी जल्द




शुरू होने वाली है। हमारा एल5 पैसेंजर मॉडल जुलाई 2025 में लॉन्च होने के लिए होमोलोगेशन प्रक्रिया में है, जिसके बाद अक्टूबर 2025 में एल3 कार्गो और पैसेंजर वाहनों की भी शुरुआत की जाएगी। ब्रांड का दूसरा लोकप्रिय लॉन्च, एस्ट्रो नोवा, एक पैसेंजर ऑटो रिक्शा है जिसे ड्राइवर और यात्रियों दोनों के लिए आराम और अधिक जगह देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ष्दुनिया बदल गई लेकिन ऑटो रिक्शा नहीं बदलाष् इस सोच को ध्यान में रखते हुए एस्ट्रो नोवा इस कैटेगरी को देखने का एक दिल से निकला नजरिया है, खासकर उस दुनिया में जहां स्पेस और कंफर्ट की बहुत अहमियत है। नोवा के लॉन्च कैंपेन ऑटो का एसयूवी को इस प्रोडक्ट की अनोखी खूबियों को यादगार ढंग से उजागर करने के लिए तैयार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026 की शुरुआत तक, हम एक चार पहियों वाला मॉड्यूलर स्केटबोर्ड चेसिस लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के वाहनों को सपोर्ट करने में सक्षम होगा। आईपी पूरी तरह से एस्ट्रो के स्वामित्व में है, जो अन्य वाहन निर्माताओं को इस प्लेटफॉर्म और पावरट्रेन तकनीक को लाइसेंस देने के अवसर प्रदान करती है, जिससे हमारा प्रभाव पूरे इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम में बढ़ेगा।

हम बी2बी और बी2सी दोनों बाजारों को लक्षित करते हुए घरेलू स्तर पर तेज़ी से विस्तार करने की योजना बना रहे हैं, जिसके लिए हम फ़्लीट पार्टनरशिप और एक व्यापक वितरण नेटवर्क का उपयोग करेंगे। हम विकसित अर्थव्यवस्थाओं में प्रवेश करने से पहले अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और लैटिन अमेरिका जैसे उभरते वैश्विक बाजारों में विस्तार की भी योजना बना रहे हैं। कंपनी ने पहले ही पुणे हुंडेक्करी मोटर्स, गुजरात जेजे पटेल और जम्मू एम्पियर ईवी में 3 डीलरों के साथ समझौता कर लिया है, और उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और महाराष्ट्र के प्रमुख केंद्रों में 5 और डीलरों के साथ समझौते की प्रक्रिया में है। वर्तमान में, एस्ट्रो मोटर्स पूरे देश में अपने नेटवर्क को और मजबूत करने के उद्देश्य से नई रणनीतिक डीलरशिप और वित्तीय साझेदारियों की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## वित्त वर्ष 2024-25 में इफको का शानदार प्रदर्शन, नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** विश्व की नंबर 1 सहकारी संस्था, इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफ़ा दर्ज किया, साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47% की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो-उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया। इफको के अध्यक्ष श्री दिलीप संघानी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इफको के शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि÷ के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने लगातार तीन वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 23 लगातार वर्षों से इफको ने अपने सदस्यों को चुकता शेयर पूंजी पर 20% लाभांश देकर पुरस्कृत किया है जो न्यायसंगत और सतत विकास के प्रति इसके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय के समर्थन से नैनो-उर्वरक समिति के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है, व्यापक जागरूकता अभियान और अनुसंधान ने किसानों के बीच उत्पादों की स्वीकृति बढ़ाने में समिति की मदद की है।वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बेची गई 365 लाख बोतलों में से 268 लाख बोतलें इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) और 97 लाख बोतलें इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बेची गईं। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) की बिक्री 31% और इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बिक्री 118% अधिक है। यह बिक्री मात्रा 12 लाख मीट्रिक टन पारंपरिक यूरिया और 4.85 मीट्रिक टन पारंपरिक डीएपी के बराबर है। इफको के डब्ल्यूएसएफ/स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स/सागरिका ग्रेन्युल फर्टिलाइजर ने 1.92 लाख मीट्रिक टन की बिक्री हासिल की है।

## फ्लिपकार्ट मिनट्स के नए विज्ञापन ने किया मात्र 9 रुपये में गुणवत्तापूर्ण ताजा सब्जियों की डिलीवरी का वादा

**नई दिल्ली।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज फ्लिपकार्ट मिनट्स के लिए टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। इस विज्ञापन फिल्म में मात्र 9 रुपये की शुरुआती कीमत पर ताजा सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को केंद्र में रखा गया है। सुपरहिट बॉलीवुड मूवी 3 इडियट्स से प्रेरणा लेते हुए इसे खुशनुमा अंदाज में फिल्माया गया है। ग्रॉसरी के बढ़ते बिल और समय की कमी जैसी रोजाना की चिंताओं को सामने रखते हुए इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फ्लिपकार्ट मिनट्स ने अच्छी गुणवत्ता वाली ताजा सब्जियों को कम समय में मंगाने का आसान रास्ता दिया है, वह भी मात्र 9 रुपये की शुरुआती कीमत में। इससे ग्राहकों को शानदार वैल्यू और सहूलियत मिलती है।

इस कैंपेन को लेकर फ्लिपकार्ट मिनट्स के वाइस प्रेसिडेंट कबीर बिस्वास ने कहा फ्लिपकार्ट मिनट्स के साथ हम रोजाना की जरूरत की चीजों को सुगम बना रहे हैं यह विज्ञापन ग्राहकों की दैनिक जरूरतों को जीवंत तरीके से सबके सामने लाता है। ये जरूरतें हैं वैल्यू, क्वालिटी और किफायती दाम पर आसान उपलब्धता। चंद मिनटों में मात्र 9 रुपये में ताजा सब्जियों की डिलीवरी रोजाना की सहूलियतों को नए सिरे से सोचने के हमारे वादे को दिखाती है। टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित मजबूत सप्लाई चेन और किसान उत्पादक संगठनों के साथ गठजोड़ के माध्यम से हम एक सुगम फार्म-टु-कंज्यूमर एक्सपीरियंस देने में सक्षम हुए हैं। इसी तरह की कहानी और पलों के माध्यम से हम अपने ग्राहकों से इस तरह से जुड़ना चाहते हैं, जो उनके लिए सार्थक भी हो और उनका भरोसा बढ़ाने वाला भी हो।

लियो बर्नेट ने इस विज्ञापन की अवधारणा तैयार की है। इसमें टाइमलेस क्लासिक मूवी 3 इडियट्स से प्रेरणा ली गई है। इसमें राजू रस्तोगी के परिवार को री-इमेजिन किया गया है। स्टोव पर सब्जी चलाते हुए राजू की मां गुस्से में होती हैं और महंगाई व सब्जियों की बढ़ती कीमत पर चिंता जताती हैं। वह बड़बड़ा रही होती हैं, 'भिंडी 100 रुपये किलो हो गई!' 'और प्याज का तो पूछो ही मत!' तभी हवा का एक तेज झोंका फ्लिपकार्ट के फ्लायर को उनके दरवाजे पर ले आता है, जिसमें मात्र 9 रुपये में ताजा सब्जियां उपलब्ध कराने की बात है। राजू के पापा उस फ्लायर की ओर देखते हैं और अपनी अंगुलियों से 9 की गिनती बनाते हुए बात करने की कोशिश करते हैं। तभी फ्लायर उड़ता हुआ राजू की मां के चेहरे पर पहुंच जाता है और उनकी बोलती बंद हो जाती है। फ्लायर पढ़कर उन्हें विश्वास ही नहीं हो पाता है और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहता। वह तुरंत फ्लिपकार्ट मिनट्स एप पर ऑर्डर करती हैं और कुछ ही मिनट में उनके दरवाजे पर ताजा सब्जियों की डिलीवरी हो जाती है।

## कैरेटलेन ने लॉन्च किया रनवेः पहली फाइन ज्वेलरी जो एविएशन की महिलाओं के सम्मान में प्रस्तुत की गयी है

कैरेटलेन ए टाटा उत्पाद, ने हाल ही में अपना क्रांतिकारी नया ज्वेलरी कलेक्शन रनवे, प्रस्तुत किया है, जो एविएशन में काम करने वाली महिलाओं के जोश, महत्वाकांक्षा और शान का जश्न मनाता है। इस लॉन्च के साथ,कैरेटलेन आकाश में अपनी कुशलताओं का दमदार प्रदर्शन देने वाली अग्रणी महिलाओं को सम्मानित करने वाला पहला भारतीय आभूषण ब्रांड बन गया है। कैम्पेन फिल्म में एक कमर्शियल पायलट, एक केबिन क्यूं पायलट और फाइटर पायलट की कहानियों को दिखाया गया है। इन सभी ने इस कलेक्शन के ज़रिए उड़ान के प्रति अपने समर्पण को व्यक्त करने के अपने अनूठे तरीके खोजे हैं।

कैटेगरी के लिए दुनिया में पहल कर, रनवे कलेक्शन परंपरा से ऊपर उठता है।यह कलेक्शन 9 कैरेट और 14 कैरेट सोने और हीरों से तैयार किए गए 20+ डिज़ाइनों का एक शानदार लाइन-अप है। कुछ डिज़ाइनों में मोबाइल एयरक्राफ्टमोटिफ हैं जो बहुत ही शानदार हैं। हर डिज़ाइन बेहतरीन आभूषणों के ज़रिए उड़ान, साहस और आसमान को छूने वाले सपनों की कहानी बयान करता है। कैरेटलेन ने मुंबई के बांद्रा में अपने सिग्नेचर स्टोर में एक भव्य एक्सक्लूसिव कलेक्शन प्रिव्यू कार्यक्रम आयोजित किया। वास्तविक जीवन के केबिन क्रू को विशेषतः आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में अभिनेत्री, राजनीतिज्ञ और एडवेंचर की शौकीन गुल पनाग, जो एक लाइसेंस प्राप्त निजी पायलट भी हैं, ने उपस्थित रहकर चार चाँद लगा दिए। कैरेटलेन के एमडी श्री शोमेन भौमिक ने कहा, भारत में एविएशन दुनिया भर में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले उद्योगों में से एक है, और हमें गर्व है कि हमारे पास महिला पायलटों की संख्या सबसे ज़्यादा है। राष्ट्रीय कैरियर एयर इंडिया के दिनों से ही एयरक्रू कर्मचारी स्टाइल और उभरते, आधुनिक भारत के प्रतीक रहे हैं। सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया यह कलेक्शन उन बहादुर महिलाओं को सम्मानित करता है जो हर दिन हमारे आसमान को सुरक्षित, बेहतर, और स्मार्ट बनाती हैं।

## नेटफ़्लिक्स ने मचाई हलचल जब कॉमेडी के उस्ताद की टक्कर हुई सबसे गंभीर किरदार से, अब क्या गड़बड़ हो सकती है?



**कानपुर।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ़्लिक्स ने एक मज़ेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं – और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिलकुल भी तैयार नहीं था।

सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, ऐक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूँ। जैसे ही नेटफ़्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!

यह कोई कैमियो नहीं है। यह कोई आम साझेदारी भी नहीं है। यह उन पलों में से एक है जब आप सोचते हैं यह हो क्या रहा है? जो आपको हसाता है और, और पाने की चाह जगाता है । राणा दग्गुबती ने कहा, जब सुनील ग्रोवर आते हैं, तो आपको पहले से पता होता है कि अब कुछ चौकाने वाला होने वाला है। एक पल मैं राणा नायडू की तरह गंभीर हूं, और अगले ही पल मैं पंचेस नहीं, पंचलाइनों से बच रहा हूं। नेटफ़्लिक्स ने हमें इस अजीब लेकिन मजेदार एक्सपेरिमेंट में डाल दिया और सच कहूं तो ये ऐसा हंगामा था जिसकी मुझे बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। हम भले ही को-स्टार्स नहीं हैं, लेकिन उन कुछ मिनटों के लिए हमारी दुनिया ऐसे टकराई कि सब कुछ बेहिसाब और हँसी से भरपूर हो गया।

## क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर' की रिलीज से पहले आशा नेगी ने पंकज त्रिपाठी और बाकी कलाकारों की जमकर तारीफ की



एक मर्डर, दो आरोपी और तीन पक्षों के बीच कोर्ट में चलने वाली जिरह! 'क्रिमिनल जस्टिस - ए फैमिली मैटर' में पंकज त्रिपाठी एक बार फिर वकील माधव मिश्रा की भूमिका में लौट रहे हैं, लेकिन इस बार का मामला सबसे ज्यादा उलझा हुआ और चुनौतीपूर्ण है।

रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी, अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट और बीबीसी स्टूडियोज़ इंडिया के सहयोग से निर्मित इस लोकप्रिय सीरीज़ का चौथा सीज़न 29 मई से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। इस सीज़न में मोहम्मद जीशान अय्यूब, सुरवीन चावला, आशा नेगी, खुशबू अत्रे, बरखा सिंह, आत्म प्रकाश मिश्रा के साथ मीता वशिष्ठ और श्वेता बसु प्रसाद जैसे अनुभवी कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

अभिनेत्री आशा नेगी, जो जल्द ही पंकज त्रिपाठी, मोहम्मद जीशान अय्यूब और सुरवीन चावला जैसे थिएटर और फिल्मों के दिग्गजों के साथ स्क्रीन साझा करती नज़र आएंगी, ने उनके साथ अपने अनुभव और बॉन्डिंग को लेकर खुलकर बात की।

उन्होंने कहा, किसी भी प्रोजेक्ट का अनुभव सिर्फ अपने अभिनय को निखारने तक सीमित नहीं होता। असली जादू तब होता है जब सेट पर कलाकारों के बीच आपसी तालमेल, समझ और एक-दूसरे के काम के प्रति इज़्ज़त होती है। तभी हम एक-दूसरे से बेहतरीन प्रदर्शन निकलवा पाते हैं और पर्दे पर वो गहराई नजर आती है जो दर्शकों को बांध लेती है।

पंकज त्रिपाठी के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए आशा नेगी ने कहा, ÷सच कहूं तो इस बार मेरी पंकज सर के साथ स्क्रीन पर कोई सीन नहीं था, लेकिन रीडिंग सेशंस और सेट पर कुछ बार उनसे बातचीत का मौका ज़रूर मिला। मुझे याद है, आखिरी दिन हम सभी केक काट रहे थे, तस्वीरें क्लिक हो रही थीं–वो एक बहुत प्यारा लम्हा था।

## बोश पावर टूल्स ने प्रोफेशनल्स, कारीगरों और होम यूजर्स के लिए हैंड टूल्स की नई रेंज लॉन्च की
## टूल्स की नई रेंज विभिन्न उद्योगों में सुरक्षा, उत्पादकता और सटीकता को बेहतर

**नई दिल्ली।** बोश लिमिटेड, प्रौद्योगिकी और सेवाओं की प्रमुख वैश्विक आपूर्तिकर्ता, ने प्रोफेशनल्स, कारीगरों और घरेलू उपयोगकर्ताओं के लिए अपने हैंड टूल्स की नई रेंज लॉन्च की है। इस नए लाइनअप में तीन सोच-समझकर डिज़ाइन की गई श्रेणियां शामिल हैं, जो डीआईवाय यूजर्स, कारीगरों, प्रोफेशनल्स और इलेक्ट्रीशियनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई हैं। नए लाइनअप में एर्गोनॉमिक ग्रीन रेंज, प्रोफेशनल ब्लू रेंज, और 1000 वोल्ट तक की विद्युत सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए वीडीई-सर्टिफाइड टूल्स का एक समर्पित सेट है।

निशांत सिन्हा, रीजनल प्रेसिडेंट, भारत और सार्क, पावर टूल्स डिवीजन, बोश इंडिया ने कहा, बोश में, हम पेशेवरों और कारीगरों को बेहतरीन प्रदर्शन, मजबूती और सुरक्षा देने वाले टूल्स प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने हैंड टूल्स की रेंज को बेहतर बना रहे हैं, जो उच्च-वोल्टेज जगहों और भारी कामों के लिए खासतौर पर बनाए गए हैं, ताकि यूजर्स को आराम मिले और टूल्स लंबे समय तक चलें। हमारा लक्ष्य भारत में बोश को हैंड टूल्स के क्षेत्र में एक भरोसेमंद और मजबूत ब्रांड बनाना है।''

**प्रतिबद्धता**

> यह लॉन्च बोश इंडिया की भारतीय यूजर्स को विश्वसनीय, उच्च-गुणवत्ता वाले टूल्स प्रदान करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

यह लॉन्च बोश इंडिया की भारतीय यूजर्स को विश्वसनीय, उच्च-गुणवत्ता वाले टूल्स प्रदान करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। ये प्रोडक्ट्स प्रदर्शन, सुरक्षा के साथ ही यूजर्स को शानदार आराम प्रदान करते हैं। प्रत्येक उत्पाद को जर्मनी में बनाया गया है ताकि गृह सुधार से लेकर औद्योगिक स्तर के कार्यों तक विभिन्न प्रयोगों का समर्थन किया जा सके।

**बेहद आरामदायक हैंड टूल्स**

बोश एक सावधानीपूर्वक तैयार किए गए पोर्टफोलियो के साथ हैंड टूल मार्केट में प्रवेश कर रहा है, जो कारीगरों, शिल्पकारों और पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शुरुआती रेंज में 100 से अधिक उत्पाद शामिल हैं, जैसे प्लायर्स, स्क्रूड्राइवर्स, रैचेट सेट, रिंच, हथौड़े, आरी, चाकू, स्पिरिट लेवल और अन्य, साथ ही अतिरिक्त श्रेणियों में विस्तार की योजना है।

घरेलू यूजर्स और कारीगरों के लिए बनाई गई एर्गोनॉमिक ग्रीन रेंज उपयोग में आसानी, स्टाइल और कामकाज में बेहतरीन मिश्रण देती है। हरे और काले रंग की आकर्षक डिज़ाइन और सुविधा पर ध्यान के साथ, इसमें स्क्रूड्राइवर्स, प्लायर्स, रिंच और हथौड़े जैसे सभी ज़रूरी टूल्स शामिल हैं।

प्रदीप आनंद, बिजनेस हेड, एक्सेसरीज़, बोश पावर टूल्स इंडिया ने कहा ÷भारतीय घरों के मालिक तेजी से डीआईवाय कार्यों और गृह सुधार परियोजनाओं को अपना रहे हैं। यह रेंज उन्हें बोश की गुणवत्ता पर भरोसा करते हुए अधिक आराम से काम करने के लिए सही टूल्स प्रदान करती है।÷

प्रोफेशनल ब्लू रेंज कुशल कारीगरों और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए इंजीनियर की गई है। टिकाऊपन और उच्च प्रदर्शन के लिए निर्मित, ये टूल्स बेहद मांग में रहने वाले प्रयोगों को सटीकता और ताकत के साथ संभालने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

वीडीई-सर्टिफाइड टूल्स विशेष रूप से इलेक्ट्रीशियन्स और तकनीशियनों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो उच्च-वोल्टेज वातावरण में काम करते हैं। आईईसी 60900 मानकों के अनुसार प्रमाणित, इस रेंज में इंसुलेटेड प्लायर्स, स्क्रूड्राइवर्स और अन्य टूल्स शामिल हैं, जिन्हें 1,000ड्ड एसी तक सुरक्षा के लिए परीक्षण किया गया है। ये टूल्स लाइव वातावरण में अधिकतम सुरक्षा और नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं, और ये पावर डिस्ट्रीब्यूशन, इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस और इंस्टॉलेशन में पेशेवरों के लिए परफेक्ट प्रोडक्ट्स हैं।

यह व्यापक रोलआउट बोश इंडिया की हैंड टूल्स यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह जर्मन इंजीनियरिंग, वैश्विक गुणवत्ता मानकों और भारतीय यूजर्स के लिए स्थानीय मूल्य को एक साथ लाता है। चाहे वह नियमित घरेलू मरम्मत हो, भारी-भरकम निर्माण हो, या सटीक इलेक्ट्रिकल कार्य हो, बोश की नई रेंज लगातार, सुरक्षित और लंबे समय तक चलने वाला प्रदर्शन देने के लिए बनाई गई है।

बोश का यूजर की सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स और नवाचार पर निरंतर ध्यान उसकी व्यापक मिशन को दर्शाता है, जो प्रोफेशनल्स और उत्साही लोगों को हर काम और हर वातावरण में अधिक आत्मविश्वास और दक्षता के साथ काम करने में मदद करता है।

# कुशीनगर में खनन माफियाओं के कब्जे में गंडक नदी, आदेश बेअसर

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले में चाहे छोटी गंडक नदी हो या बड़ी गंडक नदी इन दिनों बालू माफियाओं में कब्जे में है। प्रशासन को खुलेआम चुनौती देकर अवैध बालू खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के सुअरहां घाट रामकोला थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर अवैध बालु खनन माफियाओं के लिए मुफीद साबित हो रही है। इन घाटों से बेरोक टोक दर्जनों अवैध बालू लदी ट्रालियां रात हो या दिन गंतव्य तक आसानी से पहुंच जा रही है। गुरुवार को दिनदहाड़े सुअरहां घाट पर अवैध बालू खनन करते देखा गया। संबंधित थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अवैध खनन कहीं न कहीं पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली छोटी गंडक नदी के दर्जनों घाट पर रातों रात अवैध बालू खनन धड़ल्ले के साथ की जारी है और सब कुछ जानते हुए भी महकमा के लोग मूक दर्शक बने हुए हैं। जिसमे बालू माफियाओं के द्वारा प्रति दिन में लगभग दर्जनों ट्रालियां बालू लादी जाती है और यह पुलिस प्रशासन को भी जानकारी है लेकिन सब कुछ जानने के बावजूद अनजान बने रहते है। सूत्रों से जो जानकारी मिली है इसमें बताया गया कि बालू माफियाओं के द्वारा स्थानीय पुलिस प्रशासन को हफ्ते दिया जाता है। ज्ञात हो कि सरकार अवैध खनन माफियाओं पर कार्रवाई का कितने भी दावे कर ले लेकिन इन बालू माफियाओं के आगे फेल है। माफियाओं द्वारा राजस्व का नुकसान तो पहुंचाया ही जा रहा लेकिन अगल बगल के किसानों का खेत भी नदी में विलीन हो जा रहा है।



अवैध बालू खनन लिए के मुफीद साबित हो रहा है सुअरहां और जगन्नाथपुर घाट

संबंधित थाना क्षेत्रों में किसके सह पर चल रहा अवैध खनन का धंधा

### खनन के लिए मुफीद है ये घाट, जिले में कहीं नहीं है पट्टा

छोटी गंडक नदी क्षेत्र के नेबुआ नौरंगिया, कुर्मी पट्टी, नौका टोला, सिधावट, रामबाग, बभनौली, सुअरहां, सोहसा, परवरपार, गड़ेरीपट्टी, मथौली (फर्दहां), मुडिला हरपुर, लालीपार, डुमरी सवांगीपट्टी, महुआडीह, अकटहां, सिकटिया, देवराजपुर, पिपरा, पुरैनी, त्रिलोकपुर, पचरुखिया, जगन्नाथपुर, रगड़गंज, हसनगंज, खोटहीं के अलावा बड़ी गंडक नदी नारायणी क्षेत्र के कटाई भरपुरा, भैसहां, एहतमाली, जटहां, पनियहवा, बिरवट कोन्हवलिया घाट खनन माफियाओं के लिए मुफीद साबित हो रहा है। हालांकि जिले में कहीं भी खनन के लिए पट्टा नहीं है।

### डीएम की अध्यक्षता में गठित है 8 सदस्यीय टीमें

अवैध बालू खनन रोकने के लिए शासन के निर्देश पर डीएम की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय टीमें गठित की गई है जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल है। टीम में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर, अपर जिलाधिकारी कुशीनगर (वि/रा), प्रभागीय वनाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, खनन अधिकारी कुशीनगर शामिल है। ये अधिकारी अवैध खनन, परिवहन एवं ओवर लोडिंग पर रोक लगाएंगे।

### अवैध खनन में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम



डीएम महेंद्र सिंह तंवर

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समस्त उप जिलाधिकारियों, समस्त पुलिस उपाधीक्षक, खनन अधिकारी को निर्देशित किया है कि अवैध खनन/परिवहन बन्द कराएं। अवैध खनन पर हर तरह से अंकुश लगना चाहिए। यदि इसमें अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती जाती है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए मुझे भी अवगत कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

### माफियाओं के हौंसले बुलंद

अवैध बालू खनन माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद है कि ये अधिकारियों से मारपीट पर उतारू भी हो जाते है। हालांकि कप्तानगंज, रामकोला व हाटा क्षेत्र में कई माफियाओं के ऊपर मुकदमा भी दर्ज हुआ है। अभी हाल ही में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कई घाटों पर खनन अधिकारी ने छापेमारी किया। इसकी भनक लगते ही खनन माफिया बालू लदा डंफर लेकर भागने लगा। खनन अधिकारी ने पीछा किया तो बालू रास्ते में गिराकर डंफर दरवाजे पर खड़ा कर दिया। पीछा करते दरवाजे तक पहुंचे खनन अधिकारी ने डंफर सीज कर दिया लेकिन खनन माफिया व उसके बेटे मारपीट पर आमादा हो गए थे।

**खनन की सूचना मिलने पर थानेदार तत्काल एसडीएम व सीओ अवगत कराएं**

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन गृह पुलिस अनुभाग-3 लखनऊ ने अपने पत्र में जारी किए गए आदेश में बताया है कि अवैध बालू खनन की सूचना अगर थाना स्तर पर मिल रही है तो थाने का प्रभारी निरीक्षक तत्काल संबंधी एसडीएम व सीओ को देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। इनके सरपरस्ती में ये धंधा तेजी से फल फूल रहा है।

## भूमि सुधार के लिए याद किये जाते है चौ. चरण सिंह



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा महान किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के पुण्यतिथि के अवसर पर सोनुघाट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि देश के अंदर भूमि सुधार कानून और खेतों की हदबंदी के लिए चौधरी चरण सिंह को आज भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चौधरी चरण सिंह के सपनो को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर ग्रामीण क्षेत्रो के विकास और किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद सिंह ने कहा कि समृद्ध गांव और खुशहाल किसान के लिए चौधरी चरण सिंह का जीवन समर्पित रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश राय, अमरेंद्र यादव, रंजन मणि, प्रिन्स मिश्र, सूरज, रमाशंकर निषाद, अरुण मिश्र, वीरेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

## वाराणसी से आई एनडीआरएफ की टीम ने महराजगंज तहसील में कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** महराजगंज तहसील सभागार में वाराणसी से आई एनडीआरएफ की टीम ने महराजगंज तहसील में कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीम ने विभिन्न आपदाओं से निपने के उपाय कर्मचारियों को बताए गए। एनडीआरएफ के एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में रेस्क्यूबर सरफराज अहमद, राजेश मिश्रा, दुर्गेश यादव, सुगंधा यादव, और शालिनी यादव ने प्रशिक्षण दिया टीम ने बाढ़ भूकंप सर्पदंश हृदय रोग और सड़क दुर्घटनाओं में बचाव के कार्य का प्रशिक्षण दिया गया कर्मचारियों को आगजनी से बचाव और घायलों के प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई ब्लीडिंग रोकने चोटों को स्थिर करने और सीपीआई देने का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया पानी में डूबे व्यक्ति को बचाने और शव निकालने की तकनीक जानकारी भी दी गई प्रशिक्षण में लेखपाल कानूनगो सहित तहसील के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे यह प्रशिक्षण कर्मचारियों को आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के लिए तैयार करने के उद्देश्य आयोजित किया गया है।

## नाबालिक किशोरी को भगाकर ले जाने वाला गिरफ्तार



**बछरावां, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन तथा एएसपी रायबरेली एवं क्षेत्राधिकारी महराजगंज के कुसल पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी बछरावां के नेतृत्व में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाने पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 214/2025 धारा 137(2),87/65 (1) बीएनएस व 3/4 पास्को एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अंकित मिश्रा पुत्र प्रेमलाल मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी मिसिरपुर तरती थाना नेवाडिया जनपद जौनपुर को थुलेडी कट कन्नावा के पास से नियमानुसार की रफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर संबंधित पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के ऊपर नाबालिक किशोरी को भगाकर ले जाने और उसके साथ बलात्कार करने के संबंध में कार्यवाही की गई है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में थुलेडी चौकी इंचार्ज सचिन शर्मा एवं हेड कांस्टेबल राजेंद्र वर्मा की महती भूमिका रही।

## फिर चला बुलडोजर, गुमटी और पटरी दुकानदारों में हड़कंप



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** प्रशासन की ओर से गुरुवार को नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया गया है। तहसीलदार के साथ नगर पंचायत के कर्मी बस स्टेशन के आसपास की गुमटियां हटवाने में लगे हुए हैं। अचानक अतिक्रमण विरोधी अभियान फिर शुरू किए जाने से पटरी और गुमटी दुकानदारों में हड़कंप का माहौल है। ठेलेवालों को भी सड़क के किनारे से हटाया जा रहा है। पटरी दुकानदारों को सड़क किनारे बनी नाली को खाली करने और गुमटियां हटाने के लिए कहा गया है।जे सी बी से सड़क किनारे की दुकानों और अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

## बी.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल को आठवीं तक मिली मान्यता

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** रामकोला विकास खंड के कुसुम्हा में स्थित बी.आर.एस. इंटरनेशनल स्कूल को बेसिक शिक्षा परिषद, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश द्वारा मार्च 2025 को अंग्रेजी माध्यम से कक्षा छ- से आठवीं तक मान्यता मिली। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रबंधक इंद्रासन सिंह ने दी है। उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी-माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। क्षेत्र में विद्यालय को स्थान मिले।

## सचिव/अपर जिला जज ने किया वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया राम मिलन सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो के प्रति सजग रहना चाहिए। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें। निरीक्षण के दौरान ही उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रीतू शाही भी वहां पर वन स्टॉप सेण्टर के निरीक्षण हेतु पहुँच गई।

## इनवर्टर में प्लग लगाने के दौरान करंट की चपेट में आए युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के खोठ्ठा चौराहे पर विद्युत करंट की चपेट में आने से एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके से पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया।

**अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के खोठ्ठा चौराहे का मामला**

राजू उर्फ गोबरी प्रजापति पुत्र शिवनारायण प्रजापति उम्र 35 वर्ष निवासी खोठ्ठा थाना अहिरौली बाजार जो खोठ्ठा चौराहे पर चाय की दुकान चलाता था। गुरुवार को वह अपने दुकान पर इन्वर्टर में प्लग लगा रहा था, तभी इन्वर्टर करंट के चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चिखने चिल्लाने लगा यह सून कर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसके इलाज के लिए निजी साधन से गोरखपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना से पत्नी गीता देवी व परिजनों का रो रोकर बूरा हाल था। मृतक राजू के दो छोटे-छोटे बच्चे है। जिसमें प्रिस 5 वर्ष व संदीप 3 वर्ष का है।

मृतक खोठ्ठा चौराहे पर चाय की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अहिरौली बाजार संजय दूबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



मृतक राजू की फाइल फोटो

रोते बिलखते परिजन

## निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत, तीमारदारों ने काटा बवाल

**कुशीनगर।** निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत बुधवार की रात हो गई। नाराज घरवालों ने हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल में तोड़फोड़ भी किया। मामला बढ़ता देख डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाराज लोगों को शांत कराया। देर रात तक इलाज में प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर व संचालक की गिरफ्तारी की जिद पर अड़े रहे। वहीं नवजात बच्ची स्वस्थ्य बताई जा रही है। पडरौना कोतवाली के सेमरिया बाजार गांव निवासी सत्येंद्र प्रसाद की 28 वर्षीय पत्नी रीना को बुधवार को दिन में 9 बजे प्रसव पीड़ा होने पर परिजन रविन्द्र नगर के सांस्कृत्यायन हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे। घरवालों के अनुसार जांच के बाद डॉक्टर ऑपरेशन की बात कही। घरवालों ने इसके लिए रुपए जमा कर दिया और दोपहर में ऑपरेशन से बच्ची पैदा हुई। रात करीब 10 बजे अचानक रीना की तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। इसकी जानकारी होने के बाद परिजन हंगामा करने लगे तो अस्पताल में तैनात वर्करों ने मारपीट शुरू कर दिया। इसके बाद सत्येंद्र के रिश्तेदार भी पहुंच गए और जमकर हंगामा किए। रविन्द्र नगर थानाध्यक्ष शरद भारती ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## स्थानीय विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास अनिवार्य है : डीपीआरओ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत सतत विकास लक्ष्य का विकास खंडस्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन विकास खंड सभागार देवरिया सदर मे किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे विकासखण्ड स्तरीय अन्तर्विभागीय अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत राज अधिकारी देवरिया रतन कुमार ने दीप प्रज्ज्वललित कर किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास अनिवार्य है मानव जाति के रूप में हम अपने ग्रह के लिए एक स्थाई भविष्य चाहते हैं तो हमें पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना पड़ेगा।

रुद्रपुर तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि सभी विभागों का समन्वय ही बेहतर परिणाम लेकर आएगा जिससे हमारे ग्राम पंचायतो मे निवास करने वाले लोगो का जीवन स्तर बेहतर होगा। डीपीआरसी प्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने कहा कि सतत विकास के 17 लक्ष्यो का स्थानीयकरण करके 9 थीम निर्धारित किये गये जिसमे सभी विभागों की अपनी -अपनी भूमिका सुनिश्चित की गयी।इसी निम्मित ग्राम पंचायत विकास योजना बनाते समय भी संकल्प पत्र मे लिए गये थीमो पर ही कार्ययोजना बनाने की बात की गयी। वरिष्ठ प्रशिक्षक अजीत कुमार तिवारी ने ग़रीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत गाँव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव एवं पर्याप्त जलयुक्त गांव के संदर्भ मे विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही। जनकल्याणकारी योजनाओं मे सभी पात्र लाभार्थियों को अनिवार्य रूप से जोड़कर ही हम सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल कर सकते है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह ने सभी के आभार व्यक्त किया। उक्त प्रशिक्षण मे आशुतोष कुमार, आलोक तिवारी, अजय दूबे, चेतन चौहान आदि ने भी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण मे अनिल सिंह, परशुराम राम, तारकेश्वर तिवारी,डॉ. नवीन कुमार पप्पू,डा. मानवेन्द्र चतुर्वेदी, डा. शम्भू प्रसाद, हरिपाल यादव, विनय पाण्डेय, सुषमा दूबे, आंनदस्वरुप तिवारी, लियाक़त अहमद, राजनंदनी सिंह आदि मौजूद रहे।

## एमडीएम का तीन महीने का खाद्यान्न आवंटित

**अमेठी/भादर।** डिप्टी आर एम ओ कार्यालय से परिषदीय विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत तीन महीने के खाद्यान्न का आवंटन किया गया है। विकास खंड भादर में 64स्कूलों में गेंहू और 28 स्कूलों में चावल का आवंटन शून्य है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कम्पोजिट विद्यालयों में संचालित समर कैंप के लिए सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन की धनराशि का आवंटन अभी तक नहीं हुआ है।एम डी एम कन्वर्जन कास्ट भी स्कूलों को नहीं भेजी गई है। मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत कन्वर्जन कास्ट और खाद्यान्न का आवंटन कभी मासिक नहीं होता है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ कई बार मासिक आवंटन की मांग कर चुका है। अप्रैल,मई और जून के खाद्यान्न का आवंटन हाल ही में किया गया है। विकास खंड भादर में 64स्कूलों में गेंहू का आवंटन शून्य है। 28स्कूलों में चावल का आवंटन भी शून्य है।कई ग्राम प्रधानों ने बताया कि पिछले त्रैमासिक आवंटन में भी गेंहू का आवंटन उपभोग और मांग के अनुसार नहीं हुआ था। जून में समर कैंप में भोजन बनना बंद है। 15जून को ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म के बाद जून,जुलाई में मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन बनवाना मुश्किल होगा।

## बाल अपराधों के वादों को निस्तारण कराने की कार्यवाही शीघ्र हो: डीएम

**जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति त्रैमासिक समीक्षा बैठक**



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा से बाल अपराधों के लंबित वादों और केसों की जानकारी ली। निर्देश दिया कि बाल अपराधों के वादों को निस्तारण कराने की कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। वादों को लंबित ना रखा जाए। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य ने कहा कि बच्चों की समय- समय पर काउंसलिंग भी कराते रहें। बाल अपराधों को गंभीरता से लिया जाए। बैठक में बाल संरक्षण, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम और बाल कल्याण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को बाल संरक्षण को प्राथमिकता देने और बच्चों के विकास के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, यूनिसेफ से मंडली सलाहकार, किशोर न्याय बोर्ड से मीनू श्रीवास्तव, बाल कल्याण समिति से पूनम सिंह, वन स्टॉप सेंटर से आस्था ज्योति, राज लक्ष्मी बाई सम्मान कोष से सारिका शुक्ला, श्रद्धा सिंह अर्चना सिन्हा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी, रिजवाना परवीन अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा,डिप्टी सीएमओ डॉ अशोक, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी,महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## महिला सशक्तिकरण की अनुपम उदाहरण है अहिल्याबाई होल्कर : विजय कुमार दुबे



**भाटपार रानी अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को भाटपार रानी नगर पंचायत परिसर में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर एवं सफाई कर्मियों के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अपने शासनकाल में बहुत सारे धर्मार्थ के कार्य किए जिसमें मंदिरों का जीर्णोद्धार, कुओं का निर्माण एवं जगह-जगह धर्मशालाओं का निर्माण कराना शामिल हैं। उन्होंने अपने राज्य में महिला सैनिकों की भर्ती शुरू करने का काम किया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि बहुत सारे ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने देश और समाज के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। लेकिन पूर्व की सरकारों ने उन्हें इतिहास के पन्नों में दबा करके रख दिया था। जिन्हें भाजपा सरकार में सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। चेयरमैन प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने कुशल और न्यायपूर्ण प्रशासन स्थापित किया। इस अवसर पर नगर के सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता गुप्ता एवं संचालन भाजपा नेता आनंद पियूष उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय कुमार दुबे, मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय, विजय कुमार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह, सुरेश तिवारी, राजेश गुप्ता, माला देवी, संगीता देवी, विद्यावती देवी, मुन्नी देवी, गुड्डी देवी, फूला देवी, सोना देवी, विमलावती देवी, राजू सिंह, रणवीर प्रताप सिंह, अजय आर्य, विशाल प्रसाद, राजेश कुमार, वीरू शाह, अक्षय लाल, विजय यादव, ऋषिकेश गुप्ता, पवन राय, आकाश कुमार उपस्थित थे।

## काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार अहिल्याबाई ने ही कराया था : शाही



अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** अहिल्याबाई होल्कर का नेतृत्व उस समय प्राप्त हुआ था जब देश पर अंग्रेजों का बहुत प्रभाव था। उन्होंने सैकड़ों मंदिरों, धार्मिक स्थलों तथा सार्वजनिक हित में निर्माण कराया। विश्व प्रसिद्ध बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार रानी अहिल्या बाई होल्कर ने कराया। उनका जीवन लंबे समय तक प्रेरणा दायक रहेगा। उक्त बाते गुरुवार को ब्लॉक सभागार हाटा में पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में भाजपा द्वारा आयोजित महिला पंचायत सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष जेपी शाही ने कहा। विशिष्ट अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि न्याय आध्यात्मिकता और समाज की सेवा ही उनकी जीवनचर्या थी। ब्लाक प्रमुख आरजू राव ने कहा कि युद्ध कौशल में अत्यंत निपुण अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की सुरक्षा के लिए महिलाओं की एक सेना भी तैयार की थी। कार्यक्रम के दौरान विकासखण्ड की महिला मनरेगा मेठ, समूह सखी, बैंक सखी, स्वास्थ्य सखी सहित बेहतर कार्य करने वाली सत्रह महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को जिला मंत्री बाबू नंदन सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, अर्चना प्रदीप सिंह प्रमुख मोतीचक आदि ने संबोधित किया।

## सफल और उद्यमी महिलाओं के सम्मान में हुआ विशेष कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** ग्राम्य विकास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन के क्रम में गुरुवार को जिले के सभी विकास खंडों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करके महिलाओं को सम्मानित किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं,बी सी सखी, विद्युत सखी, मनरेगा की महिला मेट, रानी मिस्त्री और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की महिला लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल हुई।

गौरीगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने कहा कि डबल इंजन सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित है। पिछले दस सालों में ग्रामीण महिलाएं लखपति बनी है, कोई भी काम करने वाली महिला बेरोजगार नहीं है। सरकार चाहती है कि महिलाएं आत्मनिर्भर बन परिवार और समाज को दिशा दें, यह काम धरातल पर नजर आ रहा है। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के निदेशक ऐश्वर्य यादव और जिला उपायुक्त प्रवीणा शुक्ल ने महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी। भेंटुआ विकास खंड में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आशा बाजपेई और निमिषा त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिया। खंड विकास अधिकारी छत्रपाल सिंह मौजूद रहे। अमेठी में खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, भादर में खंड विकास अधिकारी रतन सिंह, संग्रामपुर में खंड विकास अधिकारी शिव पूजन भारती ने महिलाओं को सम्मानित किया।



# ताइक्वांडो एसोसिएशन बहराइच की चेयरमैन मनोनीत हुई डॉ. प्रज्ञा



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में स्टेट ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव डॉ रजत दीक्षित ने एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी को जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन बहराइच का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन की जानकारी संगठन के जिला सचिव इसरार अली ने दी है। मालूम हो कि एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी के जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन बहराइच का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संगठन के सचिव इसरार अहमद के नेतृत्व में ताइक्कांडो की महिला खिलाड़ियों ने उन्हें बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। ज्ञात हो कि जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन बहराइच,यूपी ताइक्कांडो एसोसिएशन और यूपी ओलंपिक एसोसिएशन से संबंध है।

बहराइच की ताइक्कांडो टीम में 90 प्रतिशत महिला खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका है जो इस खेल में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं।प्रदेश सरकार भी महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मरक्षा के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है। ताइक्कांडो आत्मरक्षा के लिए एक बेहतर साधन माना जाता है ऐसी स्थिति में बहराइच ताइक्कांडो एसोसिएशन का अध्यक्ष डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी को बनाए जाने पर महिला खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है।

# ग्राम पंचायत मसुरी में भ्रष्टाचार की जांच पर डीएम का सख्त रुख

- जिलाधिकारी महोदया ने डीपीआरओ से तलब की अर्जेंट रिपोर्ट




अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिले की महुआ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मसुरी में हुए बहुचर्चित भ्रष्टाचार के मामले में जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) से तत्काल रिपोर्ट तलब की है। डीएम का यह कदम जांच प्रक्रिया में हुई गड़बड़ियों और अनियमितताओं को लेकर सामने आई गंभीर शिकायतों के मद्देनज़र उठाया गया है। बताते चलें कि करीब पांच माह पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश पर इस प्रकरण की जांच कृषि उप निदेशक एवं लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता को सौंपी गई थी। परंतु, जांच अधिकारियों ने निर्धारित पंद्रह दिनों की समयसीमा को नजरअंदाज कर जांच रिपोर्ट अब तक लंबित रखी है। आरोप है कि जांच में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत से जानबूझकर गड़बड़ी की गई। पंचायत सदस्य देवकुमार, मैथिलीशरण, दिनेश कुमार सहित कई ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच ग्राम प्रधान प्रेमा वर्मा और पंचायत सचिव रश्मि मिश्रा ने विकास कार्यों, निर्माण योजनाओं और अन्य सरकारी परियोजनाओं में व्यापक अनियमितताएं की हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में इस संबंध में कई बार सक्षम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के आरोपी प्रधान और सचिव को बचाने में लघु सिंचाई विभाग की भूमिका भी संदिग्ध रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन का मार्ग अपनाएंगे। जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्यकार कल्याण कोष अन्तर्गत साहित्यकारों से मांगे गये प्रस्ताव

**बहराइच।** साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत विषम आर्थिक स्थितिग्रस्त साहित्यकारों को जिनकी वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) रुपये पांच लाख तक है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। उन्हें अधिकतम रुपये पचास हजार तक अनावर्तक चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र एवं चिकित्सक का प्रमाण-पत्र तथा दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निदेशक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 27 जून, 2025 है। योजनाओं का विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट यूपीहिन्दीसंस्थान डाट इन पर भी उपलब्ध है।

# रेड क्रॉस ने लगाया समर कैंप




अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,शाहजहांपुर ने मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूरुल हूदा में समर कैंप का आयोजन किया जिसमें छात्रों को बेसिक लाइफ सपोर्ट, आकस्मिक उपचार एवं धूपङ्कलू से बचाओ के उपाय बताए जिसमें सूती ढीले कपड़े पहने छाता टोपी का इस्तेमाल करे ठंडा पेय प्रदार्थ ले भारी भोजन से बचे खुली ओर ठंडी जगह पर जाए यदि लू के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत डॉ से संपर्क करे लू के लक्षण की जानकारी देते हुए बताया की तेज गर्मी में चक्कर आना शरीर का तापमान बढ़ना और पीसना कम आना तब नींबू पानी या ह्र्रू का बार बार सेवन करे इस अवसर पर रैड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ विजय जौहरी ने मदरसे के छात्र छात्राओं को करोना बचाओ आपदा प्रबंधन हेतु मास्क वितरण किए और कुछ स्वस्था संबंधित आवश्यक सामग्री और पानी की बाल्टी प्रधानाचार्य इकबाल मिया को भेट की नियमित मदरसे में शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रधानाचार्य द्वारा चिन्हित छात्रों को रेड क्रॉस का मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया रेड क्रॉस सचिव डॉ जौहरी ने छात्रों को रेड क्रॉस के बारे में जानकारी दी और उज्जल भविष्य के लिए रेड क्रॉस सहयोगी भूमिका का निर्वाह करेगी इस अवसर पर प्रधानाचार्य इकबाल मिया, इजहार हसन, शरिक,साजिद अली खान, जहूर खान,हैदर अली आदि उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की सदस्या ने स्टॉप सेण्टर का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने नवनिर्मित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान यहां की काउंसलर शिक्षा सारस्वत अनुपस्थित मिली, जिला प्रोवेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि विगत 7 दिनों से यह कार्यालय नहीं आ रही हैं, जिस पर महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि अगर उनको अपने दायित्वों के निर्वहन में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो रही है, तो उनको अपने दायित्वों से हटाकर किसी अन्य जिम्मेदार व्यक्ति को इस दायित्व का निर्वहन सौंपे, यहां पर उन्होंने वाश बेसिन का निरीक्षण किया, जहां पर पानी इत्यादि की स्थिति ठीक नहीं मिली, कक्षों में कूलर नहीं लगे थे, साथ ही बिछे हुए गद्दे खराब मिले, जिस पर उन्होंने नए गद्दे और नई चादरें बिछाने के निर्देश दिए, साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए हर कक्षों में कूलर लगाने के भी निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर योजना उत्तर प्रदेश में हिंसा से प्रभावित महिलाओं को आपातकालीन सहायता, आश्रय, कानूनी सहायता, चिकित्सा सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए यह महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए इसके संचालन में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो, साथ ही यहां पर समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें। इसके पश्चात् राज्य महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ 100 सैय्या बेड आधारित स्वशासी राज्य महिला चिकित्सालय गयीं, यहां पर उन्होंने महिलाओं के लिए उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था को देखा, उन्होंने यहां लेबर कक्ष, शिशु कक्ष इत्यादि व्यवस्थाओं को देखा, उन्होंने कहा कि जॉनसन किट महीने में एक बार जरूर बांटे, साथ ही साथ निर्देशित किया कि हर कक्ष में टीवी अवश्य लगी हो, जहां पर महिलाओं से संबंधित जानकारी निरंतर प्रसारित की जाए, जिससे महिलाएं जागरूक हो सके, उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं से वार्ता की, और उनको दी जा रहीं सुविधाओं के विषय में भी जाना, महिलाओं ने बताया कि यहां पर उन्हें हर तरह की सुविधा मिलती हैं, डॉक्टर समय-समय पर परीक्षण भी करते रहते हैं, साथ ही राज्य महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि जो भी सुविधा यहां पर उपलब्ध नहीं है, उनके लिए बजट की मांग शासन से करियें, अगर इसमें किसी प्रकार की परेशानी आती है, तो मेरे द्वारा भी इसके संबंध में शासन स्तर पर पहल की जाएगी, उन्होंने वहां पर स्थित पैथोलॉजी और नवजात शिशु कक्ष का सघन निरीक्षण किया, साथ ही उन्होंने कोरोना के बढ़ते स्तर को देखते हुए यहां पर उपलब्ध इसके संबंध में तैयारीयों का जायजा लिया।

# फर्जी बैनामे में एक गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा करने वाले दौराने विवेचना प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त राघवेन्द्र सिंह चोहान पुत्र स्व0 बलवीर सिंह निवासी मोहल्ला टीकतपुरा थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना जसराना पर मु0अ0सं0 122/25 धारा 419/420/467/468/471/50 4/506/120बी भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। विगत 12.05.2025 को अभियुक्तगण द्वारा वादिया की बहुमूल्य जमीन के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अन्य किसी को बैनामा कर देने के सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 122/25 धारा 419/420/467/468/471/50 4/506/120 बी भादवि व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट थाना जसराना फिरोजाबाद पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह, व0उ0नि0 मुनेश कुमार, उ0नि0 राजकुमार गौतम, उ0नि0 विवेक चौहान, उ0नि0 पुष्पेन्द्र सिह, म0उ0नि0 योगिता सिंह थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# जन राज्य फ्रंट इंडिया ने विभिन्न समस्याओं को लेकर



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जन राज्य फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अजय मीरा पाण्डेय अंशु ने जिले की ध्वस्त कानून व्यवस्था सहित, विभिन्न जनहित के युवा व छात्र छात्राओं के हितों से संबंधित समस्याओं पर पुलिस अधीक्षक का उनके कार्यालय में घेराव कर अपना 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा पुलिस अधीक्षक ने जन राज्य फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अंशु पाण्डेय के माध्यम से उठाई गई महत्वपूर्ण मांगों को तत्काल स्वीकार करते हुए अपनी अधीनस्थ अधिकारियों को तुरंत आदेशित किया। अंशु पाण्डेय ने एस.पी.को बताया कि जिले की ध्वस्त पड़ी कानून व्यवस्था पर सार्थक दिशा में ठोस कदम उठाये जाने की विशेष आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक से अंशु पाण्डेय ने जनराज्य फ्रंट इंडिया के माध्यम से यह प्रमुख मांग रखी कि उच्च न्यायालय हाईकोर्ट के आदेशों के उल्लंघन मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत जो जारी किये गये हैं सख्ती से अनुपालन कराए जायें यातायात पुलिस मनमानी ढंग से जनमानस के चालान ना करे। इसके अतिरिक्त हूटर प्रेशर हार्न पर रोक लगाई जाये। पात्र लोग ही हूटर लगाये अन्यथा रोक लगाई जाये। वहीं छात्र छात्राओं के पासपोर्ट व चरित्र प्रमाण पत्रों की आख्या हेतु अंशु पाण्डेय ने विभिन्न थानों में स्पेशल डेस्क बनाने की मांग की। जिसको तुरंत पुलिस अधीक्षक ने मान लिया और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ही एक स्पेशल डेस्क तत्काल आज से ही शुरु करने का आदेश जारी करने को आदेशित किया।

## डीह की ग्राम प्रधान ममता शुक्ला पद से हटाई गई

**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** ब्लाक क्षेत्र के डीह ग्राम पंचायत की प्रधान ममता शुक्ला को वित्तीय अनियमितताओं के चलते पद से हटा दिया गया है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने अंतिम जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर यह सख्त कदम उठाया। साथ ही ग्राम पंचायत के कार्यों के संचालन के लिए डीपीआरओ को नई कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।जांच रिपोर्ट के अनुसार,ग्राम प्रधान पर करीब 1,57,226 रुपये के भुगतान में अनियमितता और 16,790 रुपये श्रमिक भुगतान की राशि को अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर करने का आरोप है। इसके अलावा हैंडपंप रीबोर कार्यों में भी गड़बड़ी पाई गई।डीह गांव निवासी राघवेंद्र प्रताप सिंह की शिकायत पर प्रारंभिक जांच जिला कृषि अधिकारी से कराई गई थी। इसके बाद अंतिम जांच की जिम्मेदारी जिला उद्यान अधिकारी और लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को सौंपी गई थी। जांच में ग्राम प्रधान ममता शुक्ला के साथ तत्कालीन पंचायत सचिव रोहित चंद्रा और रवि कुमार राणा भी दोषी पाए गए।

# जन कल्याण महिला समिति ने लगाया समर कैंप



अवधनामा संवाददाता

- कैंप में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिये जा रहे प्रशिक्षण

**शिकोहाबाद।** सामाजिक कार्यो को समर्पित संस्था जन कल्याण महिला समिति द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु 11 दिवसीय समर कैंप का आयोजन जैन उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय जैन स्ट्रीट में किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही बालिकाओं को डांस और स्क्रैच आर्ट का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें महिलाएं बड़ी लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

समिति अध्यक्ष निधि अग्रवाल ने बताया कि जन कल्याण महिला समिति द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर साल अलग स्थान पर इस प्रकार के कैंप का आयोजन करती आ रहीं है। समिति की अध्यक्ष ने बताया कि ये 11 दिवसीय पंचम निःशुल्क कैंप का आयोजन चल रहा है। जिसमें 220 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं द्वारा भाग लिया जा रहा है। डांस का प्रशिक्षण यशवी अग्रवाल जैन, स्क्रैच आर्ट का प्रशिक्षण दिव्यांशी मोहनिया एवं सिलाई का मंजू देवी और पिंकी भारद्वाज द्वारा दिया जा रहा है। समर कैंप में समिति के सदस्यों द्वारा बड़ी मेहनत और लगन से व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जा रहा है। जिसमें गुंजन अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, जोशु जैन, विन्नी वर्मा, आभा अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, रीना अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, रीमा बैजल, शेफाली अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, नेहा दत्त, मोहिनी अग्रवाल, रानी मित्तल, रीता पाण्डेय, मिताली मित्तल, भावना बैजल, मीनू अग्रवाल, दीप्ती गुप्ता, प्रीती अग्रवाल, रोली अग्रवाल, राधा अग्रवाल, चांदनी अग्रवाल आदि समिति की सदस्यों ने सहयोग किया।

## आर्म्स एक्ट के माल व शराब का किया विनिष्टीकरण

**फिरोजाबाद।** थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा मुकदमाती निर्णित अभियोगों से सम्बन्धित आर्मस एक्ट के 18 माल (तमंचा) जूआ अधि0 के 9 माल व आबकारी एक्ट के 8 माल (शराब) का विनिष्टीकरण किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में चलाए जा रहे अभियान माल निस्तारण के तहत न्यायालय के आदेश के क्रम में गठित कमेटी नायब तहसीलदार टूण्डला, क्षेत्राधिकारी टूण्डला मय थानाध्यक्ष थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद व नोडल अधिकारी माल निस्तारण एवं एचएम 561 कैलाश शर्मा थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद की उपस्थिति में आर्म्स एक्ट, जूआ अधिनियम, आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित मालों का विनिष्टीकरण नियमानुसार कराया गया है।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक एवं जेलर मौजूद रहे।

# कारगर साबित हो रहा शाहजहांपुर पुलिस का परिवार परामर्श केंद्र

अवधनामा संवाददाता


- पुलिस लाइन में 16 पत्रावली पर सुनवाई के साथ तीन दम्पति की सकुशल विदाई

**शाहजहांपुर।** जनपद के पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी का परिवार परामर्श केंद्र कारगर साबित हो रहा है आए दिन 10 साल से विवाद में उलझे पति-पत्नी के रिश्ते परिवार परामर्श केंद्र पर सुलझ रहे हैं और पुलिस सकुशल परिवार परामर्श केंद्र से ही उनकी विदाई करा रही है बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन शाहजहांपुर में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र पर 16 पत्रावलियों की सुनवाई की गई जिनमें तीन (दम्पति ) जोड़ों में जो दसों वर्षो से खटास चल रही थी उसे दूर कर सुलह समझौता करा कर सकुशल उनकी विदाई कराई गई जिसमें थाना तिलहर क्षेत्र के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 02 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था ,थाना कटरा क्षेत्र के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 04 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहाँपुर बुलाया गया। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। थाना कटरा क्षेत्र के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 11 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहाँपुर बुलाया गया ढ्ढ दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया ढ्ढ प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहाँपुर उ0नि0 मधु यादव, पूनम मिश्रा, करूणा, मोनिका, मोनिका रानी, म0आ0 पिंकी मौजूद रही

## हनुमंत मैटरनिटी एंड ट्रॉमा सेंटर के चार डॉक्टरों पर मुकदमा हुआ दर्ज

**सुल्तानपुर।** जिले के एक निजी अस्पताल में चिकित्सकीय लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। जिससे एक महिला की जान चली गई। मामला हनुमंत मैटरनिटी एंड ट्रॉमा सेंटर का है, जहां इलाज के दौरान हुई लापरवाही के चलते महिला की मौत हो गई। इस मामले में अस्पताल संचालक डॉ. डीबी सिंह, डॉ. मानसी तोमर, डॉ. मोहम्मद रजा सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कुड़वार थाना क्षेत्र के महराजगंज निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि 13 मई को उन्होंने अपनी मां को पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉ. मानसी तोमर द्वारा अल्ट्रासाउंड जांच में पथरी की पुष्टि हुई। उसी शाम डॉ. मोहम्मद रजा ने ऑपरेशन किया। 14 मई की सुबह डॉक्टरों की गैरमौजूदगी में नर्स ने मरीज को चलने को कहा। परिजनों के विरोध के बावजूद मरीज को जबरन चलाया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। काफी देर तक डॉक्टरों को बुलाने के बाद डॉ. डीबी सिंह पहुंचे, लेकिन तब तक मरीज की मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों की शिकायत पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें चार घाव और जीबी फोसा में दो स्टेपलर पिन पाए जाने की पुष्टि हुई।

# जयपुरिया स्कूल शिकोहाबाद के समर कैंप का समापन



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** आगरा रोड स्थित सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में आयोजित समर कैंप का समापन हुआ। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रातः कालीन बेला में अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग अध्यापकों द्वारा बच्चों को योग, ध्यान तथा डांस अध्यापकों द्वारा जुंबा डांस कराया गया। इसी के साथ विद्यार्थियों ने इनडोर और आउटडोर खेलों में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस बास्केटबॉल और खो- खो आदि में प्रतिभाग किया। इसी के साथ बच्चों ने कुकिंग विदाउट फायर में सैंडविच, भेलपुरी, लस्सी, शिकंजी, लड्डू आदि बनाए। बच्चों ने पोट्री में विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन बनाने का अभ्यास किया। क्राफ्ट एक्टिविटी में बच्चों ने कार्डबोर्ड तथा आइसक्रीम स्टिक से नेम प्लेट बनाना, हवाई जहाज बनाना और माचिस की डिब्बियों से कार बनाना सीखा। स्विमिंग पूल में श् आज ब्लू है पानी-पानीश् जैसे विभिन्न गीतों पर डांस करके बच्चों ने पूल पार्टी आनंद उठाया। हॉर्स राइडिंग के जरिए बच्चों ने हॉर्स राइडिंग के विभिन्न तरीकों व सावधानियां को सीखा व समझा और सीखने के साथ-साथ हॉर्स राइडिंग का खूब आनंद भी उठाया। कैंप का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय एवं रचनात्मक विकास को खेल-खेल में बढ़ावा देना है। इस कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया, बल्कि नई-नई कलाओं एवं प्रतिभाओं को भी विकसित किया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन में विद्यालय की प्रबंधन कमेटी, प्रधानाचार्या एकता शर्मा, शिक्षक टीम, कार्यालय टीम तथा अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## बेटी की आत्महत्या के बाद पिता ने भी तोड़ दिया दम

**शाहजहाँपुर।** पुवायां थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे गांव को शोक की लहर दौड़ गई। एक लकवाग्रस्त पिता, विनोद कुमार (50) ने अपनी 17 वर्षीय बेटी पायल की आत्महत्या के सदमे में उसी स्थान पर दम तोड़ दिया। जहां उनकी बेटी ने फांसी लगाई थी। यह दुखद घटना 26 मई की रात और उसके बाद मंगलवार की रात को हुई, जिसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। विनोद कुमार जो पिछले पांच साल से लकवे के कारण बोलने और चलने में असमर्थ थे, अपनी छोटी बेटी पायल के साथ घर पर अकेले थे। उनकी पत्नी रितु देवी अपनी मंझली बेटी के इलाज के लिए बरेली गई थीं। 26 मई की रात पायल ने अपनी मां से फोन पर सामान्य बातचीत की थी, लेकिन अगली सुबह घर के बरामदे में उसकी लाश साड़ी से लटकती मिली। बताया जाता है कि विनोद अपनी चारपाई पर लेटे हुए थे और उन्होंने अपनी बेटी को उस दिशा में जाते देखा, लेकिन अपनी असमर्थता के कारण कुछ कर न सके। विनोद कुमार कभी दिल्ली में प्लंबर का काम करते थे और अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे।

# दो गुटों के बीच हुई मारपीट को दिया जा रहा जातीय रंग

अवधनामा संवाददाता

- मारपीट के बाद पार्टी के नेता मामले को दे रहे जातीय रंग

**सुल्तानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र में दो गुट संजय यादव और नंदलाल यादव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज करवाया गया है। धम्मौर थाना क्षेत्र के महेसर गंज बाजार (पलिया मोड़) के पास मंगलवार को पांच बजे के आसपास नंदलाल यादव अपने साथी अंशू यादव और अमन सिंह के साथ क्रिकेट खेलने जा रहे थे। पीछे से थार गाड़ी से आ रहे संजय यादव और जयसिंह यादव ने नंदलाल यादव,अंशू यादव को रोककर पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। अपने साथी नंदलाल यादव और अंशू यादव को बचाने आए अमन सिंह को दूसरे पक्ष संजय यादव व अन्य लोगों में से किसी ने तलवार से मार कर घायल कर दिया। मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए जिनका इलाज चल रहा हैं। संजय यादव और अमन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। उक्त मारपीट की घटना के बाद तत्काल पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर के आधार पर नंदलाल यादव, अंशू यादव, संजय यादव, जयसिंह यादव और अमन सिंह के नाम पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना के बाद पार्टी के नेता कुछ लड़कों के द्वारा पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट को सवर्ण बनाम यादव का जातीय रंग देकर राजनीति का घृणित खेल खेला जाने लगा।जो सामाजिक सौहार्द और समरसता को खंडित करने के लिए तेजाब का काम कर रहा है। ये सत्तालोलुप राजनीति के लोग कुछ दिन दोनों पीड़ित परिवार से मिलेंगे, फोटो खिंचवाएंगे, फेसबुक पर पोस्ट करेंगे। उसके बाद दोनों पीड़ित परिवार मुकदमे की चक्की में वर्षों भर पिसते रहेंगे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर।**
**पताः-तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।**

पत्रांक- 283/ग्रा0अ0वि0/ निविदा पत्राली/अनु0सहायक/2025-2026, दिनांकः-19-05-2025

**मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु स्वीकृति निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर रसीद की मूल प्रति अन्य निविदा प्रपत्रों के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | योजना/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिकुरिटि (इ.एम.डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | सांसद निधि योजना | | | | |
| 1 | सीतापुर | ग्राम असुवामऊ में सोलर लाइट 4-वे का अधिष्ठान कार्य, वि0खं0 गोंदलामऊ। | 1.35 | 0.07 | 500+75+104 =679.00 | 03 माह |
| | | शिक्षा विभाग | | | | |
| 2 | सीतापुर | राजकीय बालिका कालेज कमलापुर में मरम्मत कार्य, वि0खं0 कसमण्डा। | 0.48 | 0.03 | 500+75+104 =679.00 | 02 माह |
| | | विधायक निधि योजना | | | | |
| 3 | सीतापुर | राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के प्रांगण में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, वि0खं0 खैराबाद। | 9.33 | 0.47 | 500+225+132= 857.00 | 03 माह |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-14-06-25 से 17-06-25 (पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थानः-18-06-25 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-सीतापुर, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल लखनऊ, एवं जिलाधिकारी जनपद सीतापुर।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-19-06-25 को अपरान्ह 12:30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशार्सी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सीतापुर में सम्पर्क करें।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर।
राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से।

UPID-234245 Dated-26-05-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा : सिटी मजिस्ट्रेट




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मई माह के लिए सैनिक बंधु की बैठक 29 मई, गुरूवार को जिलाधिकारी सभागृह में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट श्री दिग्विजय सिंह ने की। बैठक में इटावा से बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया। सैनिक बंधु में पूर्व सैनिकों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जो मुख्य रूप से पूर्व सैनिकों के परिवारों को पुलिस सुरक्षा, भूमि विवाद, बंदूक लाइसेंस नवीनीकरण, पूर्व सैनिकों को दुकानों का आवंटन, सहकारी समितियां, कृषि भूमि के

**जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई**

मुद्दे, बिजली के खंभों के मुद्दे, जलभराव, नालियों, पैदल पथों का निर्माण, मलबे की सफाई आदि से संबंधित थी। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हयात उल्ला ने किया तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में इटावा के सभी ईएसएम संगठनों के अध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह, सूबेदार मेजर प्रताप भदौरिया, सूबेदार के के त्रिपाठी, सूबेदार मनुआ चौहान, फ्लाइंग ऑफिसर रघुराज सिंह भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने मौके पर ही संबंधित जिला प्रशासन के अधिकारियों को पूर्व सैनिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के निर्देश दिए। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हयात उल्ला ने उपस्थित जिला प्रशासन के अधिकारियों से पूर्व सैनिक समुदाय की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लेने की अपील की। अंत में अध्यक्ष सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने बड़ी संख्या में उपस्थित पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा। बैठक के समापन पर उपस्थित पूर्व सैनिकों ने संतोष व्यक्त किया।

# किसान वैज्ञानिक तरीके से करें खेती, बढ़ेगी आय



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत बेठिगांव के पंचायत भवन में किसानों की वैज्ञानिकों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करके अपनी आय को बढ़ाने के लिए जारूक किया गया। आईआईवीआर वाराणसी के प्रधान वैज्ञानिक डा. सुदर्शन मौर्य ने कार्यशाला में किसानों को सब्जी के विभिन्न प्रजाति के बारें में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि जिन किसानों के पास अपना खेत नहीं हैं, वह किसान भी खेती बारी से जुड़कर लाभ ले सकते हैं। मशरूम की खेती घर से करके किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। वैज्ञानिक डा.केशव गौतम ने कहा कि क्षेत्र के तमाम किसान सब्जी की खेती किए हुए हैं। सब्जी की खेती करने और उसके बाद धान की खेती के दौरान बरती जाने वाले सावधानियों के बारें में जानकारी दी। कहा कि हरी खाद का प्रयोग कर किसान खेती लागत को कम कर सकते हैं। केवीके और कृषि विभाग के अधिकारियों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग आदि विषयों पर चर्चा की। वर्मी कंपोस्ट के बारें में भी किसानों को समझाया गया। इस मौके मौके पर कृषि वैज्ञानिक डा.एमपी सिंह, एडीओ एजी मो.इबराम, नेहा रानी, प्रधान प्रतिनिधि अनूप तिवारी, शिवशंकर चौबे, उपेंद्र मौर्य, पंचायत सहायक शिल्पा तिवारी, पंचायत मित्र उपकेंद्र, अमरनाथ, मदन प्रसाद समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# डॉ. कृष्ण अवतार वाजपेई को हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग ने दिया संस्कृत महा महोपाध्याय सम्मान

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा डॉ. प्रभात शास्त्री जी की 107 वीं जयंती पर हुए अलंकरण समारोह में जनपद इटावा-औरैया के संस्कृत के विद्वान और लेखक डॉ.कृष्ण अवतार वाजपेई को ÷संस्कृत महामहोपाध्याय÷ सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्व विद्यालय वाराणसी के ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष डॉ.गिरिजा शंकर शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रयाग के पूर्व न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने उन्हें यह सम्मान संस्था के संग्रहालय भवन में प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि डॉ.कृष्ण अवतार वाजपेई जनता महाविद्यालय अजीतमल में संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष रह चुके हैं, और अपने सेवाकाल तथा अवकाश के बाद भी उन्होंने सतत रूप से सक्रिय रहकर धर्म, संस्कृति, साहित्य, शिक्षा, कर्मकांड आदि से जुड़े विषयों पर



अनेक पुस्तकें लिखी है, इनमें शैक्षिक विषय से जुड़ी उनकी पुस्तकें हाई स्कूल, इंटरमीडिएट के कोर्स में भी पढ़ाई गई हैं। उन्होंने इटावा जिले में हुए विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में कई बार व्याख्यान दिए हैं तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया है। डॉ.वाजपेई द्वारा लिखी दो दर्जन से ज्यादा पुस्तकें शहर के नए बस स्टैंड के पास स्थित ममता प्रेस में छपी हैं तथा अनेक पुस्तकें आगरा के प्रकाशनों द्वारा छापी गई हैं। ये पुस्तकें ममता प्रेस भवन पर वहां कार्यरत राजेश कुमार वाजपेई द्वारा सुधी पाठकों को पिछले काफी लंबे समय से निश्शुल्क वितरित की जा रही हैं। इस समारोह में डॉ.वाजपेई के अलावा तिरुपति( आंध्र प्रदेश)के आचार्य पं. कम्भम्पाट सांब शिवमूर्ति तथा दमोह ( मध्य प्रदेश)के डॉ.सूर्यनारायण गौतम को भी यही सम्मान दिया गया है। हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के प्रधान मंत्री कुंतक मिश्र ने सभी का आभार जताया। डॉ.कृष्ण अवतार वाजपेई जी को संस्कृत महा महोपाध्याय सम्मान मिलने पर इटावा के उनके स्नेहीजनों में डॉ. विद्याकांत तिवारी, सुरेन्द्र कुमार मित्तल, राजेश वाजपेई, राज किशोर वाजपेई, आचार्य ऋषि नन्दन मिश्रा, राकेश चंद्र पाठक, राजेंद्र कुमार दीक्षित, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, ई. ओ. विनय कुमार मणि त्रिपाठी, अवधेश कुमार तिवारी, डा.ए पी शर्मा, नारायण किशोर वाजपेई, आर पी पांडे, प्रदीप अग्रवाल, गोविंद वाजपेई, सुरेश चंद्र दुबे, ब्रजानन्द शर्मा, अनंत अग्रवाल, हरि प्रकाश शुक्ला, संजीव अग्रवाल( सी ए), बंटी वाजपेई, राम मनोहर दीक्षित, राम कुमार दुबे, सुधीर मिश्र, देवेश शास्त्री, अजय दुबे, सभासद शरद वाजपेई ओ पी भदौरिया एडवोकेट आदि ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सजीव प्रसारण 30 मई को

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 30 मई,2025 को कानपुर आगमन पर जवाहरपुर तापीय परियोजना 2×660 मे.वा., ओबरा-सी तापीय परियोजना 2×660 मे.वा. (इकाई सं.-1), पनकी तापीय परियोजना 1×660 मे.वा. एवं नेयवेली उ.प्र. पावर लिमिटेड (एनयूपीपीएल) घाटमपुर तापीय परियोजना 3×660 मे.वा (इकाई सं.-1) के साथ खुर्जा तापीय परियोजना 2×660 मे.वा की इकाई संख्या-1 का लोकापर्ण किया जाना प्रस्तावित है। लोकापर्ण के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गॉधी मैदान ओबरा तापीय परियोजना में 30 मई,2025 को अपरान्ह 2.00 बजे से किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को आयोजित कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखने देखने के प्रेरित किया है।

# अल्लाह चाहता है कि इंसान मेरी नेमतों का शुक्र अदा करें : मौलाना ज़ैदी

**इमाम हज़रत मो. तक़ी की शहादत पर हुई मजलिस**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नवें इमाम हज़रत मोहम्मद तक़ी अलैहिस्सलाम की शहादत पर मस्जिद पंजतनी घटिया अज़मत अली में मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमे एहलेबैत के चाहने वालों ने भाग लिया। मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने तक़रीर करते हुए कहा नवें इमाम मोहम्मद तक़ी की सबसे कम उम्र 25 साल थी। इमाम की पैदाइश मदीने में सन 195 रजब के महीने में हुई और सन 220 जीकादा में शहादत हुई। नवें इमाम को 8 साल की उम्र में अल्लाह ने इमामत सौपी। जिसको अल्लाह हिदायत के लिए भेजता है उसके तक़वे की बराबरी कोई नही कर सकता। अल्लाह चाहता है कि इंसान मेरी नेमतों का शुक्र अदा करे ताकि उसकी नेमतों में और इजाफा हो। इमाम मो.तक़ी फरमाते हैं जो अल्लाह पर भरोसा करता है तो इंसान उसका मोहताज हो जाता है। इंसान अपनी जवान पर काबू रखें। नवें इमाम मो.तक़ी को जहर देकर शहीद कर दिया गया। तसलीम रज़ा व अली मेहदी ने कलाम पेश किए। मजलिस में अल्हाज कमर अब्बास नकवी करबलाई, राहत अक़ील, सलीम रज़ा, शावेज़ नक़वी, मो. मियां, मो.अब्बास, हसन अब्बास, अयाज हुसैन, तहसीन रज़ा, अली साबिर, दबीरुल हसन, मो.हुसैन राहिल, ज़हूर नक़वी, राजा, सलमान रिज़वी, राशिद हुसैन, अलीशान, तालिब रिज़वी, वली, अर्श आदि ने भाग लिया।

# हमीरपुर में योगी पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा

**दो हत्या के आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद**

**मौदहा में मुठभेड़, हत्या का आरोपी अरमान लाला गिरफ्तार**

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में योगी सरकार के ऑपरेशन लंगड़ा के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग मुठभेड़ों में हत्या और गैंगस्टर मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ों में आरोपी घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस और एक कुल्हाड़ी बरामद की है। हमीरपुर पुलिस ने बुधवार तड़के 3:45 बजे मौदहा कोतवाली क्षेत्र के मदारनपुर मोड़ पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन चेकिंग के दौरान एक मुठभेड़ में हत्या के आरोपी अरमान लाला पुत्र गयासुद्दीन, निवासी ग्राम नारायच, थाना मौदहा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अरमान ने पुलिस को देखकर भागने



की कोशिश की और अवैध तमंचे से फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके बाएं पैर के घुटने में लगी, जिसके बाद उसे घेरकर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक 315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि अरमान के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।बिवांर में पुलिस पर हमले का आरोपी बलिंदर वर्मा गिरफ्तार

दूसरी घटना बिवांर थाना क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस ने हेड कांस्टेबल पर धारदार कुल्हाड़ी से हमला करने और गाली-गलौज के आरोपी बलिंदर वर्मा पुत्र सिद्धगोपाल और उसके साथी सिद्धगोपाल उर्फ सिद्धा वर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर बलिंदर की घेराबंदी की गई। उसने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने ऑपरेशन लंगड़ा के तहत कार्रवाई की। इस दौरान बलिंदर के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक 315 बोर तमंचा और दो खोखा कारतूस बरामद हुए। वहीं, सिद्धगोपाल को एक कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस की कार्रवाई का हिस्सा हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत ये कार्रवाइयां की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। ऑपरेशन लंगड़ा के तहत यूपी पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।यह कार्रवाई योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत पिछले 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 14 मुठभेड़ों में कई अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

# यूपीयूएमएस में फंडस कैमरा विद एंजियोग्राफी मशीन का हुआ शुभारंभ

**नेत्र विभाग में आंख के परदे की सारी जांचें उपलब्ध : कुलपति**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा, सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में फंडस कैमरा विद एंजियोग्राफी मशीन का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉ.पीके जैन ने किया इस मशीन से आंखे के पर्दे की फोटो लेकर पर्दे की बीमारियों का आसानी से पता लगाया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि नेत्र रोगियो के लिए पर्दे की जांच की सभी सुविधाएं अब हमारे संस्थान में है जिससे नेत्र रोगियों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। उन्होंने नेत्र रोग विभागाध्यक्ष से तकनीक रूप से आधुनिक मशीन के संदर्भ में जांच संबंधी जानकारी ले कर मशीन का निरीक्षण भी किया। नेत्र रोग विभागध्यक्ष प्रोफेसर डॉ रवि रंजन ने बताया फंडस कैमरा एंजियोग्राफी एक निदान तकनीक है जो आंख के पीछे की संरचनाओं, विशेष रूप से रेटिना और कोरॉइड की रक्त वाहिकाओं की तस्वीरें लेने के लिए विशेष कैमरों और फ्लोरेसिन डाई का उपयोग करती है। यह रक्त वाहिकाओं में असामान्यताओं जैसे कि रिसाव, रुकावट या नई रक्त वाहिकाओं के गठन का पता लगाने में मदद मिलती है यह मशीन आंख के परदे की बीमारियों के इलाज में बहुत ही कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि नेत्र विभाग में आंख के परदे की जांच हेतु सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं विभाग में फंड्स कैमरा ओसीटी मशीन पर्दे की लेजर की सुविधा भी है उन्होंने बताया कि काला पानी (ग्लूकोमा) की जांच, आंख का प्रेशर काला पानी के लिए पर्दे की जांच, बिना चीरा लेजर द्वारा काला पानी का ऑपरेशन, छोटे बच्चों में होने वाले काला पानी का ऑपरेशन, भेंगापन व मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सारी सुविधाएं बहुत ही कम खर्च में संस्थान में उपलब्ध है। नेत्र रोगी कभी भी कमरा नंबर जी-15 में आकर दिखा सकते हैं। इस अवसर पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह, डॉ संदीप गुप्ता, रेटिना क्लिनिक इंचार्ज डॉ मीनू बब्बर, डॉ बृजेश सिंह, डॉ दीप्ति शुक्ला, डॉ लवली, डॉ नरेंद्र, डॉ राहुल, डॉ शिल्पी उपस्थित रही।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**अवधनामा संवाददाता**



**राठ (हमीरपुर)** विकासखंड कार्यालय राठ में आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन, त्याग और समाज हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।हिंद एंजेल्स स्कूल की प्रबंधक व दुर्गा वाहिनी की जिलाध्यक्ष शिवांगी राजपूत ने कहा कि वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर ने सांसारिक मोह-माया से मुक्त होकर गरीबों, पिछड़ों और उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके कार्य आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं और उनकी जीवनी पढ़कर महिलाएं जोश व साहस से भर उठती हैं।वहीं, विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी ने बताया कि अहिल्याबाई का जन्म एक सामान्य किसान परिवार में हुआ था, लेकिन उनकी प्रतिभा के कारण उनका विवाह राज परिवार में हुआ। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने शासन की बागडोर संभाली और जर्जर मंदिरों व मठों का पुनर्निर्माण करवाया। उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह मानू, मुख्य वक्ता सुधा बुधौलिया, कार्यक्रम संयोजक व राठ ब्लॉक प्रमुख रामदुलारी अनुरागी, सहसंयोजक रामसेवक राजपूत, प्रधान संघ की अध्यक्ष नीता सिंह, रामसिंह दीपू मुंशी, मुकेश गुप्ता, अनुज सक्सेना, महेंद्र गांधी, उदित नारायण त्रिपाठी सहित अनेक महिलाएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।यह आयोजन लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के समाजसेवा और नेतृत्व के आदर्शों को याद करने का एक सार्थक प्रयास रहा।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत कराया जाये पूर्ण**



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया जाये, जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता की स्थिति का पता चल सकें, आवास का निर्माण बेहतर हो सकें, इसके लिए लाभार्थी को भी प्रेरित किया जाये। प्रधानमंत्री आवास के सर्वे में पात्रता की भी जॉच सुनिश्चित किया जाये, जिससे पात्र लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित किया जाये, आवास निर्माण के निरीक्षण रिपोर्ट से भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रसाशन विभाग की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि बाजारों में बिकने वाली खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया जाये और मिलावट जैसी सामग्री का सैम्पलिंग कराया जाये और मिलावट पाये जाने पर सम्बन्धित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मिलावट खोरी की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी, दुकानों से जॉच हेतु लिये नमूना की जॉच रिपोर्ट भी उउपब्ध कराया जाये, सम्बन्धित निरीक्षक क्षेत्र में निरीक्षण करें, सैम्पल की जॉच कराये तथा रिपोर्ट से अवगत करायें। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने डिप्टी आर0एम0ओ0 को निर्देशित किये कि गेंहू क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया किया जाये, गेंहूँ खरीद के समय किसानों को किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, गेंहूँ खरीद में बिचौलियों की शिकायत मिलने पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए गेंहूँ खरीद में बिचौलियों द्वारा गेंहू की खरीद न होने पायें, इस कार्य में सम्बन्धित विभाग पूरी तैयारी के साथ कार्य करें, सम्बन्धित विभाग अपने स्तर पर गहनता पूर्वक गेंहू क्रय केन्दों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें, जिससे बिचौलियों को दूर किया जो सकें, जो भी बिचौलयों पाये जाते हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जायें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यो को पूर्ण किया जाये, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

# धूमधाम से मना रानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** विकास भवन में स्थातिप जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर रागिनी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म शताब्दी दिवस ग्राम विकास विभाग, एन0आर0एल0एम व मनरेगा विभाग के द्वारा धूमधाम से मनाया गया, आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता जी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया, साथ में विशिष्ट अतीत के रूप में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह,ब्लॉक प्रमुख रावटसगंज श्री अजीत सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया की रानी अहिल्याबाई का जन्म दिवस हम लोग एक प्रेरणा के रूप में मनाते हैं, इन्होंने न केवल एक सफल ग्रहणी रही बल्कि इन्होंने रोजगार के क्षेत्र में भी सफल कार्य किया और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। इन्हें प्रथम उद्यमी महिला के रूप में भी जाना जाता है, इन्होंने सबसे पहले अपने हाथ से साड़ी बनाने का कार्य किया और खुद से बनाई हुई साड़ियां पहनती थी जो यह दर्शाता है कि महिला अगर चाहे तो वह सफल उद्यमी हो सकती है समूह की जो महिलाएं हैं, उन्हें भी इनसे प्रेरणा लेकर के सफल उद्यमी बनना चाहिए। इस मौके पर उपायुक्त स्वत रोजगार श्रीमती सरिता सिंह जी ने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर के ऊपर तमाम विपत्तियां एवं समस्याएं आई, कम समय में ही उनके पति का देहांत हो गया इसके पश्चात उनके राज्य को संभालने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई यह एक बेहतर राजनीतिक के रूप में कार्य करते हुए अपने राज्य की प्रजा का पालन पोषण करती रही एवं महिलाओं के लिए एक उदाहरण भी बना करके उभरी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता जी ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन्होंने अपने राज्य के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी मंदिरों की स्थापना की इनके द्वारा सत्संग स्थलों की स्थापना कराई गई और साथ ही महिलाओं के विकास के लिए इन्होंने एक उदाहरण के रूप में कार्य किया जब हमारे देश पर मुस्लिम शासको का शासन था, उसे शासन काल में भी इन्होंने मंदिरों का निर्माण कराया।

# एनटीपीसी सिंगरौली ने संविदाकार कर्मचारियों को दिया सुरक्षा प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के सुरक्षा विभाग द्वारा दिनांक 28 मई 2025 को आगामी स्टेज 3 (2×800 मेगावाट यूनिट) के निर्माण कार्य में संलग्न संविदा कर्मचारियों के लिए मास पेप टॉक सेफ्टी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना तथा कर्मचारियों को संभावित खतरों से बचाव के उपायों की जानकारी देना था, जिससे निर्माण कार्य को सुरक्षित और कुशल तरीके से संपन्न किया जा सके। इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व सुलिंडा स्कारिया, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा विभाग) ने किया। उन्होंने उपस्थित कुल 300 संविदा कर्मचारियों को प्लांट में कार्य के दौरान अपनाए जाने वाली सावधानियों, आपातकालीन स्थितियों में बरतने वाले कदमों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के सही



उपयोग के बारे में विस्तार से बताया तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों के पालन को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन करने वाले कुछ चयनित संविदा कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया, जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिल सके। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के नवनीत कुमार देवांगन, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा विभाग), दीपक कुमार सोनकर, अपर महाप्रबंधक (एफजीडी), संजीब पाल, अपर महाप्रबंधक (सिविल कंस्ट्रक्शन) तथा बीएचईएल के साइट इंचार्ज सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का निरन्तर विकास जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र**

**हमीरपुर।** बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश लखनऊ के चेयरमैन डॉ मोहम्मद हाशिम इदरीसी जी ने बताया कि प्रदेश में लगभग 100 वर्ष से अधिक समय से इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रैक्टिस की जा रही है जिससे प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होने के साथ साथ सम्बन्धित चिकित्सक स्वरोजगार कर अपना जीवकापार्जन भी कर रहे हैं। सरकार द्वारा समय समय पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास एवं विस्तार हेतु सहयोग प्राप्त होता रहा है। इस सम्बन्ध में प्रदेश शासन ने अपने अर्धशासकीय पत्र संख्या 1595 B/V ×103/1948 दिनांक 27 मार्च, 1953 भी जारी किया है। जो संलग्न है।भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी सहित अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति की प्रभावकारिता की जांच हेतु दिनांक 28 फरवरी, 2017 को एक आदेश जारी किया है। जो संलग्न है।आपको यह भी अवगत कराना है कि राजस्थान सरकार ने भी सन् 2018 में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता हेतु एक विधेयक पारित किया है इस विधेयक के प्राविधानानुसार 30 अप्रैल, 2025 को अधिसूचना जारी कर बोर्ड का गठन भी कर दिया है जो दिनांक 01 मई, 2025 से प्रभावी भी हो गया है। राजस्थान सरकार की इस कार्यवाही का देश के अनेक राज्यों ने स्वागत किया तथा उनके लिए अग्रिम कार्यवाही हेतु मार्ग प्रशस्त भी हुआ है। आपके मन्त्रिमण्डल के मत्स्य विकास मंत्री डा0 संजय निषाद जी द्वारा अपने सरकारी आवास पर एक प्रेस वार्ता में बताया गया है कि इस सम्बन्ध में उनके द्वारा आपसे, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व आयुष मंत्री डा0 दया शंकर मिश्र ÷दयालु ÷से चर्चा भी हुई है।अतः आपसे प्रार्थना है कि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को राज्य सरकार द्वारा मिल रहे सहयोग व समर्थन तथा राजस्थान सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को शासकीय संरक्षण प्रदान करने का कष्ट करें। यदि उचित समझे तो बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 को स्वायत्तशाषी शासकीय दर्जा प्रदान करने का कष्ट करें।बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 का नियन्त्रण एक प्रबन्ध कमेटी द्वारा किया जाता है जिसमें 4 सदस्य मनोनयन द्वारा, तीन सदस्य चिकित्सकों से तथा दो सदस्य शिक्षकों से निर्वाचित किये जाते हैं।बोर्ड ने अभी 24 अप्रैल, 2025 को अपना स्वर्ण जयन्ती समारोह भी मनाया है इस अवसर पर एक स्मृतिका का प्रकाशन भी किया है जो आपको अवलोकनार्थ प्रेषित है।

अवधनामा
लखनऊ, शुक्रवार, 30 मई, 2025



# विकास और विरासत के अभियान को आगे बढ़ाता है सुरक्षा का भावः योगी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म के लिए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए कार्य हम सबके लिए एक नई प्रेरणा है। यही प्रेरणा हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि सुशासन की आधारशिला विरासत बनेगी। साथ ही सुशासन की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए निष्पक्ष न्याय की कसौटी पर खड़ा उतरते हुए सबको सुरक्षा प्रदान करने की वचनबद्धता को आगे बढ़ाना पड़ेगा। सबके मन में सुरक्षा का भाव ही विकास और विरासत के अभियान को आगे बढ़ाता है।

सीएम योगी ने गुरुवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित %पुण्यश्लोक% पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब हम भारत की बात करते हैं तो जैसे हमारे यहां पर्व और त्योहारों की लंबी श्रृंखला है, ऐसे ही महापुरुषों की भी लंबी श्रृंखला



■ बोले सीएम- लोकमाता ने सनातन धर्म की नींव को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया था
■ उत्तर प्रदेश में संचालित एक जिला एक उत्पाद योजना लोकमाता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: योगी
■ सत्ता लोलुप लोगों ने इतिहास पन्नों से महाराज सुहेलदेव के योगदान को गायब कर दिया था

हमें देखने को मिलती है, जिनका प्रेरणादायी व्यक्तित्व एवं कृतित्व समाज को एक नई संजीवनी प्रदान करता है। सीएम योगी ने कहा कि गार्गी और मैत्री जैसी विदुषी नारियों का स्मरण हर भारतीय करता है। उसी श्रृंखला में आज से तीन सौ वर्ष पूर्व महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव में एक बालिका जन्म लेती है, जो मालवा के होल्कर साम्राज्य की साम्राज्ञी बनती है, लेकिन वह अपनी अखिल भारतीय दृष्टि से भारत के विरासत को ऐसी आधारशिला रख देती हैं, जो नए भारत के निर्माण में अपना योगदान कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत और विकास का अभियान वही अभियान है, जिसकी आधारशिला लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने रखी थी। उस समय के भारत की तुलना में उनका साम्राज्य काफी छोटा था। लेकिन साम्राज्य की सीमाओं के बाहर जाकर उन्होंने आक्रांताओं के द्वारा तोड़े गए मंदिरों की पुनर्स्थापना करके सनातन धर्म की नींव को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमारा यह सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोकमाता के त्रिशताब्दी जन्म महोत्सव से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उनके द्वारा विरासत के साथ विकास एवं लोककल्याण के कार्यों को करीब जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है।सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संचालित एक जिला एक उत्पाद योजना लोकमाता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि को व्यक्त करता है। क्योंकि इसके माध्यम से हमारी सरकार परम्परागत हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को नया जीवन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने महारानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना उदा देवी, वीरांगना झलकारीबाई और वीरांगना अवंतीबाई के नाम पर पीएसी की नई बटालियन का गठन किया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में यूपी की बालिकाओं के लिए 20 फीसदी अनिवार्य आरक्षण की व्यवस्था करना उसी अभियान का हिस्सा है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने आधी आबादी के लिए शुरू किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले विदेशी आक्रांता सलार मसूद गाजी के हमलों से देश की रक्षा करने वाले महाराज सुहेलदेव को भारत के समाज ने एक प्रकार से विस्मृत कर दिया था। सलार मसूद मोहम्मद गजनवी का भांजा था, जिसने सोमनाथ मंदिर को कई बार लूटा और तोड़ा था। श्रीराम जन्मभूमि पर पहला हमला सलार मसूद ने ही किया था। उन्होंने कहा कि 1033 ईस्वी में मंदिरों को तोड़ने के उद्देश्य एक बार फिर जब सलार मसूद भारत आया तो महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में उसकी ऐसी दुर्गति की गई कि अगले 150 वर्षों तक कोई विदेशी आक्रांता भारत आने की हिम्मत नहीं कर पाया।

# 31-मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2025 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यशाला

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। राज्य तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं उत्तर प्रदेश वालेन्टरी हेल्थ एसोसिएशन, लखनऊ द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये उत्तर प्रदेश डॉ कविता आर्या द्वारा की गयी। कार्यक्रम में डॉ रमाशंकर यादव GM, NCD राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन , एमश पी0 सिंह पुलिस अधीक्षक (अपराध), डॉ मुकेश मातनहेलिया, राज्य नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश , डॉ अमित यादव, उप निदेशक वाइटल स्टेटजीज नई दिल्ली, डॉ अंकित कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर KGMU लखनऊ, डॉ विनय गुप्ता हेड ऑफ डिपोर्टमेंट पब्लिक हेल्थ डिपोर्टमेंट KGMU लखनऊ, डॉ अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, राज्य नोडल अधिकारी मानसिक स्वस्थ्य, उत्तर



प्रदेश, चंद्र किशोर एडिसनल कमिश्नर FSDA, लखनऊ, सतीश त्रिपाठी, राज्य सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम लखनऊ, शिक्षा विभाग के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि,एवं विभिन्न एसोसिएशसन के लोग उपस्थित रहें।

कार्यक्रम की शुरुआत राज्य नोडल अधिकारी डॉ मुकेश मातनहेलिया के द्वारा आज के इस कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने वताया कि 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाने का मुख्य उद्देश लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए याद दिलाने और जो लोग इस कि लत में है। उन्हें इसके सेवन से होने वाले गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक कर इलाज के लिए प्रेरित करना। उन्होंने कहा कि तम्बाकू पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य लिए बेहद हानिकारक होता है। उन्होने बताया कि तम्बाकू के चलते होने वाले दुष्परिणाम के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है।डॉ कविता आर्या निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश द्वारा तंबाकू के नुकसान एवं इससे होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक कराने के लिए सभी स्टेकहोल्डर विभागों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ रामशंकर यादव द्वारा समस्त विभागों के समन्वय से जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है उन्होंने बताया कि तम्बाकू, बीड़ी और सिगरेट के सेवन से टीबी, कैंसर सहित तमाम बीमारियाँ शरीर को जकड़ लेती हैं।

# आइएमएचआरसी और शिया पीजी कॉलेज ने की तीन नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इंडियन मेन्टल हेल्थ एंड रिसर्च सेंटर (IMHRC) और शिया पी.जी. कॉलेज, लखनऊ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुरूप तीन नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। ये पाठ्यक्रम कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी, साइको-ऑन्कोलॉजी, और एप्लाइड बिहेवियर एनालिसिस छात्रों की रोजगार योग्यता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके विकास को सशक्त करने के लिए तैयार किए गए हैं। NEP 2020 के बहु-विषयक एवं कौशल-आधारित दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, ये पाठ्यक्रम शैक्षणिक सिद्धांतों और व्यावसायिक अनुभव को जोड़ते हैं।



ऑनलाइन व्याख्यानों, क्लीनिकल अवलोकनों और फील्ड प्रैक्टिकम के माध्यम से छात्र अनुभवी मनोचिकित्सक, ऑन्कोलॉजिस्ट, विशेष शिक्षा विशेषज्ञ और पुनर्वास विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सीखेंगे। प्रो. एस.एस.आर. बाक़री, प्राचार्य, शिया पी. जी. कॉलेज कहते हैं, ये पाठ्यक्रम NEP 2020 की व्यावहारिक और बहु-विषयक शिक्षा के हमारे दृष्टिकोण को साकार करते हैं। हम छात्रों को ऐसे कौशल सिखाते हैं, जिन्हें वे सीधे करियर में लागू कर सकें। डॉ. साजिद काजमी, निदेशक, IMHRC ने समाज में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया। मौलाना डॉ. वसूब अब्बास, सचिव, मजलिस-ए-उलमा, शिया पी.जी. कॉलेज कहते हैं, इन पाठ्यक्रमों से युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा और वे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के नए अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

# यूपी सरकार और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

अवधनामा ब्यूरो

■ टीचर्स-स्टूडेंट्स को मिलेगा रिसर्च का मौका

लखनऊ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गुरुवार को राज्य सरकार और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों एवं अध्यापनरत शिक्षकों के लिए शोध-अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊँचाई देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा को केवल डिग्री अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की धुरी मानती है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी राज्य के शिक्षा तंत्र में गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण का समावेश करेगी और युवाओं को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने इस एमओयू को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बहुआयामी अधिगम, कौशल विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को गति देगा। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ प्रदेश की पूर्व सहभागिता का उल्लेख करते हुए कहा कि अब मोनाश यूनिवर्सिटी के साथ यह गठबंधन शिक्षा के वैश्विक मानकों की ओर एक और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग का केंद्र गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय होगा, जो इस साझेदारी को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति को इस उत्तरदायित्व का सफल निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने



भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे वैदिक ऋषियों ने ÷आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः÷ का आह्वान किया था, अर्थात विश्व के सभी दिशाओं से शुभ विचार हमारे पास आएं। यह एमओयू उसी भावना की आधुनिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को 'ज्ञान की राजधानी' बनाने की दिशा में सरकार संकल्पित है और इस प्रकार की साझेदारियां राज्य को वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाएँगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एमओयू के विभिन्न पहलुओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि यह सहयोग उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंचों से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा। 1958 में स्थापित मोनाश यूनिवर्सिटी में वर्तमान में 84,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। यह विश्व की अग्रणी अनुसंधान आधारित संस्थाओं में से एक है। विश्वविद्यालय के कुलपति, जो हिंदी भाषा में निपुण हैं और जिन्होंने बिजनौर (उत्तर प्रदेश) में अपने पूर्व प्रवास के दौरान गहन सामाजिक-सांस्कृतिक समझ विकसित की है, ने मुख्यमंत्री से संवाद में कहा कि यह समझौता भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों को एक नए शैक्षणिक और सांस्कृतिक आयाम पर ले जाएगा। उन्होंने इसे केवल एक औपचारिक संधि नहीं, बल्कि दो लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्रों के बीच बौद्धिक संवाद का नया अध्याय बताया। इस समझौते को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर और वर्तमान में मोनाश यूनिवर्सिटी से संबद्ध प्रो. मनीषा ने बताया कि मोनाश में प्रतिवर्ष लगभग 30,000 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनमें अफगानिस्तान और म्यांमार जैसे युद्धग्रस्त देशों के शिक्षक भी शामिल हैं।

# संजय हत्याकांड : बहन को परेशान करने पर दोस्तों ने की थी हत्या

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बहन को परेशान करते आ रहे दोस्त से रंजिश इस कदर हुई कि उसे रास्ते से हटाने का फैसला ले लिया। नहर में नहाने के दौरान दो दोस्तों ने पत्थर मार पहले हत्या की फिर शव वहीं नहर में छोड़ दिया। बाइक पुल के पास खड़ी कर दी। पुलिस की जांच में हत्यारोपी निकले दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।बताते चलें कि कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम चमरही निवासी कमलेश ने थाना कुर्सी पुलिस को बताया कि 18 मई की सुबह बेटा संजय (19) अपनी बाइक से बिना बताये घर से कहीं चला गया। इस सूचना पर थाना कुर्सी पर गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने साक्ष्य संकलन कर घटना के अतिशीघ्र अनावरण किये जाने के निर्देश दिये गये थे। इस क्रम में थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर घटना का



अनावरण करते हुए धाराएं बदल दीं व हत्या के आरोपी लालजी निवासी चमरही व मुस्तफा निवासी बाड़ा कस्बा व थाना कुर्सी को नहर कोठी मदारपुर चौराहा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ से पता चला कि संजय लालजी के चाचा की बेटी को परेशान करता था। इसी बात की रंजिश को लेकर अभियुक्त लालजी व उसके दोस्त मुस्तफा ने 19 मई को लखनऊ थाना बीबीडी क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नहर में नहाने के दौरान संजय को पत्थर से मारकर हत्या कर दी। शक न होने पाए इसके लिए मृतक के शव को नहर में फेंक दिया तथा मोटरसाइकिल को मित्तई पुल के पास खड़ी कर दी।

# यूपी में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से

■ किसानों के खेतों तक जाएंगे 12 हजार वैज्ञानिक

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के किसानों के खेतों तक 12 हजार वैज्ञानिक जाएंगे और उन्हें उपज बढ़ाने की जानकारी साझा करेंगे। इसको लेकर 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 शुरू होगा। लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसकी शुरुआत करेंगे। राज्य के सभी 8135 न्याय पंचायतों में यह कार्यक्रम होगा। मेरठ व झांसी में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इसको लेकर राज्य व जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तय किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में यह जानकारी दी।

कृषि मंत्री ने बताया कि खरीफ अभियान को लेकर भारत सरकार विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 चलाएगी। इसके तहत 29 मई से लेकर 12 जून तक 15



**मेरठ व झांसी में होंगे केंद्रीय कृषि मंत्री, 8135 न्याय पंचायतों में कार्यक्रम**

कृषि मंत्री ने बताया कि दो दिन (मेरठ व झांसी) में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर संबंधित मंत्रियों-प्रमुख सचिव के साथ बैठक करके तैयारी पूरी कर ली गई है। यह कार्यक्रम राज्य के सभी 8135 न्याय पंचायतों में होगा। राज्य स्तर व जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम होंगे। राज्य स्तर पर एडिशनल डायरेक्टर (एक्सटेंशन) व जिला स्तर पर उपनिदेशक नोडल अधिकारी होंगे। पत्रकारवार्ता में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव रवींद्र, कृषि निदेशक जितेंद्र सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

दिवसीय कार्यक्रम होगा। अभियान सभी 75 जिलों में चलेगा। इसके लिए 225 टीमें बनाई गई हैं, जो 675 स्थानों पर जाकर तीन सत्र में किसानों से संवाद करेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि हर स्थान पर तीन घंटे का कार्यक्रम होगा। इसमें कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, मधुमक्खी पालन व सिंचाई आदि के अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे। 15 दिन में यह टीम 10,125 स्थलों पर जाकर किसानों से संवाद करेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए संबंधित मंत्रियों-प्रमुख सचिवों के साथ बैठक कर तैयारी पूरी कर ली गई है। राज्य स्तर व जिला स्तर पर कंट्रोल रूम होंगे। राज्य स्तर पर एडिशनल डायरेक्टर (एक्सटेंशन) व जिला स्तर पर उपनिदेशक नोडल अधिकारी होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव रवींद्र, कृषि निदेशक जितेंद्र सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

भारत सरकार खरीफ अभियान को लेकर विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 चलाने जा रही है। इसके तहत 29 मई से लेकर 12 जून तक 15 दिवसीय कार्यक्रम होगा। इस दौरान 12 हजार वैज्ञानिक किसानों के खेतों तक जाएंगे। उत्तर प्रदेश में इस अभियान की लॉन्चिंग गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन सभागार में करेंगे। यह अभियान सभी 75 जिलों में चलेगा। इसके लिए 225 टीमें बनाई गई हैं, जो 675 स्थानों पर जाकर तीन सत्र में किसानों से संवाद करेगी।

# लखनऊ के दशहरी आमों की होगी वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त कक्ष कार्यालय में आम निर्यात कोर समिति की बैठक हुई। बैठक में आम उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। दशहरी आम के प्रचार प्रसार के लिए शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों, होटलों, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, रोडवेज और व्यावसायिक स्थानों पर निःशुल्क कैनोपी के माध्यम से सेल काउंटर लगाकर कृषि उत्पादक संगठनों को सशक्त करने पर जोर दिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि दशहरी आम को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के लिए ब्रांडिंग प्रमोशन और निर्यात के लिए एयरपोर्ट पर सुविधाएं उपलब्ध कराने और एडवांस में एयर स्पेस बुक करने में आम को प्राथमिकता दी जाय। आम के प्रमुख निर्यातकों को लीडिंग एफपीओ और उत्पादकों के



बीच टाई अप कराने के निर्देश दिए गए। हॉर्टिकल्चर फेडरेशन को निर्देशित किया गया कि प्रदेश के बाहर कम से कम 4 बड़े शहरों में किसानों से टाई अप कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दशहरी आम के विक्रय की व्यवस्था बनाई जाए, जिससे दशहरी आम को देश के सभी भागों में पहचान दिलाई जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, उपनिदेशक मंडी परिषद रामजी मिश्रा, उपनिदेशक उद्यान डा. डीके वर्मा और संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. डीवी सिंह के साथ व्यावसायिक संस्थान लुलु माल, ब्लिंकिट, होटलियर एसोसिएशन, पर्यटन, रेलवे के प्रतिनिधि अधिकारी, निर्यातक, कृषक उत्पादक संगठनों के प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया।

# सेना पर टिप्पणी के मामले में राहुल को नहीं मिली राहत



लखनऊ। सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी के विरुद्ध लखनऊ की एक स्थानीय अदालत में परिवाद दाखिल करते हुए आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। उक्त परिवाद पर स्थानीय अदालत द्वारा उन्हें बतौर अभियुक्त समन किया गया है। समन किए जाने के इस आदेश के विरुद्ध राहुल गांधी ने याचिका दाखिल की थी। गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि विस्तृत आदेश सोमवार को जारी किया जाएगा।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार देगी 10 लाख



अवधनामा ब्यूरो

■ कम चर्चित स्थलों के लिए शोध को देगी बढ़ावा

लखनऊ। राज्य में कम चर्चित पर्यटन स्थल, जहां पर्यटन की पूरी संभावनाएं हैं, उन स्थलों का राज्य सरकार विकास कराएगी। ऐसे स्थलों पर पर्यटकों के लिए आकर्षण और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने कम चर्चित स्थलों पर शोध कार्य करने के लिए अधिकतम 10 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है।यह जानकारी बुधवार को पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि शोध कार्य के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता पहले आओ-पहले पाओ की नीति पर आधारित होगी। इस वर्ष पांच संस्थाओं को शोध के लिए आर्थिक सहायता दी जायेगी। आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए इच्छुक संस्थाओं को पर्यटन विभाग के पोर्टल https://up-tourismportal.in/ पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए 30 जून, 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

# पशु रोग अनुसंधान हेतु 04 करोड़ 75 लाख स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें के लिए पशु रोग अनुसन्धान तथा निदान एवं सेवाओं के विस्तार हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 04 करोड़ 75 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस योजनान्तंगत पशुपालकों के पशुओं की चिकित्सा व आवश्यक सुविधाएं हेतु कार्य किये जाते हैं। योजना का उद्देश्य पशु चिकित्सालय स्तर पर पशुचिकित्सा सेवाओं हेतु औषधि एवं उपकरण की व्यवस्था करना है। इससे जहां दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो रही है वहीं पशुपालको के पशु सम्पदा की रक्षा कर आर्थिक हानि से बचाव भी सुनिश्चित हो रहा है। पशुधन विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश जारी करते हुए योजना के उचित क्रियान्वयन हेतु निदेशक, रोग नियंत्रण एव प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गयें हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण व व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाये।

# टीबी रोगियों की पहचान और इलाज में यूपी नंबर वनः ब्रजेश पाठक

■ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई वर्चुअल बैठक में उप मुख्यमंत्री ने दी जानकारी
■ कहा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार कर रहा तरक्की



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में टीबी रोगियों की पहचान और उनके इलाज में यूपी नंबर वन पर है। टीबी की जांचें सात गुना बढ़ी हैं। टीबी रोगियों को चिन्हित करने के साथ ही उन्हें समय पर उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है। निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत सहायता राशि सीधे रोगियों के बैंक खातों में उपलब्ध कराई गई है। यह जानकारी गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक में दी। प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन व पीएम-अभीम योजनाओं में सहयोग मांगा गया। साथ ही प्रदेश के प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति साझा की। बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-अभीम) और मीजिल्स रूबेला (एम.आर.) उन्मूलन कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी कि प्रदेश में टीबी रोगियों की जांच पहले के मुकाबले सात गुना हो गई है। टीबी प्रयोगशालाओं का विस्तार भी हुआ है। सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान सभी 75 जनपदों में लागू कर दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के खाते में सीधे भुगतान किया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला इसी माह संपन्न कराई गई है। उन्होंने बताया कि 251.40 करोड़ रुपए सीधे मरीजों के बैंक खातों में भेजे गए।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए 4892.53 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश में 100 बेड, 50 बेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक के कुल 74 निर्माण कार्य, इंटीग्रेटिड पब्लिक हेल्थ लैब के 75 निर्माण कार्य, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के 515 एवं 1670 स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

# 06 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों हेतु 480.72 लाख स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश के 05 जनपदों में 06 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 04 करोड़ 80 लाख 72 हजार रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से बाराबंकी के सनौली, प्रतापगढ़ के ढिंगोसी, चित्रकूट के ऊँचीडीह, मीरजापुर के परसिया शहर एवं देवरी कला तथा रायबरेली के डलमऊ में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80.12 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है।

इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है स्वीकृत की जा रही धनराषि निदेषक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग द्वारा आहरित कर सीधे संबंधित कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जाएगी। स्वीकृत की रही धनराशि से वृहद् गो-संरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराने एवं केन्द्र के अग्रतर संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित जिलाधिकारी की होगी।